# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 13 मार्च 2025 गुरुवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 290 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1921 :** मंगोलिया ने चीन से स्वतंत्रता हासिल की।

**1940 :** भारतीय क्रांतिकारी ऊधम सिंह ने अंग्रेजों से जलियांवाला बाग का बदला लेने के लिए जनरल डायर पर गोलियां चलाई।

**1964 :** तुर्की ने साइप्रस के खिलाफ हमले की धमकी दी।

**1997 :** इंडियन मिशनरीज ऑफ चैरिटी में मदर टेरेसा द्वारा नेता के रूप में सिस्टर निर्मला का चुना गया।

**2003 :** इराक पर ब्रिटेन ने 2003 में रखे प्रस्तावों को फ्रांस ने नामंजूर किया।

# सिपाही बहाली में अब नहीं लगानी होगी 10 किलोमीटर की दौड़

## हेमंत कैबिनेट ने 31 प्रस्तावों को दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मेडिकल कॉलेजों से पढ़ाई कर तीन साल तक सरकारी सेवा में नहीं रहने वाले डॉक्टरों को आर्थिक क्षतिपूर्ति देनी होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में पूर्व के फैसले में संशोधन करते हुए सरकार ने पहले साल में सरकारी सेवा छोड़ने वाले डॉक्टरों के लिए 30 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति को बरकरार रखा है, लेकिन दूसरे साल में छोड़ने वाले ऐसे डॉक्टरों को शेष तीन साल की सेवा तक 1.25 लाख रुपये प्रतिमाह देना होगा। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में कुल 31 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, जिसमें झारखंड मालकर एवं सेवा अधिनियम विधेयक 2025 को कैबिनेट विधानसभा के चालू सत्र में पेश करने की मंजूरी दी गई है। राज्य सरकार ने कैबिनेट की बैठक में खान एवं भूतत्व विभाग के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर निर्णय लेते हुए राज्य की




कंपनियों द्वारा पावर रेगुलेटेड सेक्टर को दिए जाने वाले कोयले पर स्वामित्व रॉयल्टी की वसूली की तरह ही अन्य गैर पावर रेगुलेटेड सेक्टर को दिए जाने वाले कोयले पर रॉयल्टी वसूलने का निर्णय लिया। गौरतलब है कि 80 फीसदी कोयले की आपूर्ति पावर रेगुलेटेड कंपनी को की जाती है। जिस पर 14% जीएसटी लगता है। कैबिनेट की बैठक में पुलिस भर्ती की शारीरिक दक्षता में बदलाव करते हुए नए नियम बनाने को लेकर पुलिस कक्षपाल, सिपाही, गृह रक्षा वाहिनी उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली 2025 बनाने की मंजूरी दी गई। इसके तहत पुरुष अभ्यर्थियों के लिए छह मिनट में 1600 मीटर और महिलाओं के लिए 10 मिनट में 1600 मीटर की दौड़ तय की गई है। पहले पुरुषों के लिए 10 किलोमीटर की दौड़ तय थी, जो अभ्यर्थियों के बीमार पड़ने के कारण काफी विवादों में रही थी। इसके अलावा कैबिनेट ने मार्च 2025 तक सभी जिलों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य बढ़ा दिया है। एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर फैसला लेते हुए कैबिनेट ने ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की 9 फीट की कांस्य आदमकद प्रतिमा लगाने का फैसला लिया है। इस पर 25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रदेश में आंधी तूफान और लू से जान-माल की हानि की आशंका को देखते हुए आंधी तूफान और ग्रीष्म लहर को राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा के अंतर्गत आपदा घोषित करने की स्वीकृति दी गई है।

# बगैर वैध पासपोर्ट घुसने पर होगी पांच साल की जेल

- **लोकसभ में इमिग्रेशन बिल पेश**
- **जो विदेशी भरत के लिए खतरा उसे नहीं मिलेगी एंट्री**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत आने वाले विदेशी नागरिकों की आवाजाही प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाने के लिए केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में इमिग्रेशन और विदेशी विधेयक-2025 पेश किया। इस बिल के मुताबिक यदि कोई गैर कानूनी तरीके से किसी विदेशी को देश में लाता, ठहराता या बसाता है, तो उसे 3 साल जेल या 2 से 5 लाख रुपए का जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है। भारत में आने के लिए किसी भी विदेशी के पास 'वैध पासपोर्ट और वीजा' होना अनिवार्य होगा। विपक्ष ने लोकसभा में इस बिल का विरोध किया। यदि कोई शिक्षण या मेडिकल संस्थान, अस्पताल या निजी आवास के मालिक किसी विदेशी नागरिक को रखते हैं तो उन्हें पहले इसकी सूचना सरकार को देनी होगी। कोई भी विदेशी किसी भी संस्थान में दाखिला लेता है तो उसे एक फॉर्मेट में अपनी जानकारी भरकर पंजीकरण अधिकारी को देनी होगी। इस कानून का मकसद राष्ट्रीय सुरक्षा तय करना है। साथ ही भारत में आने-जाने और रहने से जुड़े नियमों को सख्त बनाना है। इसके तहत अगर सरकार को किसी विदेशी नागरिक से खतरा महसूस होता है, तो सरकार उस विदेशी नागरिक को भारत आने से रोक सकती है। लोकसभा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बिल पेश करते हुए कहा, 'देश की उन्नति, प्रभुता और शांति सरकार की जिम्मेदारी है। ये बिल हम किसी को रोकने के लिए नहीं ला रहे हैं, ज्यादा से ज्यादा लोग यहां पर आएं, लेकिन हमारे देश का जो कानून है उसका पालन जरूर करें।' इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अगर कोई शख्स बिना परमिट के भारत में घुसता है, अवैध रूप से ज्यादा समय तक ठहरता है या जाली दस्तावेज इस्तेमाल करता है, तो उसे सख्त सजा मिलेगी। जो भी विदेशी भारत आएंगे, उन्हें अराइवल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। इसके अलावा, नाम बदलने, एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने और संरक्षित इलाकों में घूमने पर भी पाबंदियां लगाई जाएंगी। इस कानून के मुताबिक विदेशी नागरिकों को भारत में प्रवेश और रहने से जुड़े नियमों का पालन करना होगा। अगर कोई नियम तोड़ता है, तो उसे कड़ी सजा हो सकती है। बिना सही पासपोर्ट और दस्तावेजों के भारत में घुसने पर 5 साल तक की जेल और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लग सकता है। जाली पासपोर्ट या वीजा का इस्तेमाल करने पर 7 साल तक की कैद और 1 से 10 लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। वीजा खत्म होने के बाद भी रुकने या प्रतिबंधित इलाकों में जाने पर 3 साल की जेल और 3 लाख तक का जुर्माना लग सकता है। बता दें कि भारत फिजिकल और ई-वीजा दोनों जारी करता है। जापान, दक्षिण कोरिया और यूएई के नागरिकों को वीजा-ऑन-अराइवल की सुविधा मिलती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 के बीच 98.40 लाख से ज्यादा विदेशी टूरिस्ट भारत आए। इमिग्रेशन और फॉरेनर्स बिल 2025 को लेकर विपक्षी दलों ने विरोध किया। तृणमूल सांसद सौगत रॉय ने कहा कि बिल बाहर से आने वाली प्रतिभाओं का प्रवाह रोक सकता है। जवाब में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बिल भारत आने से रोकने के लिए नहीं, बल्कि जो आएं, वो भारत के कानून का पालन करें, इसके लिए है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने इसे असंवैधानिक बताया। उनका कहना है कि यह कानून सरकार की विचारधारा से असहमत लोगों को भारत में प्रवेश से रोकने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

# न्यूयॉर्क में प्रारंभ हुए यूएनसीएसडब्ल्यू के 69वें सत्र में भारत ने की भागीदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में भारत सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने महिलाओं की स्थिति पर आयोग के 69वें सत्र में भाग लिया। इस सत्र का शुभारंभ 10 मार्च 2025 को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुआ। अन्नपूर्णा देवी ने कल अमेरिका के न्यूयॉर्क में मंत्रिस्तरीय फोरम में भारत की ओर से अपना राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। उन्होंने लैंगिक समानता पर भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए परिवर्तनकारी 'संपूर्ण-सरकार' और 'संपूर्ण-समाज दृष्टिकोण' के साथ उनसे जुड़ी चिंता के 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों को संबोधित किया है। उन्होंने प्रमुख योजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभावों का भी उल्लेख किया, जिन्होंने महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा आर्थिक अवसरों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। केंद्रीय मंत्री ने भारत सरकार की निरंतर रूप से जारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में लैंगिक समानता और महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिकता वाले विषय-सतत विकास




लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान देने के उद्देश्य से बीजिंग प्लेटफॉर्म फॉर एक्शन के कार्यान्वयन के लिए पुनः प्रतिबद्धता, संसाधन उपलब्ध कराना और इसमें तेजी लाने पर चर्चा की गई। मजबूत कार्यान्वयन और पहुंच की आवश्यकता पर बल देते हुए मंत्री ने यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार के संकल्प को दोहराया कि प्रत्येक महिला और लड़की को उनके अधिकारों तक पहुंच सुनिश्चित हो। मंत्री ने कहा कि महिलाओं और बच्चों का कल्याण हमारे देश की प्रगति का मूल है। बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से, हम एक ऐसे भविष्य की दिशा में कार्य कर रहे हैं जहां हर महिला सशक्त हो और हर बच्चे का पालन-पोषण सुरक्षित और सहायक वातावरण में हो। इस सत्र में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों, अंतर-सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्र, हितधारकों, शिक्षाविदों, नागरिक समाज, महिला समूहों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों की व्यापक स्तर पर भागीदारी रही। सीएसडब्ल्यू के 69वें सत्र में उन्होंने लैंगिक समानता और सामाजिक कल्याण पर सहयोग को मजबूत करने के लिए मेलरोज कार्मिंटी (सिएरा लियोन), सोडिक एस सफोएव (उजबेकिस्तान), डॉ. विंध्या पर्साड (गुयाना) और एंटोनिया ओरेलाना ग्वारेलो (चिली) सहित प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लिया। सीएसडब्ल्यू एक प्रमुख वैश्विक अंतर-सरकारी निकाय है और यह लैंगिक समानता, अधिकारों और महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से समर्पित है। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के कार्यात्मक आयोग के एक सत्र का आयोजन 10 से 21 मार्च, 2025 तक किया जा रहा है।

# सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार : उपायुक्त

## शहरी क्षेत्र में पेयजलापूर्ति एवं सफाई की रहेगी मुकम्मल व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से पलामू वासियों से आगामी त्यौहार को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी। त्यौहारों के मद्देनजर सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री पर भी प्रशासन की पैनी नजर है। सोशल मीडिया पर अहफवाह फैलाने



वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। त्यौहार के मद्देनजर जिला मुख्यालय से लेकर अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारियों एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी प्रतिनियुक्ति कर विधि-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। प्रत्येक प्रखंड के प्रखंड विकास दाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी को विशेष सतर्कता बरतने का निदेश दिया गया गया है। संबंधितों को कर्तव्यों का पालन प्रभावपूर्ण ढंग से करने हेतु निदेशित किया गया है। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने एवं विशेष परिस्थिति में प्रतिनियुक्ति स्थल पर दंडाधिकारी की अनुपस्थिति में अपने स्तर से उस स्थान पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया गया है। इसके अलावा जिला एवं अनुमंडल स्तर पर सुरक्षित दंडाधिकारी रखे गये हैं। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निदेश दिया गया है।

## एसटीएफ ने पांच को किया गिरफ्तार

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में जीपीओ गोलंबर के पास गेसिंग के अड्डे से पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई है। मौके से लॉटरी टिकट, गेसिंग के कूपन, 8 मोबाइल, डॉक्यूमेंट्स, धारदार हथियार और कुछ कैश मिला है। एसटीएफ और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। करीब 1 घंटे तक छापेमारी चली है। एसएसपी अवकाश कुमार ने इसकी पुष्टि की है। इससे पहले 2 मार्च को छापेमारी हुई थी। पटना के सालिमपुर अहरा इलाके में गेसिंग के अड्डे 40 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। मौके से भारी मात्रा में लॉटरी टिकट, गेसिंग के कूपन, 25 मोबाइल, और 16371 रुपए कैश मिला है। इसके 20 दिन पहले भी इस अड्डे पर छापेमारी कर पुलिस ने बंद करा दिया था।






# औरंगाबाद में बनेगा भारत का दूसरा सबसे बड़ा पावर प्लांट

# एनटीपीसी नबीनगर स्टेज 2 को मिली पर्यावरणीय स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली/ पटना। भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए एनटीपीसी के नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एनएसटीपीपी) के स्टेज-2 को पर्यावरणीय स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही देश के दूसरे सबसे बड़े पावर प्लांट के निर्माण की सभी बाधाएं दूर हो गई हैं और जल्द ही इस परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा। 2400 मेगावाट क्षमता वाली इस नई यूनिट के निर्माण के लिए ग्लोबल निविदा जारी कर दी गई है और कार्य आवंटन की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है।



### बिजली उत्पादन क्षमता में बड़ा इजाफा

एनटीपीसी नबीनगर वर्तमान में 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन कर रहा है। केंद्र सरकार ने यहां 800-800 मेगावाट की तीन इकाइयों यानी कुल 2400 मेगावाट की नई यूनिट लगाने की मंजूरी दी है। इस विस्तार के साथ नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की कुल उत्पादन क्षमता 4380 मेगावाट हो जाएगी और इसे मेगा थर्मल पावर प्रोजेक्ट का दर्जा मिल जाएगा। इस परियोजना में लगभग 25,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है जिससे बिहार की ऊर्जा क्षमता में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा और राज्य आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएगा।

### प्रोजेक्ट में क्या होगा खास

इस परियोजना के अंतर्गत कई आधुनिक तकनीकों और प्रणालियों को शामिल किया गया है। इनमें स्टीम जेनरेटर और सहायक उपकरण, इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर, फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) सिस्टम, बायोमास सह-फायरिंग क्षमता, स्टीम टर्बाइन, एयर कूल्ड कंडेनसर, जनरेटर, बस डक्ट, कंडेनसेट पॉलिशिंग प्लांट (सीपीयू), जल उपचार संयंत्र, कोयला और बायोमास प्रबंधन प्रणाली, संपीड़ित वायु प्रणाली, अग्नि सुरक्षा प्रणाली, एयर कंडीशनिंग और वेंटिलेशन सिस्टम आदि शामिल हैं। इसके अलावा इस परियोजना के तहत सौर ऊर्जा संयंत्र, स्विचयार्ड, जल निकासी और सीवरेज प्रणाली, सड़क और ड्रेनेज नेटवर्क जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का भी निर्माण किया जाएगा।

### तेजी से पूरा होगा निर्माण कार्य

सूत्रों के अनुसार निविदा की प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा क्योंकि इस परियोजना के लिए आवश्यक भूमि और अन्य संसाधन एनटीपीसी के पास पहले से ही उपलब्ध हैं। यह पावर प्लांट भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और बिहार को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।

### एनटीपीसी की अन्य योजनाएं

नबीनगर के अलावा एनटीपीसी ने देश में बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अन्य परियोजनाओं पर भी काम शुरू कर दिया है। इनमें मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में गाडरवारा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्टेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट की दो यूनिट और तेलंगाना के पड़ापल्ली जिले में तेलंगाना सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्टेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट की तीन यूनिट शामिल हैं। इन सभी परियोजनाओं की निविदा जारी कर दी गई है और इनके माध्यम से कुल 6400 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाई जाएगी।

### भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम

एनटीपीसी वर्तमान में संयुक्त उद्यम सहायक कंपनियों और अपनी अन्य इकाइयों के माध्यम से कुल 76,048 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है। नबीनगर, गाडरवारा और तेलंगाना की नई इकाइयों के जुड़ने से भारत की ऊर्जा उत्पादन क्षमता में बड़ा इजाफा होगा और यह देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा। नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट परियोजना से न केवल बिजली उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

संक्षिप्त समाचार

## 2000 रुपए मांगने पर बहन-भगिनी से मारपीट

● नवादा में भाई ने बहन और भगिनी पर किया हमला, दोनों अस्पताल में भर्ती



**नवादा, एजेंसी।** नवादा के अकबरपुर प्रखंड स्थित बकसंडा गांव में एक महिला और उसकी बेटी को परिवार के लोगों ने बुरी तरह पीट दिया। पीड़िता कविता देवी अपनी मां को नानी के घर छोड़ने गई थीं। वहां उन्होंने अपने भाई से पहले दिए 2000 रुपए वापस मांगे। इस बात पर भाई और भाभी ने कविता देवी की पिटाई कर दी। कविता जब दूसरे घर में शरण लेने गईं, तब उनकी बेटी निशा कुमारी वहां पहुंची। इसके बाद मामा-मामी समेत अन्य लोगों ने मां-बेटी दोनों को बुरी तरह पीटा। घटना में मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ितों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी पंकज कुमार सैनी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों को खाने में अंडा नहीं मिलेगा:बर्ड फ्लू की आशंका से लगी रोक

### सरकारी स्कूलों में शुक्रवार को सभी बच्चों को मौसमी फल दिया जाएगा



**पटना/मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** राज्य में बर्ड फ्लू के बढ़ते प्रकोप को देखकर मिड डे मील योजना के मेनू से अंडा हटा दिया गया है। शुक्रवार को अभी सभी बच्चों को एमडीएम में मौसमी फल सेब या केला दिया जाएगा। इसको लेकर मध्याह्न भोजन योजना निदेशक साहिला ने सभी जिलों के डीईओ व डीपीओ एमडीएम को निर्देश जारी किया है।

कहा है कि वर्ग 1 से 8 तक के बच्चों को मेनू के अनुसार दिए जाने वाले अंडे पर तत्काल रोक लगा दी जाए। बर्ड फ्लू का प्रकोप राज्य के कई जिलों में बढ़ गया है। केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने बिहार समेत सभी राज्यों को बर्ड फ्लू के मद्देनजर अलर्ट किया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने भी निर्देश दिया है कि एमडीएम में बच्चों को अंडा देने पर तत्काल रोक लगा दी जाए। एमडीएम के मेनू में शुक्रवार को अंडा निर्धारित किया गया है। वहीं, जो बच्चे शाकाहारी है, उन्हें 100 ग्राम वजन का मौसमी फल दिया जाता है। विभाग की ओर से निर्देश है कि जो बच्चे शाकाहारी हैं, केवल उन्हें ही फल दिया जाएगा। इसके लिए अभिभावकों से शपथ पत्र भी लिया गया है। शेष बच्चों को अंडा दिया जा रहा है। बर्ड फ्लू को देखकर अंडा की बजाय सभी को फल देने का निर्देश दिया गया है।

## 15 अगस्त से शुरू हो जाएगा पटना मेट्रो, काम का लगातार जायजा ले रहे सीएम नीतीश

**पटना, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव से पहले पटनावासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. राजधानी पटना मेट्रो की पहले चरण की सेवा 15 अगस्त से शुरू होने जा रही है. पहले चरण में मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरो माइल होते हुए पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक का 6.01 किमी का ट्रैक शामिल होगा. जिसका निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है. मेट्रो रेल परियोजना का सीएम ने किया निरीक्षणः मंगलवार दूसरे दिन भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के विभिन्न निर्माण स्थलों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं.

# नीतीश कुमार की साइकिल योजना की विदेश में धूम, जांबिया-माली में होगी लागू, यूएनओ ने सराहा



**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार की 2006 में लाई गई साइकिल योजना की चर्चा अब विदेश तक हो रही है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस योजना की शुरुआत की थी. इस योजना के अनुसार, कक्षा नौ या उससे ऊपर की हर लड़की को स्कूल आने-जाने के लिए साइकिल दी जाती है. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि अब ये योजना जांबिया-माली में भी लागू हो रही है.

**विदेश में भी साइकल योजना की धूम:** बिहार की साइकिल योजना पर अमेरिका के एक प्रोफेसर ने अध्ययन किया और यूनाइटेड नेशंस को अपनी रिपोर्ट दी थी. वहीं यूनाइटेड नेशंस ने भी इस मॉडल को अपनाया है. उसके द्वारा अफ्रीका के जाम्बिया और कुछ अन्य देश में लड़कियों में शिक्षा के प्रति रुचि जगाने के लिए साइकिल स्कीम को लागू कराते हुए धनराशि भी उपलब्ध कराई गई है.

**साइकिल- पोशाक योजना से बदली तस्वीर:** शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शिक्षा की मुख्यधारा से बालक-बालिकाओं को जोड़ने के लिए 2006-07 में पोशाक योजना शुरू की थी. इससे अभूतपूर्व कामयाबी मिली. बिहार में 2006 में नीतीश कुमार की पहल पर नौवीं कक्षा की लड़कियों के लिए साइकिल योजना शुरुआत की गई थी. साल 2009 में लड़कों के लिए भी साइकिल योजना शुरू की गई. वहीं साइकिल योजना लागू होने से लड़कियों का पढ़ाई के प्रति रुझान बढ़ा है. बिहार में इससे नारी शिक्षा को बढ़ावा देने और नारी सशक्तीकरण में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला है.

**7279 विशेष शिक्षकों की होगी नियुक्ति:** ने राज्य के सरकारी विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए 7279 विशेष शिक्षकों की नियुक्ति जल्द करने की घोषणा की. उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत शिक्षा विभाग के तृतीय अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब देते हुये ऐसा कहा है.

**अनुकंपा के आधार पर इतने शिक्षकों की होगी नियुक्ति:** शिक्षा मंत्री ने कहा कि इसके लिए बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेज दी गई है. इसके साथ विधानसभा में शिक्षा मंत्री ने अनुकंपा के आधार पर 6481 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की भी घोषणा की. जब शिक्षा मंत्री ने दोनों घोषणा की तो मुख्यमंत्री भी सदन में मौजूद थे.

### विपक्ष ने इस मुद्दे पर किया हंगामा

: विपक्षी विधायकों द्वारा सरकार के नए फैसलों को लेकर नाराजगी जताई गई, जिसमें सभी निर्माण कारपोरेशन के माध्यम से कराने का फैसला लिया गया है. विपक्षी सदस्यों ने पहले इस मुद्दे पर काफी हंगामा किया और उसके बाद सदन का बहिष्कार भी कर दिया. कई सत्ता पक्ष के सदस्य भी चाहते थे कि सरकार अपने फैसले पर विचार करें.

### विनियोग विधेयक सम्राट चौधरी ने कराया पास

विधानसभा में शिक्षा मंत्री के जवाब के बाद उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने तृतीय अनुपूरक बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पास कराया. वहीं विपक्ष की अनुपस्थिति में ही विनियोग विधेयक सरकार ने पास करा लिया.

### 2025-26 में कितना बढ़ा शिक्षा बजट

शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में तृतीय अनुपूरक बजट 2025 पर बोलते हुए कहा कि 2005 से पहले शिक्षा का बजट 4000 करोड़ से कुछ अधिक था. वहीं 2025-26 में शिक्षा का बजट 60,964.87 करोड़ रुपये है. इसके अलावा राज्य के सरकारी विद्यालयों में 44 प्रतिशत महिला शिक्षक कार्यरत हैं. 2002 में राज्य में साक्षरता दर 47.5 प्रतिशत ही थी, अब इसमें भारी इजाफा हुआ है.

### राज्य में 50 केंद्रीय विद्यालय हो रहे संचालित

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि वर्तमान में राज्य में 50 केंद्रीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं. इनमें ऐसे 12 केंद्रीय विद्यालय हैं, जिनके पास अपनी जमीन नहीं है. ऐसे केंद्रीय विद्यालयों को बिहार सरकार द्वारा जमीन उपलब्ध करायी जाएगी. 358 प्रखंडों में डिग्री महाविद्यालय खोलने के लिए शिक्षा विभाग के स्तर से जल्द ही सारी प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी. वहीं नौ डिग्री महाविद्यालय पहले से स्थापित करने की प्रक्रियाधीन है. इस साल अप्रैल में ही सभी बच्चों को पोशाक की राशि दी जाएगी. उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में तकनीकी शिक्षा से बच्चों को जोड़ा जा रहा है. कक्षा छह से आठ तक के 29 हजार मध्य विद्यालयों में कंप्यूटर की पढ़ाई प्रारंभ करायी जाएगी. सरकारी विद्यालयों में कंप्यूटर लैब की भी स्थापना की जा रही है. विभागीय स्तर से हर विधायक से उनके क्षेत्र के दस-दस सरकारी विद्यालयों के जीर्णोद्धार के लिए सूची मांगी गई थी. सूची के आधार पर विभाग द्वारा 563 विद्यालयों का जीर्णोद्धार कार्य कराया जा चुका है.

# पिता ने जुड़वां बच्चों को घोड़े पर बैठाकर भेजा स्कूल, देखने वाले ताली बजाते रहे



**नालंदा, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिला नालंदा में एक पिता की पहल सुर्खियों में हैं. यह चर्चा वाकई लाजिमी है, क्योंकि इस पिता ने अपने जुड़वां बच्चों को स्कूल के पहले दिन उनके पसंदीदा वाहन घोड़े पर बैठाकर भेजा. इस अनोखी पहल ने यह साबित कर दिया कि दुनिया में औलाद से बड़ी कोई दौलत नहीं होती.

**बच्चे को घोड़े पर बैठाकर भेजा स्कूल:** नालंदा के बिहारशरीफ स्थित कमरुद्दीन गंज मोहल्ले में रहने वाले इस पिता ने न केवल अपने बच्चों के स्कूल जाने का तरीका खास बनाया, बल्कि यह भी दिखाया कि वह अपनी संतान की खुशी और शिक्षा के प्रति प्रेरणा को कितना महत्व देते हैं, बच्चों का स्कूल के पहले दिन इस तरह से स्वागत करना और उन्हें घोड़े पर भेजना शहरवासियों के बीच चर्चा का विषय बन गया है.

**पिता ने ख्वाहिश की पूरी:** पिता अजीत कुमार पेशे से इंजीनियर हैं तो मां सरकारी स्कूल की शिक्षिका हैं. अजित कुमार वर्ष 2021 में जुड़वा बच्चों के पिता बने हैं. जन्म के बाद जुड़वा भाइयों का नाम असीम आनंद व आनंद रौनक हैं. फिलहाल वे गल्फ में कार्यरत हैं. पिता की हार्दिक इच्छा थी कि वह अपने दोनों जुड़वा पुत्रों को स्कूल के पहले दिन घोड़े पर बैठा कर भेजें. उन्होंने वैसा ही किया.

**ताली बजाकर किया अभिवादन:** जब दोनों सगे भाई दुल्हन की तरह सजे दो अलग-अलग घोड़े पर बैठकर घर से स्कूल की ओर निकले तो इस अनोखी पहल ने न केवल बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित किया, बल्कि उनके इस खास सफर को देखने वाले लोग भी अभिभूत हो गए. बच्चों को घोड़े पर देख आसपास के लोग ताली बजाकर उनका अभिवादन करने लगे और यह दृश्य हर किसी को मंत्रमुग्ध कर गया. लोगों ने कहा कि इससे दोनों बच्चों का मनोबल बढ़ेगा. दोनों बच्चे अपनी पूरी जिंदगी इस दृश्य को नहीं भूल पायेंगे. पिता अजीत कुमार कहते हैं कि उनकी इच्छा हाथी पर बैठाकर स्कूल भेजने की थी, लेकिन महावत की व्यवस्था नहीं हो सकी. बच्चों का मस्तक काफी कोमल होता है. पिता के इस प्रयास को वह कभी भूल नहीं सकते हैं.

# राजगीर का सफारी 2 दिनों तक बंद




## जीव और लोगों की सुरक्षा को लेकर सफारी प्रशासन का निर्णय, रविवार से होगा चालू

**नालंदा, एजेंसी।** होली त्योहार के मद्देनजर प्रशासनिक निर्णय के तहत नालंदा में स्थित नेचर सफारी और जू सफारी को दो दिनों के लिए आगंतुकों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार, 14 मार्च (शुक्रवार) और 15 मार्च (शनिवार) को दोनों पर्यटन स्थल बंद रहेंगे। नालंदा वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार एम एवं जू सफारी के निदेशक रामसुंदर एम ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अस्थायी बंदी केवल होली पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए है।

### वन्य जीवों और पर्यटकों की सुरक्षा करना हमारी प्राथमिकता

डीएफओ ने बताया कि होली के दौरान बड़ी संख्या में लोग रंगों के साथ उत्सव मनाते हैं, ऐसे में वन्य जीवों और पर्यटकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस अवधि का उपयोग सफारी परिसरों के रखरखाव और सफाई के लिए भी किया जाएगा। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि 16 मार्च (रविवार) से दोनों सफारी पार्क फिर से अपने नियमित समय के अनुसार पर्यटकों के लिए खुल जाएंगे। पर्यटकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी के अनुसार बनाएं।

# पर्यटकों के सामने पहुंचा 8 फीट का अजगर: सड़क पर आधा घंटा लेटा रहा



**बगहा, एजेंसी।** वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व के पास उस समय हड़कंप मच गया जब एक विशाल अजगर मुख्य सड़क पर आकर लेट गया। यह घटना वाल्मीकि बिहार आवासीय परिसर के सामने हुई, जहां सुबह टहलने निकले लोगों और पर्यटकों ने सड़क पर सोए अजगर को देखा। अजगर के सड़क पर होने के कारण कुछ समय के लिए आवाजाही ठप हो गई और लोग दूर खड़े होकर उसे देखने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अजगर काफी बड़ा और भारी-भरकम था। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और सभी ने अपने-अपने मोबाइल फोन से अजगर की तस्वीरें और वीडियो बनानी शुरू कर दीं।

### भटककर मुख्य सड़क पर पहुंचा अजगर

स्थानीय लोगों ने बताया कि अजगर संभवतः वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के जंगल से भटककर मुख्य सड़क पर आ गया था। वहां कुछ देर तक वह निष्क्रिय पड़ा रहा, जिससे राहगीरों और पर्यटकों में दहशत का माहौल बन गया। कुछ लोग डर के मारे दूर खड़े रहे, जबकि कुछ पर्यटक इस नजारे को अपने कैमरे में कैद करने लगे।

### लोगों ने ली राहत की सांस

करीब आधे घंटे तक सड़क पर लेटे रहने के बाद अजगर धीरे-धीरे सड़क छोड़कर वापस जंगल की ओर चला गया। इस दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई और लोग राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से जंगल से भटककर जानवरों का रिहायशी इलाकों में आना बढ़ गया है। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में तेंदुआ, भालू और अजगर के संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यही कारण है कि आए दिन यह दिखाई दे रहे हैं। जिसे देखकर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में आने वाले सैलानी और रोमांचित होते हैं।

# 110 एकड़ के हजारी पशु मेला ग्राउंड में मेडिकल इंडस्ट्री लगेगी: केके पाठक



**बेतिया, एजेंसी।** सोमवार रात राजस्व पर्षद के अध्यक्ष केके पाठक बेतिया पहुंचे। मंगलवार सुबह से ही वे एक्शन में आ गए। सर्किट हाउस से निकलकर हजारी पशु मेला ग्राउंड पहुंचे। अधिकारियों से जमीन का रकबा पूछा। बताया गया कि यह 110 एकड़ में फैली है। उन्होंने कहा कि इस जमीन का उपयोग मेडिकल इंडस्ट्री समेत कई कार्यों के लिए किया जा सकता है। इसके बाद सरिसवा रोड पावर ग्रिड, माधोपुर और मैनाटांड़ रोड स्थित बेतिया राज की खाली जमीनों का निरीक्षण किया। कहा कि इन भूखंडों पर इंडस्ट्री, यूनिवर्सिटी, कॉलेज और अस्पताल बनाए जा सकते हैं। अधिकारियों को निर्देश दिया कि 50 एकड़ से ज्यादा और 20 एकड़ से ज्यादा के भूखंडों की अलग-अलग सूची तैयार करें। पहले बड़े भूखंडों का उपयोग होगा, फिर छोटे भूखंडों का। टाउनशिप डेवलपमेंट के साथ उद्योग-धंधे भी लगेंगे। इससे बेतिया का विकास होगा और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### अध्यक्ष के साथ अफसरों का काफिला, हर आदेश नोट किया गया

राजस्व पर्षद अध्यक्ष के साथ अधिकारियों का काफिला भी मौजूद रहा। सचिव गिरिवर दयाल सिंह, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स और पर्यटन विभाग के अधिकारी भी बेतिया पहुंचे। श्री पाठक के हर आदेश को अधिकारी नोट कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां होने वाले कार्यों की सतत मॉनिटरिंग होनी चाहिए। राज व्यवस्थापक अनिल कुमार सिन्हा ने राज भवन के इतिहास और उसके उपयोग की जानकारी दी। राजगुरु परिवार के प्रमोद व्यास, शहर के गणमान्य लोग और मंदिरों के पुजारी भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। इस क्रम में राजस्व पर्षद अध्यक्ष ने एक-एक चीज को बारीकी से देखा और सहेजने की हिदायत दी।

### शीश महल, रानी निवास व अन्य संरचनाओं को देखा

राजस्व पर्षद अध्यक्ष निरीक्षण के बाद दोपहर में राज भवन पहुंचे। वहां शीश महल, रानी निवास, मंदिर, कुआं और दुर्गा पूजा मंडप समेत अन्य ऐतिहासिक संरचनाओं को देखा। दीवारों पर बनी कलाकृतियों को देखकर कहा कि यह सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि गौरव है। आर्किटेक्ट और पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसका मूल स्वरूप बनाए रखते हुए विकास का प्रोजेक्ट तैयार करें। कहा-राज भवन परिसर के हरे पेड़ नहीं कटने चाहिए।

### राज कर्मचारियों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा, वेतन बढ़ाने की मांग

बेतिया राज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रमोद व्यास ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसमें वेतन बढ़ाने की मांग की गई। बताया कि बेतिया राज के कर्मचारियों, मंदिरों के पुजारियों और टहलुओं का वेतन काफी कम है। संविदा पर काम करने वालों का मानदेय नियमित कर्मचारियों से ज्यादा है। इससे कर्मचारियों में असंतोष है। परिवार का भरण-पोषण भी मुश्किल हो रहा है।

# बिहार में 15 मार्च को रंगों का त्योहार मनाया जाएगा



**पटना, एजेंसी।** रंगों के त्योहार होली को लेकर कन्फ्यूजन दूर हो गया है. कई जगह 14 मार्च को होली मनाई जा रही है तो कई जगह 15 मार्च को होली मनाई जा रही है लेकिन बिहार में कन्फ्यूजन की स्थिति दूर हो गई है. पूरे बिहार में 15 मार्च को होली मनाई जा रही है. हालांकि होली रंगों का त्यौहार है और यह फागुन शुरू होते ही शुरू हो जाती है. कई जगह होली दो से तीन दिन तक खेली जाती है.

सामान्य तौर पर बिहार में कोई भी त्यौहार उदया तिथि के मौके पर मनाया जाता है और इसी कारण इस बार भी 15 मार्च को होली मनाना निर्धारित किया गया है.

**मिथिला पंचांग के अनुसार 15 को होली:**

पटना के बोरिंग रोड पानी टंकी शिव मंदिर के पुजारी पंडित अभिषेक मिश्रा ने बताया कि सामान्य तौर पर बनारस में होली एक दिन पूर्व ही मनाई जाती है और बनारस में होली होने के 1 दिन बाद बिहार में होली खेली जाती है. होली चैत्र प्रतिपदा को बिहार में मनाई जाती है और चैत्र प्रतिपदा 14 मार्च को दिन के 12:26 से शुरू हो रहा है. जिसके कारण तमाम विद्वानों ने निर्णय लिया है कि अगले रोज 15 मार्च को उदया तिथि के मौके पर होली मनाई जाएगी. मिथिला पंचांग के अनुसार 15 मार्च को ही होली हो रही है. हालांकि काशी पंचांग बनारस में 14 मार्च को होली मनाई जा रही है. होली बिहार में हिंदू मान्यताओं के अनुसार नए वर्ष के आगमन का प्रतीक है और यह गिले शिकवे दूर कर प्रेम सौहार्द बढ़ाने वाला त्यौहार है.

**कई लोग 2 दिन मना रहे हैं होली :** पटना महावीर मंदिर के ज्योतिषाचार्य आचार्य मुक्ति कुमार झा ने बताया कि फाल्गुन की पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है और चैत्र माह के कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को सूर्योदय समय अनुसार होली का त्यौहार मनाया जाता है. इस स्थिति में 13 मार्च को होलिका दहन हो रहा है और 14 मार्च को पूर्णिमा तिथि दिन के 12:00 बजे के बाद समाप्त हो रही है.

**चैत्र कृष्ण पक्ष के प्रतिपदा को होली:** मुक्ति कुमार झा ने बताया कि उदया तिथि को देखते हुए 15 मार्च को होली मनाई जा रही है. बिहार में चैत्र कृष्ण पक्ष के प्रतिपदा को होली मनाई जाती है और इस दिन से नए मांगलिक वर्ष का शुरुआत होता है. मिथिला पंचांग के अनुसार 15 मार्च को होली है. इस स्थिति में कई जगहों पर लोग 2 दिन 14 और 15 मार्च को लोग धूमधाम से होली मना रहे हैं.

# महाकुंभ में बिछड़ी बुजुर्ग महिला झारखंड में मिली

### 15 दिन बाद परिजनों से हुई मुलाकात, सोशल मीडिया से मिली मदद



**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** रोहतास से प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने गई 60 साल की लखपतो देवी अपने परिजनों से बिछड़ गईं। 15 दिन बाद उन्हें झारखंड के गढ़वा जिले में सकुशल पाया गया। 24 फरवरी 2025 को कोचस प्रखंड के बलथरी गांव की लखपतो देवी प्रयागराज में अपने परिजनों से अलग हो गईं। गढ़वा के सुखदेव पासवान ने उन्हें अपने घर में शरण दी। महिला की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उनकी पहचान हो सकी। बहियार खुर्द पंचायत की मुखिया सोनी देवी और चितवा पंचायत के मुखिया अंजनी कुमार के प्रयासों से महिला को उनके परिजनों से मिलाया गया। महिला के बेटे राहुल कुमार ने बताया कि उनकी मां को यह भी याद नहीं कि वह प्रयागराज से गढ़वा कैसे पहुंचीं।

### सोशल मीडिया की सक्रियता से मिली मदद

गांव के लोगों ने राहुल का सम्मान किया और उन्हें मां के साथ सकुशल विदा किया। इस घटना में स्थानीय प्रशासन और सोशल मीडिया की सक्रियता से एक बुजुर्ग महिला को उनके परिवार से मिलाने में मदद मिली।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 12-03-2025 22:10 Page 1



# जब्त शराब थाने से गायब

- एसपी ने दिखाया रौद्र रुप
- निजी मुंशी समेत 2 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में बेला थाना में जब्त शराब को गायब करने का खेल पकड़ा गया है। इस खेल शामिल थाने के निजी मुंशी समेत दो की गिरफ्तारी के बाद थानाध्यक्ष की लापरवाही सामने आने पर एसएसपी सुशील कुमार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अन्य पदाधिकारियों की भूमिका भी शक के दायरे में है।

इसकी जांच की जा रही है। बता दें कि मंगलवार को बेला थाना परिसर में शराब विनिष्टीकरण के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक कार्टन शराब गायब कर दी गई।

इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को होने पर सिटी एसपी विश्वजीत दयाल ने जांच कर त्वरित कार्रवाई की। शराब गायब करने के खेल में शामिल थाने के निजी मुंशी सुजीत और इलाके के मो. शहादत को गिरफ्तार किया था। शराब लदी एक कार भी जब्त की गई। सिटी एसपी और नगर एसडीपीओ-वन सीमा देवी ने बेला थाने में देर रात तक पूरे मामले की जांच की।

गिरफ्तार मो. शहादत थाने के शांति समिति सदस्य बताया गया है। उसके एक राजनीतिक दल से भी जुड़े होने की चर्चा है।

विदित हो कि हाल ही में बेला थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में शराब जब्त की गई थी। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बेला थाना परिसर में जब्त शराब को विनिष्ट किया जा रहा था। इसी दौरान वहां से शराब के कई कार्टन मजदूरों से गायब करा दिया गया।

इसके बाद निजी मुंशी सुजीत और मो. शहादत की मिलीभगत से शराब को ठिकाना लगवा दिया गया। सिटी एसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शराब लदी सफेद रंग की एक कार जब्त की। छानबीन में पुलिस अधिकारियों को पता चला कि थाने का निजी मुंशी भी इसमें शामिल है। इसके बाद तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

साथ ही मो. शहादत को भी पकड़ा गया। इस खेल में थाने के अन्य पदाधिकारियों की भूमिका की भी वरीय अधिकारी जांच कर रहे है। आशंका जताई जा रही कि पहले भी विनिष्टीकरण के दौरान इस तरह का थाने स्तर पर खेल हुआ होगा। इसके मद्देनजर जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि शराबबंदी को लागू करने के लिए सरकार हर कदम उठा रही है लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से मुहिम सफल नहीं हो पा रही है।

# हल्दी के तेल से मक्खी और मच्छरों का होगा अंत

- पूसा के शोधर्थियों ने किया शोध
- 'करक्यूमिन आयल' होगा पेटेंट
- फसलों में कीड़ों को पनपने से भी रोकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** अब मच्छर और मक्खी के कारण होने वाली बीमारियां प्रतिवर्ष देश में लाखों लोगों की बीमारी का कारण बनती हैं और इनसे फसल को भी नुकसान होता है।

इनसे बचाव के लिए बाजार में कई प्रकार के नुकसानदायक केमिकल से बने उत्पादों का प्रयोग करना पड़ता है,लेकिन अब इनकी जरूरत नहीं होगी। न ही दम घोंटने वाले क्वायल को जलाना पड़ेगा।

हल्दी के पत्तों से तैयार तेल इसका विकल्प बनने को तैयार है। पूरी तरह से प्राकृतिक इस तेल को बनाने में सफलता पाई है बिहार के समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के विज्ञानियों ने।

उन्होंने इसका नाम 'करक्यूमिन आयल' रखा है। बीजों के संरक्षण में भी यह उपयोगी है। वह उनके अंकुरण को प्रभावित नहीं करता है। अब इस तेल को पेटेंट कराने की तैयारी है।

कृषि विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे मिशन कृषि अवशेष के तहत हल्दी के पत्ते से तेल निकालने पर अनुसंधान वर्ष 2019 में शुरू किया गया। सफल परिणाम के बाद इस तकनीक से किसानों को अवगत कराया जा रहा है।

डिपार्टमेंट आफ बाटनी, फिजियोलाजी एंड बायोकेमिस्ट्री के बायोकेमिस्ट्री विभाग के वरीय विज्ञानी डा. तैकुर मजाऊ के नेतृत्व में इस पर काम किया गया है।

विश्वविद्यालय में बीते फरवरी में आयोजित राष्ट्रीय किसान कृषि मेले में इसे विज्ञानी डा. किरण, प्रो. निधि व शोध छात्र यश कुमार ने किसानों के सामने प्रस्तुत कर उन्हें बनाने की विधि भी बताई थी।

शोध से जुड़ीं विज्ञानी डॉ. किरण बताती हैं कि हल्दी के पत्तों में



करक्यूमिन रसायन पाया जाता है। यह इसे औषधीय गुण प्रदान करता है। प्रयोगशाला में पत्तों से तेल तैयार करने के लिए कई प्रक्रिया होती है। पत्तों को पहले सुखाया जाता है। इसके बाद कूटकर आंशिक चूर्ण बनाकर पानी में डाला जाता है। इस मिश्रण से तेल निकालने के लिए डिस्टिलेशन फ्लास्क में करीब तीन घंटे तक गर्म किया जाता है।

100 से 120 डिग्री सेल्सियस तापमान पर गर्म करने पर उससे निकलने वाले वाष्प को आसवन के लिए दूसरे फ्लास्क से जोड़ते हैं। वहां ठंडा होने पर पानी की ऊपरी सतह पर पीले रंग का एसेंशियल आयल आ जाता है। वहां सेपेरेटर तकनीक से तेल को अलग कर लिया जाता है। एक किलो पत्ते में एक से डेढ़ प्रतिशत तेल होता है।

डा. किरण के अनुसार, हल्दी के पत्ते का तेल अनाज भंडारण में कीट नियंत्रक के रूप में भी काम करता है। इसकी 10 से 12 बूंदें रूई में डालकर प्लास्टिक के डिब्बे में रख देते हैं। इसमें छोटे-छोटे छेद कर देते हैं। फिर उस डिब्बे को बीजों के बीच रख दिया जाता है।

तेल वाष्पित होकर बीजों में प्रभाव डालता है, इससे कीड़े नहीं पनपते हैं। मच्छर या मक्खियों से बचने के लिए पानी या केवल तेल को ही स्प्रे किया जा सकता है। इसका उपयोग घरों में भी मच्छरों को भगाने में किया जा सकता है।

समस्तीपुर के प्रगतिशील किसान रामजी प्रसाद कहते हैं कि उत्तर बिहार में हल्दी की बड़े पैमाने पर खेती होती है। समस्तीपुर प्रमुख उत्पादक जिला है। यहां करीब पांच हजार हेक्टेयर में इसकी खेती होती है।

इसी के चलते 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' के तहत समस्तीपुर के लिए हल्दी का चयनित है। पहले हल्दी के पत्ते खेत में ही सड़ जाते थे। कुछ किसान तो जला देते थे, लेकिन तेल निकालने की विधि जानकर पत्ते का भी उपयोग किया जा सकेगा।

# पिता के घर रह रही विधवा ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले के मोहनपुर नक्कु स्थान के पास बुधवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक महिला का शव घर में फंदे से लटका हुआ पाया गया। मृतका की पहचान वैनी गांव, सकरा थाना क्षेत्र निवासी कृष्ण कुमार झा की पुत्री बबली कुमारी (36) के रूप में हुई है। वह अपने पिता के साथ मोहनपुर में किराए के मकान में रह रही थी। बताया जा रहा है कि बबली दो बच्चों की मां थी और बीते कुछ वर्षों से मानसिक तनाव में जी रही थी।

घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बबली के पिता कृष्ण कुमार झा ने बताया कि रोज की तरह सुबह बबली उठी थी, लेकिन फिर वह दोबारा सोने चली गई। थोड़ी देर बाद जब उनकी छोटी बेटी पूजा के लिए उसे जगाने गई तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई बार आवाज देने के बाद जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो खिड़की से झांकने पर देखा गया कि बबली पंखे से फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। परिजन उसे तत्काल नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

मृतका के पिता ने बताया कि बबली की शादी 2016 में हरपुर एलौथ गांव के त्रिवेणी चौधरी से हुई थी, जो मुंबई की एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। लेकिन लगभग दो वर्ष पूर्व पति की मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद बबली कुछ समय तक अपने ससुराल में ही रही, लेकिन वहां उसे सास-ससुर की तरफ से प्रताड़ना झेलनी पड़ी। हालात इतने बिगड़ गए कि उसने अपने दोनों बच्चों को वहीं छोड़ मायके लौट आने का निर्णय लिया। इसके बाद से वह पिता के घर में ही रह रही थी, लेकिन मानसिक रूप से वह लगातार परेशान और अवसाद में थी। परिजनों के अनुसार, वह अक्सर चुपचाप रहती थी और किसी से ज्यादा बात नहीं करती थी।

घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी अजीत कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# मॉरीशस में मोदी के सम्मान पर झूमा हरिगांव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** अफ्रीका के दक्षिण पूर्व तट पर हिंद महासागर के खूबसूरत द्वीप समूह मॉरीशस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले सम्मान और भोजपुरी में उनके संवाद पर भोजपुर के हरिगांव के लोग खुशी से झूम उठे। गांव के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर लगा अपनी खुशी का इजहार किया।मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चन्द्र राम गुलाम के पूर्वज इसी गांव से गिरमिटिया मजदूर के रूप में लगभग 160 साल पहले मॉरीशस गए थे।

मंगलवार को मॉरीशस के 57वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए। उन्हें मॉरीशस में देश के सर्वोच्च सम्मान से भी सम्मनित किया। जिसके बाद हरिगांव गांव में उनके वंशजों के घर होली और दीपावली की तरह जश्न का माहौल बन गया।

पंचायत के मुखिया विजय शंकर चौबे सहित गांव के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नवीन चंद्र राम गुलाम और उनके दादा मोहित राम गुलाम की तस्वीर पर अबीर-गुलाल लगाते हुए आपस में भी अबीर की होली खेली।

मोहित राम गुलाम की पांचवी पीढ़ी के वंशज और मॉरीशस के प्रधानमंत्री के रिश्ते में खुद को भतीजा बताने वाले संतोष कुमार सिंह कहते हैं कि मॉरीशस के राष्ट्रपिता सर शिवसागर राम गुलाम ने मॉरीशस की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

उनके परिवार का सरकार से आग्रह है कि जिस तरह उनकी मूर्ति पटना के एक्जिविशन रोड चौराहे पर लगी है, ठीक उसी तरह की मूर्ति उनके पैतृक गांव हरिगांव में सरकार को लगानी चाहिए।

गांव के संतोष कुमार सिंह, हरिशंकर सिंह, लालबाबू सिंह सुशील कुमार सिंह, अरूण कुमार वर्ष 2008 में मॉरीशस के प्रधानमंत्री रहते हुए डॉ. नवीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गांव आए थे।उन्हें उम्मीद है कि इस बार पीएम मोदी उन्हें जब भारत आने के लिए आमंत्रित करेंगे, तो वे उनके साथ अपने पूर्वजों के गांव एक बार फिर आएंगे।

गौरतलब है कि बुधवार को पीएम मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया। पीएम मोदी ने इस सम्मान को दोनों देशों (भारत और मॉरीशस) के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों के प्रति श्रद्धांजलि बताया।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय नेता हैं। यह सम्मान भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को वेलिडेट करता है।

सम्मान मिलने के बाद पीएम मोदी ने कहा, मॉरीशस के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने के लिए मैं हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। यह सिर्फ मेरा सम्मान नहीं है। यह 1.4 अरब भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और मॉरीशस के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों के प्रति श्रद्धांजलि है। उन्होंने आगे कहा कि अपनी कड़ी मेहनत से इन लोगों ने मॉरीशस के विकास में एक सुनहरा अध्याय लिखा।

## स्टोन चिप्स लदे दो हाइवा जब्त

**मेदिनीनगर (पलामू)।** क्षेत्र में अवैध कारोबार के प्रति प्रशिक्षु आइपीएस सह हैदरनगर थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला की लगातार कार्रवाई से इससे जुड़े लोगों में हड़कंप मच गई है। बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर एसआई आदित्य प्रसाद व सशस्त्र बल की उपस्थिति में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि मध्य रात जपला की ओर से आ रही स्टोन चिप्स से लदी दो हाइवा रोकने के बाद चालान दिखाने को कहा गया। परंतु उक्त दोनों वाहन के पास चालान नहीं पाया गया। कहा कि एक वाहन के चालक ने जाली चालान दिखाकर पुलिस को चकमा देने का प्रयास किया। किन्तु उसे देखते ही पुलिस ने उस चालान को जाली घोषित कर दिया। दोनों हाइवा जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 03 एबी 5464 व जेएच 03 एजे 5448 को जब्त कर हैदरनगर थाना परिसर में लाया गया है।

### चौकीदार की शराब पार्टी का वीडियो वायरल

# लोगों के बीच पुलिस विभाग की हो रही किरकिरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** होली में शराब कारोबारी पर पैनी नजर रखने को लेकर जिला पुलिस खुद को सजग बता रही है, लेकिन दूसरों के लिए। खुद तो पार्टी कर ही सकती है। जी हां, होली से पहले एक पुलिस वाला शराब की पार्टी करता दिखा। वह खुद शराब पार्टी में शराब और चखना का मजा लेता दिखाई पड़ रहा है। इस चौकीदर की पहचान बहेड़ी थाना में पदस्थापित विजय पासवान के रूप में हुई है। अब यह वीडियो वायरल है। वर्दी में दिख रहा शख्स बहेड़ी थाना का चौकीदार विजय पासवान है। फिलहाल इस वायरल वीडियो से पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है।

इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। खबर प्रकाशित होने के साथ ही दरभंगा एसएसपी एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने जांच के आदेश जारी कर दिए। इस मामले में दरभंगा एसपी एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने बहेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब का सेवन करते हुए वायरल हो रहे वीडियो की जांच अंचल पुलिस निरीक्षक बहेड़ा को दी। अंचल पुलिस निरीक्षक बहेड़ा द्वारा जांचोपरांत वायरल हो रहे वीडियो को सत्य पाते हुए जांच प्रतिवेदन समर्पित किया। बहेड़ी थाना क्षेत्र में चौकीदार द्वारा शराब पार्टी करते हुए वीडियो वायरल होने के मामले को एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने गंभीरता से लेते हुए वायरल वीडियो में दिख रहे दो चौकीदारों को निलंबित कर दिया है।

चौकीदार के शराब पीने के वायरल वीडियो के संबंध में एसएसपी एसएसपी ने अंचल पुलिस निरीक्षक बहेड़ा द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन के आधार पर चौकीदार 1/5 विजय पासवान महाल चौकीदार बहेड़ी एवं चौकीदार 3/6 अवधेश पासवान महाल चौकीदार अटहर दोनों थाना बहेड़ी को तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया। इस मामले में एसएसपी एसएसपी का कहना है कि उक्त निलंबित दोनों चौकीदार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

# आरा से इथेनॉल लेकर बरौनी जा रहे टैंकर में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय में इथेनॉल से भरे टैंकर में अचानक आग लग गई। आग लगते देख आसपास के लोग उधर दौड़ पड़े। लोगों ने घटना की जानकारी अग्निशमन को दी। सूचना मिलते ही चार पांच अग्निशमन वाहन वहां पहुंच गई और आग बुझाने लगी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के झमटिया एन एच 28 पर की है। आग बुझाने के लिए दमकल सहित स्थानीय लोग जुटे।

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टैंकर दलसिंहसराय से बेगूसराय की ओर जा रहा था। अचानक इंजन में आग लग गई। लपटें तेज होते ही चालक वाहन को सड़क किनारे छोड़कर थाना भाग गया। ग्रामीणों ने भी घटना की जानकारी बछवाड़ा थाना और दमकल विभाग को दी। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन आग की तेज लपटों के कारण उसे बुझाने में दिक्कत हो रही थी।

आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। इसे देखकर प्रशासन ने तेघड़ा, बेगूसराय और बरौनी से अतिरिक्त दमकल वाहनों को बुलाया। एनएच 28 पर दोनों ओर से आ रहे वाहनों को रोक दिया गया। करीब आधा दर्जन



दमकल वाहनों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग सिर्फ इंजन तक ही सीमित रही। अगर यह टैंकर तक पहुंच जाती, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद आसपास के गांवों के लोग घर खाली कर सड़क पर आ गए। लोगों ने अपने घरों से गैस सिलेंडर भी बाहर निकाल दिए थे।

आग लगने से हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। टैंकर चालक नीतीश कुमार ने बताया कि वह आरा से इथेनॉल लेकर बरौनी रिफाइनरी जा रहे थे। अचानक ब्रेक लगाने पर इंजन में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। हालात बिगड़ते देख वाहन छोड़कर गाड़ी से उतर गया।

# जुड़वा बेटों को घोड़े पर सवार कर भेजा स्कूल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** शिक्षा के प्रति समर्पण और भावनात्मक लगाव का एक अनूठा और प्रेरणादायक दृश्य बिहारशरीफ के कमरूद्दीनगंज क्षेत्र में देखने को मिला। जहां एक पिता ने अपने जुड़वा बेटों को घोड़े पर सवार कराकर स्कूल भेजा। यह दृश्य केवल स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र नहीं बना, बल्कि अब यह पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है।

इस अनोखी पहल के पीछे हैं अजीत कुमार, जो पेशे से इंजीनियर हैं और फिलहाल खाड़ी देश में कार्यरत हैं। उन्होंने वर्ष 2021 में जन्मे अपने जुड़वा बेटों असीम और आनंद के पहले स्कूल दिवस को यादगार बनाने के लिए विशेष आयोजन किया। दोनों बच्चे दूल्हे की तरह सजे-धजे, अलग-अलग घोड़ों पर सवार होकर विद्यालय के लिए रवाना हुए। रास्ते में लोगों ने तालियों और मुस्कान के साथ इस दृश्य का स्वागत किया। कई लोग इस अनोखे पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए।

अजीत कुमार ने इस पहल के पीछे की भावना बताते हुए कहा कि मेरी इच्छा थी कि अपने बच्चों को हाथी पर बैठाकर स्कूल भेजूं, ताकि शिक्षा की शुरूआत एक शाही अंदाज में हो। लेकिन महावत की व्यवस्था न हो पाने के कारण मैंने घोड़े का चयन किया। उन्होंने आगे कहा कि यह केवल एक दिखावा नहीं, बल्कि एक प्रतीकात्मक संदेश है कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और इसे खास अंदाज में शुरू करने से बच्चों के मन में गौरव और प्रेरणा दोनों का संचार होता है। दोनों बच्चों की मां, जो स्वयं एक शिक्षिका हैं, ने इस पहल का पूर्ण समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जब बच्चों को इस तरह से सम्मान और उत्साह के साथ विद्यालय भेजा जाता है, तो उनका मनोबल भी उतना ही ऊंचा होता है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह दृश्य केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए भी एक सकारात्मक संदेश है कि शिक्षा का उत्सव मनाया जाना चाहिए, ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति विशेष लगाव पैदा हो।

# पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, तीन माह की मासूम बनी गवाह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** जिले से एक बेहद हृदय विदारक और झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। जहां घरेलू विवाद के दौरान पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इस निर्मम हत्या की चश्मदीद गवाह बनी सिर्फ तीन साल की मासूम बेटी, जो अब अपनी मां को खो चुकी है और जिसे यह तक नहीं पता कि उसकी मां अब इस दुनिया में नहीं रही।

जानकारी के मुताबिक, यह घटना शामपुर थाना क्षेत्र के बहिरा पंचायत के बनारसी बासा मुसहरी की है। मृतका बिंदा देवी की शादी चार वर्ष पूर्व धरहरा प्रखंड के बनर कोइलो गांव निवासी मुकेश मांझी के साथ हुई थी। बुधवार सुबह मामूली सी बात मसूर की कटाई को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी हुई, लेकिन यह विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने कुल्हाड़ी से पत्नी की गर्दन पर वार कर उसकी जान ले ली।

इस दिल दहला देने वाली घटना की सबसे करुण तस्वीर तब सामने आई, जब मृतका की तीन साल की बेटी स्नेहा अपने नाना के पास जाकर बिस्कुट खाते-खाते मासूमियत से कहा कि मम्मी के पापा टांगाड़ी से मार देलके। उसे यह तक समझ नहीं कि अब उसकी मां कभी वापस नहीं आएगी। बच्ची की बात सुनते ही नाना नरेश मांझी दौड़ते हुए बेटी के कमरे में पहुंचे, लेकिन तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। उनकी बेटी बिंदा देवी खून से लथपथ पड़ी थी और दामाद मुकेश मांझी छत की ओर भाग गया था।

हत्या के बाद आरोपी पति ने छत पर चढ़कर कुल्हाड़ी लहराते हुए ग्रामीणों को धमकाया कि जो भी उसे पकड़ने आएगा, उसका अंजाम भी ऐसा ही होगा। लेकिन ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया। जब उसे पकड़ने की कोशिश की गई, तो मुकेश मांझी छत से कूद गया और घायल हो गया। सूचना मिलते ही शामपुर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेजा गया।

मृतका के पिता नरेश मांझी ने बताया कि खेतों में मसूर और सरसों की कटाई कराने के लिए ही बेटी-दामाद और नतनी को दस दिन पहले बुलाया था। लेकिन यह नहीं सोचा था कि बेटी की मौत का मंजर मेरी आंखों के सामने होगा। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच किसी तरह का कोई बड़ा विवाद नहीं था। पांच मिनट में सबकुछ खत्म हो गया। मेरी बेटी चली गई। पुलिस ने मृतका बिंदा देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# उप्र के मंत्री के खिलाफ बिहार में परिवाद दर्ज, राजनीतिक हलचल तेज

- होली को लेकर दिया था आपत्तिजनक बयान
- 22 मार्च को सुनवाई की तिथि मुकर्रर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रघुराज सिंह के विवादित बयान को लेकर बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की अदालत में उनके खिलाफ आपराधिक परिवाद दायर किया गया है। यह मामला सामाजिक कार्यकर्ता एम. राजू नैयर द्वारा दायर किया गया, जिसमें मंत्री पर मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को आहत करने और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का आरोप लगाया गया है। अदालत ने मामले को संज्ञान में लेते हुए 22 मार्च 2025 को सुनवाई की तारीख तय की है।परिवाद के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मंत्री रघुराज सिंह ने होली पर्व के अवसर पर मुस्लिम समुदाय को लेकर एक आपत्तिजनक बयान दिया था। उसमें उन्होंने कहा था कि होली के दिन कोई बाहर न निकले और अगर निकले तो ट्रिपल और कपड़े पहनकर निकले। इस बयान से मुस्लिम समुदाय के लोग आहत हुए हैं और इसे दो धर्मों के बीच वैमनस्य पैदा करने की साजिश करार दिया गया है।

परिवादी एम. राजू नैयर ने कहा कि मंत्री का बयान जानबूझकर समाज में तनाव फैलाने और सांप्रदायिक भावना भड़काने की नीयत से दिया गया था। उन्होंने कहा कि होली जैसे पवित्र पर्व पर इस तरह का बयान न केवल असंवेदनशील है बल्कि सामाजिक सौहार्द पर चोट है।

परिवादी के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला सीजेएम कोर्ट में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 259, 124, 418, 120बी के अंतर्गत दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि मंत्री का बयान संविधान के मूल मूल्यों और सामाजिक सौहार्द के खिलाफ है, इसलिए इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई जरूरी है।

कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए परिवाद को स्वीकार कर लिया है। साथ ही 22 मार्च 2025 की तारीख को मामले की सुनवाई के लिए निर्धारित किया गया है। परिवादी पक्ष को उम्मीद है कि अदालत इस मामले में न्यायोचित और सख्त कार्रवाई करेगी। मामले को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी हलचल देखी जा रही है। विपक्षी दलों ने इसे असंवेदनशील और भड़काऊ बयान बताते हुए मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। वहीं, मुस्लिम समुदाय के कई सामाजिक संगठन भी इस मामले को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।

## पत्नी की पीटकर हत्या के बाद की खुदकुशी

**भागलपुर।** भागलपुर के शाहकुंड थाना क्षेत्र के दामोदर गांव में मंगलवार की रात आपसी विवाद के चलते पति ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी और फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस कांड के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी रवि रंजन सिंह उर्फ मुरारी (30) की शादी पांच वर्ष पूर्व शाहकुंड प्रखंड के जगरिया पंचायत अंतर्गत छत्रपाल गांव की प्रीति कुमारी (25) से हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच विवाद चलता रहता था।मंगलवार की रात भी दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद गुस्से में आकर रवि रंजन ने प्रीति की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

# पोखर में स्नान करने गये चार दोस्तों में दो की डूबने से हुई मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के सहदेई थाना क्षेत्र के बाजितपुर चकस्तूरी गांव में एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। पोखर में स्नान करने के दौरान दो किशोर दोस्तों की डूबकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य दोस्तों को समय रहते बचा लिया गया।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को चार किशोर मित्र अपने गांव के पास स्थित चकस्तूरी पोखर में स्नान करने गए थे। लेकिन स्नान के दौरान अचानक चारों गहरे पानी में चले गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से परमहंस राय के पुत्र शिवा कुमार और रंजीत चौधरी के पुत्र संजीव कुमार को पानी से सकुशल बाहर निकाल लिया गया। मगर 13 वर्षीय शिवम कुमार और 17 वर्षीय आदित्य कुमार गहरे पानी में समा गए और उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने पोखर में शवों की तलाश शुरू की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया, जिन्होंने दूसरे दिन दोनों किशोरों के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



सदर अस्पताल, हाजीपुर भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

मृतक की पहचान मोहन राय के पुत्र शिवम कुमार (13) और सुरेंद्र राय के पुत्र आदित्य कुमार (17) के रूप में हुई है। शिवम अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था और देसरी स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ता था। वहीं, आदित्य चार भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर था और इसी वर्ष उसने मैट्रिक की परीक्षा दी थी। दोनों किशोर अपने दोस्तों के साथ पशुओं के लिए चारा लाने चौर गए थे, जिसके बाद स्नान के लिए पोखर में उतर गए। इस हादसे के बाद शिवम की मां रीना देवी और आदित्य की मां प्रियंका देवी समेत पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और हर आंख नम है। गांव के लोग इस हादसे से अभी तक उबर नहीं पा रहे हैं। वहीं, इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। साथ ही स्थानीय लोगों ने पोखर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और चेतावनी बोर्ड लगाने की भी अपील की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो।

## सड़क दुर्घटना में दारोगा की मौत

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर गोरौल थाना क्षेत्र के गोरौल चौक के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार में जा रही एक बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक पर सवार दरोगा की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान नालंदा जिले के चिकसौरा योगीपुर मलवान निवासी रवि कुमार के रूप में हुई है। वे बेतिया के बगहा थाना में पदस्थापित थे और ड्यूटी के लिए बेतिया जा रहे थे। हादसे के दौरान टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुलेट बाइक में आग लग गई और वह धू-धू कर जलकर खाक हो गई।

# उत्साह: दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी और रोजगार कर रहे लोग लौटने लगे हैं अपने घर

## होली को लेकर गुलाल और टोपियों से सजी दुकानें खरीदारी को उमड़ रही भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वारिसलीगंज (नवादा)।** रंगों का पर्व होली 13 मार्च को होलिका दहन से शुरू होगी। जो 16 मार्च को मगध में होने बाला बुढबा होली के साथ संपन्न हो होगी।लेकिन एक सप्ताह पहले से ही बाजार में पिचकारी व अन्य होली के साजो सामान की बिक्री जमकर हो रही है।जिसमें मुख्य रूप से रेडीमेड कपड़ा पिचकारी आदि की खरीदारी हो रही है।वही रंग गुलाल,पिचकारी व टोपियों से सजी बाजार की दुकानों पर लग रही खरीदारों की भीड़।जबकि बाजार की फुटपाथों पर हरे चने की पेड़ व हरे पते बाला प्यान तथा पताकोवी ने बाजार को बासंतिक रंग में रंग दिया है।लोग पहले बच्चों के लिए कुर्ता पायजामा व नए परिधानों की खरीदारी बाद रंग गुलाल एवं पिचकारी की खरीदारी करते देखे जा रहे हैं। पर्व को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा जा



रहा है।जबकि गांव देहातों में पारंपरिक होली गीत का गायन से सम्पूर्ण वातावरण होलीमय हो रहा है। पर्व को लेकर वारिसलीगंज के बाजार में आम दिनों को अपेक्षा काफी अधिक भीड़ देखी जा रही है। जिसमें हर आयु वर्ग के महिला, पुरुष व बच्चे शामिल होते हैं।कपड़े व रेडीमेड दुकान, रंग पिचकारी व हरी सब्जियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देर शाम तक देखी जा रही है। विक्रेताओं द्वारा टाल क्षेत्र से हरा चना, पताकोबी, हरे पत्तेदार प्याज आदि बाजार में होली के निकट होने का एहसास करा रहे हैं।बता दें कि प्रखंड क्षेत्र का लगभग सभी घरों के लोग रोजी रोजगार या पढ़ाई के लिए दूसरे प्रदेश में रहते हैं। होली के मौके पर घर आना चाहते हैं जो शुरू हो गया है। जिस कारण महानगरों से आने वाली लगभग सभी रेलगाड़ी में खचाखच बिहार वारिस्यों की भीड़ भरी रह रही है।

**बाजार में बिक रही मिठाई मिलावटी या असली की जांच नहीं** : ऐसे तो बाजार में मिठाई सालों भर बिकती है। जिसे लोग खरीद कर खाते हैं। लेकिन पर्व त्यौहार के मौके पर मिठाई की मांग कई गुना बढ़ जाता है। जिस कारण मिलावटी और नकली मिठाई मिलने की आशंका बढ़ जाती है। जानकार लोग बताते हैं कि पर्व त्यौहार के मौके पर मांग बढ़ जाने से और लोकल स्तर पर उपलब्ध दूध की कमी के कारण नकली खोवा और नकली छेना का उपयोग मिठाई दुकानदारो द्वारा जमकर किया जाता है। हालांकि सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच कर उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। लेकिन कहीं कोई जांच अधिकारी किसी भी मिठाई दुकान में पहुंचकर जांच नहीं करते है।

**होली के पहले ही हरे चने की शुरू हो जाती है बिक्री**

होली पर्व के दौरान लोगो के बीच किसानों के द्वारा उपजाए गए हरे चने से बना विभिन्न व्यंजन जिसमें बचका काफी लोकप्रिय होता है। हालांकि कुछ वर्ष पहले तक हर चना सिर्फ होली के समय बाजार में बिकती थी। लेकिन अब चना की फसल तैयार होने के साथ ही अच्छी कीमत मिलने के कारण किसान चने को व्यवस्तयियों के हाथों बेच देते हैं। जिससे होली के पहले से ही बाजार में हरा चना मिलना शुरू हो जाता है। बाजार में बिक हरे हरे चने की खूब खरीदारी हो रही है। जो अभी 25 से 30 रुपये प्रति किलो बिक रही है। होली में अधिकांश हिन्दू घरों में उड़द के वेशन से बना दहीवड़ा काफी लोकप्रिय होता है। मेहमानों के स्वागत के लिए दहीबड़ा एवं चने का बचका काफी स्वादिष्ट व्यंजन माना जाता है। जिसकी तैयारी गृहिणियों द्वारा कर ली गई है। होली को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## होली में शराब कारोबारियों के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सूबे में पूर्ण शराबबंदी की घोषणा के नौ वर्ष को होने हैं। इस दौरान जहां प्रशासनिक महकमा लगातार इसकी सफलता को अभियान चला रहा है वहीं दूसरी ओर शराब माफिया इसकी तस्करी को रोज नई-नई तरकीब का इजाद कर रहे हैं। या यूं कहे कि जिले में पुलिस और शराब माफियाओं के बीच तू डाल-डाल तो मैं पात-पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। दूसरे राज्यों से शराब की तस्करी के कारोबार में जुटे कारोबारी पुलिस को चकमा देने के लिए रोज नये-नये हथकंडे अपना रहे हैं। फ़ेसर थाना की पुलिस द्वारा पुआल की गांज से अंग्रेजी शराब बरामद किया गया हैं। इस दौरान एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के बघोई गांव निवासी दिलीप राम के रूप में की गई। इसके पास से तलाशी के क्रम में 36 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया हैं । पूछाताछ में कारोबारी ने बताया कि होली पर शराब के डिमांड के अनुसार लोगों को पूर्ति करता हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी, एस आई राजकुमार यादव सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब का कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए रिसियप थाना की पुलिस ने बुधवार की सुबह सुंदरगंज बटाने नदी के समीप से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। थानाध्यक्ष निशा कुमारी ने बताया कि बटाने नदी से अवैध उत्खनन किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने पर नदी क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी गई थी। इसी क्रम में बुधवार की सुबह अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। हालांकि छापेमारी की भनक लगते हैं ट्रैक्टर का चालक फरार हो गया। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंची विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सदर प्रखण्ड अंतर्गत भदोखरा पंचायत के देवकी बिगहा ग्राम निवासी 24 वर्षीय गौरव कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद पुरे गाँव में मातम पसर गया है जबकि परिवार के सदस्यों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। 9 मार्च को अहले सुबह पावापुरी कंचनपुर के पास एक ट्रक का एक्सीडेंट हुआ था जिसमें ड्राइवर समेत दो लोगों की मौत हो गई थी । नवादा विधायक विभा देवी इस दुर्घटना की सूचना पाकर सोमवार को मृतक गौरव के आवास पर परिजनों से मुलाकात की। विधायक के पहुंचते ही मृतक की माँ और पत्नी समेत पूरा परिवार बिलख-बिलख कर रोने लगा। मां को बार बार बेहोसी आते देख विधायक ने पानी मार कर होस में लाया और अपने कंधे का सहारा देकर ढाढ़स बंधाया । उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं और हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि मृतक के आश्रितों को सरकारी सहायता दिलाने अथवा अन्य सरकारी सुविधाएँ मुहैया कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। मौके पर समाजसेवी ब्रजेंद्र कुशवाहा, सुरेन्द्र यादव, अनिल कुमार, सुरेन्द्र उपाध्याय, अरविन्द कुशवाहा, चंद्रू कुशवाहा इत्यादि शामिल थे ।

## 3.03 करोड़ की लागत से नवनिर्मित ग्रामीण सड़क में आधा दर्जन से अधिक गड्ढे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के लेंगूरा पंचायत में एनएच-31 से लालू मोड़ से धमौल गांव तक बने वर्ष 2024 में नवनिर्मित बनी सड़क बदहाल स्थिति में है। सड़क निर्माण के बाद छः महीने भी सड़क बेहतर स्थिति में नहीं रह पाई। वहीं 7.5 किलोमीटर बनी लंबी सड़क में आधा दर्जन छोटे-छोटे पुलिया है,जहां सड़क बनाने में काफी अनियमितता बरती गई है।इस अनियमितता के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होते रहती है।ग्रामीणों की मानें तो सड़क निर्माण के दौरान सड़कों की मरम्मती कर कालीकरण कर दिया गया है।वहीं



नवनिर्मित सड़क की जांच करने पर दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।सड़क निर्माण के दौरान लगाए गए योजना बोर्ड में पथ का नाम एनएच-31 लालू मोड़ से धमौल, पैकेज संख्या एमआरएन/2023-24/ रजौली/ 04 के 7.5 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 30280827 की राशि आवंटित की गई है।वहीं सड़क के पांच साल तक रख-रखाव के लिए 8630430 रुपए की राशि आवंटित है। सड़क का निर्माण 'निर्माण कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग' के द्वारा किया गया है। संवेदक द्वारा सड़क बनाने का कार्य 7 नवंबर 2023 से शुरू किया गया था एवं कार्य की समाप्ति 25 मई 2024 को हुई है,जबकि रख-रखाव वर्ष 2029 तक किया जाना है।ग्रामीण शिव शंकर कुमार,अजय राम,अजित कुमार समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ताविहीन सामग्रियों से किया गया था एवं सड़क के किनारे अच्छे ढंग से भराई का कार्य भी नहीं किया गया था,जिसके कारण सड़कों के बीचोंबीच एवं किनारे सड़कें टूटती जा रही है।वहीं अन्य ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में भारी घोटाले की बात कही है। इस बाबत ग्रामीण कार्य विभाग,रजौली के कार्यपालक अभियंता ई. अरविंद कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है।उन्होंने जांच कर उचित कार्रवाई करने की बात कही है।

## होली के गीतों और ढोल की थाप पर थिरके लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मदनपुर।** मदनपुर दुर्गा चौक पर होली के अवसर पर दुगोला संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बनियां पैक्स अध्यक्ष कौशल किशोर मेहता ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिकता की इस दौर में परंपरागत लोक संस्कृति लुप्त होते जा रहा है। दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम से न केवल मनोरंजन होता है बल्कि सामाजिक ताना बाना और लोक गायन संगीत से लोगों का मानसिक विकास होता है। दुगोला सांस्कृतिक एक




प्रतियोगितात्मक लोक गायन है जिसमें धार्मिक, ऐतिहासिक और सामाजिकता का उल्लेखन होता है। इस अवसर पर पूर्व मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष सह बनियां पैक्स अध्यक्ष कौशल किशोर मेहता, पूर्व मुखिया विनोद कुमार मिश्र, नारायण प्रसाद, बीरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू, सरपंच रोहन शर्मा, संजय ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।

## बच्चों की लिखित परीक्षा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पकरीबरावां।** प्रखंड के 128 प्रारंभिक विद्यालयों में वार्षिक मूल्यांकन के अंतर्गत वर्ग 3 से 8 तक का लिखित परीक्षा 12 मार्च से शुरू हुआ। परीक्षा 20 मार्च तक चलेगी। सभी शिक्षकों को वीक्षण कार्य हेतु प्रतिनियुक्ति अन्य विद्यालयों में किया गया है। प्रथम पाली में वर्ग 3 से 5 तक और द्वितीय पाली में वर्ग 6 से 8 तक के बच्चों की गणित की परीक्षा हुई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार (पश्चिमी) के शिक्षक संतोष कुमार एवं प्रीति कुमारी की प्रतिनियुक्ति प्राथमिक विद्यालय



केशोचक में की गई है। शोभा कुमारी, सुनीता कुमारी, धीरज कुमार एवं उजाला कुमारी की प्रतिनियुक्ति राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पकरीबरावां में किया गया है। परीक्षा का जायजा लिया जा रहा है।

## मॉडर्न में विद्यार्थियों ने किया होली मिलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के न्यू एरिया स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के सभागार में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ अनुज सिंह एवं मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के द्वारा संचालित सभी विद्यालयों के प्राचार्य एवं उपप्राचार्य के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। होली मिलन समारोह में विद्यालय के बच्चों ने जमकर आनंद उठाया, एक दूसरे को रंग, अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ अनुज ने कहा कि प्रकृति ने मनुष्य को कई सौगातें दी हैं उन्हीं में मौसम भी एक है। प्रत्येक मौसम हमें प्रकृति के अनेक रूप दिखाता है और हमें नए संदेश भी देता है। वैसे तो हर मौसम अपने आप में विशेष होता है, लेकिन उन सभी में फागुन का अपना अंदाज होता है। उन्होंने कहा कि रंगों के महा त्योहार इस होली का अपना महत्व है। यह हमारे जीवन में खुशियों और उल्लास के रंग भरता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पानी के दुरुपयोग न करने की सलाह दी। कहा कि पानी प्रकृति का



अनमोल उपहार है, इसलिए हमें सूखी होली खेलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक होली के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति की गई। राखी, साक्षी, प्रिया अनुराधा ग्रुप ने स्वागत गीत के साथ समारोह का आगाज किया। ऋषिका, आरूषि, आराध्या, वैष्णवी ग्रुप ने होलिया खेल राम लला गीत पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। मौके पर होरी खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा ...। होलिया में उड़े रे गुलाल.... सुरों का गुलाल उड़ा और बच्चों के संग अभिभावक भी मदमस्त नाचने लगे। कार्यक्रम का समापन सदा आनंद रहे यही द्वारे गीत पर कृष्णा एवं समूह ने अपने तराने के साथ किया साथ ही साथ उपस्थित अभिभावकगण, विद्यार्थीगण, शिक्षकगण होली त्योहार पर बनने वाले स्वादिष्ट मालपुआ, कचरी, दहीबड़े इत्यादि का आनंद भी उठाया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के शिक्षकों में से नृत्य शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार, संगीत शिक्षक पवन कुमार सिन्हा, अनिल विश्वकर्मा, सुजय कुमार, समीर सौरभ, चंद्रदीप प्रसाद, मनीष कुमार पांडेय, स्वीटी कुमारी, आशीष कुमार, कुमारी स्वीटी, माधवी कपूर, अंजना दीक्षित, कुमारी अनुमेहा, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित सभी शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

## हिलसा में दैनिक जनता दरबार में सुनी गईं जन शिकायतें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** अनुमंडल कार्यालय में बुधवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में एसडीओ प्रवीण कुमार ने 12 लोगों की शिकायतें सुनीं और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता धर्मेंद्र कुमार (ग्राम दीना विगहा, थाना इसलामपुर) ने बताया कि वाद संख्या 46 एम/2024 में निर्णय होने के बावजूद विपक्षी द्वारा अतिक्रमण जारी है। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की। लालती देवी (ग्राम दाहा विगहा, थाना हिलसा) ने आरोप लगाया कि विपक्षी उनकी जमीन पर कब्जे का प्रयास कर रहे हैं, जिस पर धारा 126 के तहत कार्रवाई की गई। वहीं, अखिलेश कुमार (ग्राम विशुनपुर, थाना तेल्हाड़ा) ने शिकायत की कि उनकी जमीन की मापी के दौरान विपक्षी पक्ष ने मारपीट कर मापी कार्य बाधित कर दिया। इस मामले में अंचल अधिकारी, एकंगरसराय को नियमानुसार आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## किसान मजदूर मोर्चा ने धरना स्थल पर किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड परिसर में बुधवार को किसान मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले किसानों ने धरना स्थल पर होली मिलन समारोह मनाया। किसानों का 57 वां दिन से धरना -प्रदर्शन जारी है। धरना की अध्यक्षता चन्द्रेश्वर यादव, लडू खां एवं संचालन विसुन देव यादव, संतोष गिरी ने किया। वही लड्डू खान धरना-प्रदर्शन मे रमजान में भी रोजा रखते हुए धरना में शामिल रहे। लड्डू खां , डा तुलसी यादव, सिद्दी यादव ने बुधवार को कहा कि धरना - स्थल



पर ही किसानों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पारंपरिक होली गीतों का आनंद उठाया एवं एक दूसरे को अबीर-गूलाल लगाकर होली की शुभकामना दिया। उन्होने कहा कि उत्तर कोयल नहर के कुट-कुट डैम में फाटक लगाने, अंगरा, कोटवारा एवं चेई नवादा शाखा के अधूरे कार्य को पूरा करने को लेकर अनिश्चितकालीन महाधरना 15 जनवरी से प्रारंभ है। जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हम लोगों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। उपस्थित लोगो ने कहा कि किसानों की मांग गरीबो के हित में है। अभी तक कोई भी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधी धरना पर सुधि लेने नही आये। इस मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, सुधीर चंद्रवंशी, भोला बर्मा, लालधारी चौधरी, शिवसंत शर्मा , कमलेश कुमार निरज, कामेश्वर यादव, गनौरी यादव, बुदुल यादव, समधी बोस, सूर्यदेव यादव, उमेश यादव, लालधारी यादव, खेलावन सिह, रणधीर सिंह, अजय यादव, सुरेंद्र यादव सहित दर्जनों जगहों के लोग शामिल थे।

## टीएस कॉलेज हिसुआ में होली मिलन समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** हिसुआ नगर परिषद स्थित मगध विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई टीएस कॉलेज हिसुआ में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी शिक्षक कर्मचारी एवं छात्रों को अबीर और गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि प्रेम और भाईचारा पर्व है। होली रंगों का तथा हंसी-खुशी का त्योहार है। प्राचार्य ने कहा कि यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है। रंगों का त्यौहार कहा जाने वाला यह पर्व पारंपरिक रूप से दो दिन मनाया जाता है। यह प्रमुखता से भारत तथा नेपाल में मनाया जाता है। इस अवसर पर शिक्षक संघ के सचिव डॉ अंजनी कुमार ने भी सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय राजदूत डॉ स्वर्गेश कुमार ने कहा कि भारत में होली का उत्सव अलग-अलग प्रदेशों में भिन्नता के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉक्टर



सुंदर शर्मा, डॉ भोला शंकर बरनवाल, डॉ मिथिलेश पासवान, प्रो अर्जून कुमार डॉ परमानंद राम, डॉ संजय कुमार चौहान, डॉ अमरदीप अंभोरे, डॉ पूनम भारती, डॉ धनंजय कुमार, डॉ अंजली कुमारी प्रधान सहायक राजेश कुमार, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, प्रयोगशाला प्रभारी अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा, किरण शर्मा, सिंधुकांत, शंकर कुमार, राधा रमन, बबीता कुमारी, संगीता देवी, रौशन कुमार, अविनाश कुमार सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक अनिल सिंह के होली मिलन समारोह में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पूर्व विधायक अनिल सिंह के आवास पर मंगलवार को भव्य होली मिलन समारोह हुआ। राजगीर रोड स्थित उनके आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षाविद, बुद्धिजीवी और हजारों की संख्या में स्थानीय लोग और विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से आए लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय कलाकार धर्मेंद्र कुमार उर्फ टन्ना के नेतृत्व में भक्ति होली से हुई। कन्हैया कुमार, चंदन कुमार, सोनू कुमार सहित अन्य कलाकारों ने 'घर ही कौशल्या मईया कर हई सगुनवा', 'बने बने राम जी के बीत हई फगुनवा', 'फागुन मस्त महिनवा हो', 'सिया झारे लामी केस', 'होली खेलें रधुवीरा अवध में' और 'बाबा हरिहर नाथ सोनपुर में होली खेले' जैसे फाग गीतों





की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनिल सिंह, नवादा के व्यवसायी राजीव सिन्हा, व्यापार मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत उर्फ विगन सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख रंजन शाही, प्रोफेसर जगत नारायण प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष मंगल सिंह, दुर्गेश सिंह, चुन्नू सिंह, गुज्जो सिंह, एबीवीपी के रौशन कुमार, शिवनारायण कुमार, टुल्लू सिंह अहिर, मुखिया जी, मुरारी सिंह, वरुण उर्फ गांधी सहित भाजपा, बजरंग दल और एबीवीपी के हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व विधायक अनिल सिंह ने समारोह में पहुंचे लोगों का अबीर-गुलाल से स्वागत किया। बुजुर्गों के पैर पर अबीर लगाकर आशीर्वाद लिया। लोगों ने भी उन्हें टीका लगाकर शुभकामनाएं दीं।

## बिजली विभाग ने की छापेमारी, तीन पर प्राथमिकी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में बिजली विभाग ने छापामारी किया। टीम ने कुल तीन लोगों पर जुर्माना लगाते हुए थाने में प्राथमिककी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में चेरों गांव निवासी भोला ठाकुर पर 14396, काजीचक गांव निवासी मनोज यादव पर 13913 और गोवाचक गांव निवासी अलख देव सिंह पर 26029 रुपया का जुर्माना लगाया गया। जेई जयप्रकाश चैधरी ने बताया कि सभी उपभोक्ता मीटर बायपास कर बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं: कॉम/एटीएम/एएसएन/मंडल** **दिनांक 11.03.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301, अनुबंध प्रदान करने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी आमंत्रित करता है। जिसका विवरण इस प्रकार है:- **नीलामी की श्रेणी:** एटीएम; **ई-नीलामी कैटलॉग संख्या: एएसएन-एटीएम-26-03; नीलामी शुरू होने का विवरण:** 26.03.2025 दोपहर 12:00 बजे; **स्टेशन/स्थान/ट्रेन नंबर और एसएलआर का नाम:** आसनसोल स्टेशन और कॉलोनी क्षेत्र के पास निम्नलिखित स्थानों पर एटीएम की स्थापना:- (i) वीआईपी रोड और जीटी रोड के प्रवेश द्वार के पास एटीएम, (ii) ट्रैफिक जिम्नेजियम और जीटी रोड के पास एटीएम, (iii) वीआईपी रोड में एटीएम। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूरी जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं और दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपरोक्त उल्लिखित ई-नीलामी में भाग लें। **(ASN-374/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: एसडीएसटीई-एलएचएस-पब-17गेट-पी-ए; दिनांक : 11.03.2025,** डिवीजनल सिग्नल और टेलीकॉम इंजीनियर-1, पूर्वी रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा - 711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा डिवीजन के 17 गेटों पर एलएचएस/आरयूबी द्वारा मानवयुक्त एलसी गेटों को हटाना; **बोली का प्रकार:** सामान्य निविदा; **निविदा का प्रकार:** खुला; **निविदा बंद होने की तिथि:** 03.04.2025 15:00 बजे। **विज्ञापित मूल्य (रु.):** 1,11,31,984.00; **बोली शैली:** प्रत्येक अनुसूचित वस्तु के लिए सिंगल दर; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा (रु.) :** 2,05,700.00; **निविदा दस्तावेज लागत (रु.) :** 0.00; **अनुबंध का प्रकार:** कार्य; **बोली प्रारंभ तिथि:** 20.03.2025; **बोलियों के लिए रैंकिंग क्रम:** निम्नतम से उच्चतम; **बोली प्रणाली:** सिंगल पैकेट; **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 11.03.2025 को 15.07 बजे; **निविदा अनुभाग:** एस और टी; **प्रस्ताव की वैधता (दिन):** 60; **समापन की अवधि:** 6 महीने; **अनुबंध श्रेणी:** व्यय।

(HWH-667/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आपस में भिड़े

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान परिषद में बुधवार को राज्य की कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच तीखी बहस हुई। सदन में दोनों ने एक दूसरे पर जम कर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। राबड़ी देवी ने कहा कि बिहार में कोई काम नहीं हो रहा है, इस पर मुख्यमंत्री भड़क गए। उन्होंने कहा कि राबड़ी के राज में कोई काम नहीं हुआ। नीतीश कुमार लगातार वर्ष 2005 के पूर्व के शासनकाल में बिहार के विकास में बाधक होने के लिए लालू-राबड़ी राज को निशाने पर लेते रहे। उन्होंने राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए कहा कि जब इनके पति हट गये, तब इन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया। हंगामा बढ़ते देख सभापति अवधेश नारायण सिंह अपनी सीट से खड़े हो गए और दोनों पक्ष को शांत कराने की कोशिश की। दरअसल, सदन में सत्ता पक्ष की टिप्पणी पर राबड़ी देवी ने आपत्ति जताई। उन्होंने वर्ष 2005 के पूर्व बिहार में कुछ नहीं होने के सत्ता पक्ष के आरोपों पर नाराजगी जताई। उन्होंने नीतीश कुमार को भी निशाने पर लिया और कटाक्ष करते हुए कहा कि आपके घर के लोग कपड़ा भी नहीं पहनते थे। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जोरदार तरीके से प्रतिकार किया। उन्होंने राबड़ी देवी को कहा कि जिस दौर में आप मुख्यमंत्री थीं, हम भी केंद्र में मंत्री थे। मैंने देखा है कि कैसे बिहार में कोई काम नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि पहले क्या हाल था, महिलाओं की क्या स्थिति थी, महिलाएं कितनी पढ़ी लिखी थी, हमने महिलाओं के लिए काफी काम किया है। नीतीश कुमार जब लालू-राबड़ी राज पर हमला बोल रहे थे, तब विपक्षी सदस्य वेल में पहुंच गए। राजद की तरफ से राबड़ी देवी, सुनील सिंह व अन्य सदस्य नीतीश कुमार की सरकार पर प्रहार कर रहे थे। राबड़ी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं का केवल अपमान किया है। नीतीश कुमार के कान में कुछ लोग फूंकते रहते हैं, इसके बाद नीतीश कुमार अपमान करते हैं। ये महिलाओं का लगातार अपमान कर रहे हैं। उनकी बातों को अनसुनी कर नीतीश कुमार लगातार अपनी बात कहते रहे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बिहार में राजद शासन में कोई काम नहीं हुआ है। इनको कहा कि इनके पति को 3 साल मौका दिया पर कुछ नहीं हुआ आखिर में छोड़कर इधर चले आए। नीतीश कुमार ने कहा कि पहले बिहार में चलने की जगह नहीं थी। पूरे बिहार में चलने लायक सड़क बनवाया। इस बीच सदन में जोरदार हंगामा होता रहा। इसी बीच राबड़ी देवी सहित राजद के सदस्य सदन से बाहर चले गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐलान किया कि जल्द ही 2005 से अब तक किये गये कामों को सदन के पटल पर रखा जाएगा। पहले 2005 से 2010 के कामों को सदन में रखा जाएगा। फिर 2010 से 15 और 25 तक के कामों को बताया जाएगा। उन्होंने कहा अब ये लोग चले ही गए तो क्या सुनेंगे? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी बात रखनी आगे भी जारी रखी।

# दरभंगा की मेयर अंजुम आरा के बयान पर गरमायी सियासत

## अंजुम आरा ने बाद में माफी मांगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दरभंगा की मेयर अंजुम आरा के इस बयान पर सूबे की सियासत गरमा गई कि मुसलमानों को जुमे की नमाज अदा करने के लिए होली में दो घंटे का ब्रेक लगना चाहिए। भाजपा ने जहां इसका कड़ा विरोध किया वहीं जदयू नेताओं ने भी अंजुम आरा के बयान का समर्थन नहीं किया। जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने अंजुम आरा के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि इस तरह का बयान सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाला है। होली के दिन होली बंद कर दीजिए, ये सब गलत बयान है। बिहार प्रेम और भाईचारा के साथ चलता है। सभी जाति और धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने की मंशा हमारे नेता नीतीश कुमार की रही है। उनका कहना है कि पूरा बिहार मेरा परिवार है। अशोक चौधरी ने कहा कि सरकार की यह हमेशा कोशिश रही है कि किसी भी जाति या समुदाय के लोगों के साथ कोई अन्याय न हो और न्याय के साथ विकास सरकार का नारा रहा है। ऐसे बयान से हम लोग किसी तरह का मतलब नहीं रखते हैं। ऐसे लोग अगर किसी भी पार्टी में हैं तो उन्हें तत्काल निकाल ही देना चाहिए। पता नहीं कि अंजुम आरा पार्टी में हैं भी या नहीं हैं। वहीं, भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने तो यहां तक दिया कि वो मेयर आतंकवादी मानसिकता वाली महिला है। वो गजवा-ए-हिंद मानसिकता वाली महिला है। उन्होंने कहा है कि उसके परिवार को हम जानते हैं। वो कैसे रोक लेगी होली? होली नहीं रुकेगी, नहीं रुकेगी, नहीं रुकेगी। उन्होंने कहा कि एक मिनट के लिए भी होली का कार्यक्रम नहीं रुकेगा। हालांकि बाद में मेयर अंजुम आरा ने अपने बयान पर खेद जताया है। उन्होंने नमाज के लिए होली ब्रेक लेने की सलाह देने पर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मीडिया ने मेरी बात को बढ़ा-चढ़ाकर बताया है।

# होली की पूर्व संध्या पर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में हास्य कवि सम्मेलन आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** महाप्रबंधक की अध्यक्षता में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर द्वारा हास्य कवि-सम्मेलन का आयोजन महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक व प्रधान विभागाध्यक्षों व आमंत्रित कवियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों का स्वागत किया और कहा कि इनकी कविताओं में अबीर होगा, गुलाल होगा और रंगों का संसार होगा। साथ ही उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। अपर महाप्रबंधक ने आमंत्रित कवियों का स्वागत करते हुए कहा कि हास्य कवि सम्मेलन होली और हास्य का अद्भुत मिलन होता है। मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय रेल हमारे देश को भौगोलिक रूप से एक सूत्र में जोड़ती है उसी प्रकार हिंदी हमारे देश के करोड़ों लोगों के हृदय को एक विराट हृदय में पिरोती है। इस कवि-सम्मेलन में नामचीन शायरा आराधना प्रसाद, शायर समीर परिमल, कमल किशोर वर्मा, सीमा रानी, अमीर हमजा उन्होंने अपनी लाजबाव शायरी और प्रस्तुति से महफिल को जीत लिया।

# बी. डी. कॉलेज, पटना के छात्र-छात्राओं ने किया वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के छात्रों ने कॉलेज ऑफ कॉमर्स, पटना में आयोजित अंतर-महाविद्यालयीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पक्ष एवं विपक्ष' विषय पर हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई थी। शिक्षक डॉ. सत्येंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में छात्रों ने भाग लिया जिसमें अमन राज साहनी ने हिंदी भाषा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रिया कुमारी को अंग्रेजी में द्वितीय स्थान और राहुल राज को हिंदी में द्वितीय स्थान मिला। छात्रों की इस उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर विवेकानंद सिंह एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। मीडिया प्रभारी डॉ अमित कुमार ने बताया कि इस सफलता ने बी. डी. कॉलेज, पटना की प्रतिभा और उत्कृष्ट वाद-विवाद कौशल को उजागर किया है।

# उचक्के ने गायब किया मोबाइल

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** मोबाइल पैकेटमारों से सावधान रहिए दरअसल मसौढ़ी बाजार में होली पर्व को लेकर उमड़ रही खरीदारों की भीड़ को देखते हुए मोबाइल से पैकेट गायब करने वाले उच्चके भी इन दिनों सक्रिय हो गए हैं। दरअसल मामला बुधवार का है जहां सब्जी मंडी में सब्जी की खरीदारी कर रहे हैं। एक व्यक्ति के उपर वाले पैकेट से मोबाइल पॉकेटमारों ने गायब कर दिया। पीड़ित का नाम विजय कुमार रजक, पिता स्व दीप नारायण रजक, मोहिउद्दीनपुर का निवासी है। पीड़ित ने बताया कि सब्जी मंडी में खरीदारी करने के दौरान ऊपर वाले पैकेट में रखे हुए 17 हजार रुपए का एंड्रॉयड फोन खरीदारी के दौरान पॉकेट मार लिया।

# भाजपा विधायक ने किया तेजस्वी पर पलटवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के 'बाप का राज' वाले बयान पर पलटवार किया है। बचौल ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि मेरा बाप सजायाफ्ता नहीं है, चारा नहीं खाया, जेल नहीं गया है। उनके बाप कहते थे कि जेल जाएंगे तो खून की नदियां बह जाएंगी, मेरा बाप ऐसा नहीं बोला था।

बचौल ने कहा कि उनके पिताजी बोलते थे कि मेरे लाश पर बिहार का विभाजन होगा, झारखंड बनेगा। तेजस्वी के बयान 'कौन है बचौल' पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बचौल बिस्फी से बिहार विधानसभा का सदस्य है और एक ईमानदार, इस बिहार की जनता के लिए मरने वाला, मिटने वाला इंसान है। घोटालेबाज, घपलेबाज बचौल नहीं है। उल्लेखनीय है कि बचौल ने बीते दिनों कहा था कि जिन मुसलमानों को रंगों से परेशानी हो, वे होली के दिन बाहर नहीं निकलें, अपने घर के अंदर रहें। बचौल के इस बयान पर ही तेजस्वी यादव ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि यह आपके 'बाप का राज' नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विधायक को फटकार लगाने और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का भी अनुरोध किया था।

# युवा ने लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सामग्री सहज उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से नवनीत एज्युकेशन के ब्रांड युवा ने ए4 आकार की लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई है जिससे टिकाऊपन और किफायती दर का संतुलन बना रहे। यह निर्णय कच्चे माल की कीमतों में आई गिरावट के कारण लिया गया है। इसके चलते युवा को कीमत कम करने का अवसर मिला और इस लाभ को छात्रों व प्रोफेशनल्स तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई 172 पृष्ठों की लॉन्ग बुक अब 65 रुपये में और 140 पृष्ठों की लॉन्ग बुक 55 रुपये की अविश्वसनीय कीमत पर उपलब्ध है। यह हर प्रकार की लेखन आवश्यकताओं के लिए एक स्मार्ट विकल्प है। शिक्षा और आसान उपलब्धता पर जोर देते हुए युवा अपने उत्पादनों का विस्तार कर रहा है ताकि छात्रों को अधिक खर्च किए बिना बेहतर लेखन अनुभव मिल सके। कीमत में कटौती पर प्रतिक्रिया देते हुए युवा स्टेशनरी के चीफ स्ट्रैटजी ऑफिसर अभिजीत सान्याल ने कहा कच्चे माल की कीमत घटने से हमें अपनी लॉन्ग बुक्स को और किफायती दरों पर उपलब्ध कराने का अवसर मिला। एक ऐसे ब्रांड के रूप में जो शिक्षा को समर्थन देता है। हमारा मानना है कि हर छात्र को सर्वोत्तम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सामग्री मिलनी चाहिए।

# डॉ नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में चला स्वच्छता जागरुकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा राजा बाजार एरिया में स्वच्छता जागरूकता अभियान नगर निगम की स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में चलाया गया जिसमें इंदिरा आईवीएफ के ब्रांच हेड डॉ दया निधि तथा कई दूसरे समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नीतू नवगीत ने कहा कि साफ-सफाई सभी नागरिकों की बुनियादी आवश्यकता है। हम सबको मिलकर सड़कों और फुटपाथों की सफाई करनी चाहिए। ठोस एवं तरल अपशिष्टों के बेहतर प्रबंधन के लिए सांस्थानिक प्रबंधन की जितनी आवश्यकता है, उतना ही जरूरी जन सहयोग भी है। सब मिलकर काम करेंगे तो शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना आसान हो जाएगा। स्वच्छता एक स्वस्थ जीवन और लंबी आयु के लिए भी बेहद जरूरी है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को भी साफ-सफाई की आदत डलवानी चाहिए और उन्हें यह बताना जरूरी है कि स्वच्छता का मतलब सिर्फ घर का साफ रहना नहीं है बल्कि शहर और देश की स्वच्छता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डॉक्टर दया निधि ने कहा कि स्वच्छता हमें मानसिक, शारीरिक सामाजिक और बौद्धिक हर तरीके से स्वस्थ बनाता है। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में डॉक्टर सुनीता कुमार, डॉ रीना रानी, डॉक्टर पूजा हेगडे, डॉ शिप्रा भारती, रजनीश विवेक आदि ने भी हिस्सा लिया।

# होली मिलन कार्यक्रम में गरीब बच्चों के चेहरों पर खिली खुशियां



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री गोपी कृष्ण गोआश्रम में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन गोआश्रम द्वारा किया गया जिसमें सौ से अधिक गरीब बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोआश्रम संचालक गोपाल कृष्ण ने इस अवसर पर बच्चों को पिचकारी, गुलाल, टोपी, बिस्कुट, चिप्स आदि वितरित किए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। गोपाल जी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वंचित बच्चों को होली के रंगों की खुशियों से जोड़ना था। बच्चों ने पूरे उमंग और उत्साह के साथ एक-दूसरे को रंग लगाकर और मस्ती भरी होली खेलकर इस पर्व का आनंद लिया।

# देसी पिस्तौल, पांच मोबाइल समेत बोलेरो जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** वाहन चेकिंग के दौरान कादिरगंज पुलिस ने एक बोलेरो पर सवार पांच युवकों को एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया जिसमें एक बच्चा 16 साल का है, यह सभी गिरफ्तार आरोपी घोसी थाना क्षेत्र के मोकम बीघा गांव के रहने वाले हैं जो घोसी से नौबतपुर अपने दोस्त की शादी में बाराती बनकर जा रहे थे। वहीं होली पर्व को लेकर चल रहे जांच अभियान के दौरान कादिरगंज थाने ने धर दबोचा। कादिरगंज थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि बोलेरो पर सवार कुल पांच युवकों में से एक नाबालिग है और चार युवक हैं जिनके पास एक देसी कट्टा के साथ उन्हें जब्त किया गया है। यह बोलेरो गाड़ी उसके बहनोई का है, लेकिन अभी तक गाड़ी का कागज विग्रह नहीं दिखा पाया वह भी सस्पेक्ट है। गिरफ्तार आरोपियों में से लक्ष्मण कुमार पिता धूरी राय, आयुष कुमार पिता सतीश प्रसाद, अभिषेक कुमार पिता शिव शंकर यादव, नीरज कुमार पिता राजनंद यादव सभी आरोपी मोकम बीघा गांव के हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है अन्य सभी चीजों की जांच पड़ताल की जा रही है।

# हुड़दंगियों की खैर नहीं, धनरूआ पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** होली पर्व एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। ऐसे में धनरूआ पुलिस बुधवार को पूरे शहर में फ्लैग मार्च करते हुए एरिया डोमिनेशन किया। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि होली में हुड़दंगियों के लिए खैर नहीं है। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। सभी चौक-चौराहे पर लगातार गश्ती दल तैनात रहेंगे। हर गांव में धारा 107 की कार्रवाई निरंतर चल रही है। होली पर्व को शांति सौहार्द के साथ मनाने के लिए सभी धनरूआ वासियों से अपील की गई है। इसके साथ ही सभी पुलिस पदाधिकारी को ड्यूटी पर तैनात कर दिया गया है। धनरूआ में तकरीबन 25 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा होलिका दहन को लेकर सभी जगह पर पुलिस की गश्ती तेज कर दी गई है जहां-जहां होलिका दहन को लेकर स्थल को चिन्हित किया गया है वहां पर विधि व्यवस्था के लिए सभी चौकीदारों की ड्यूटी लगा दी गई है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** पटना-गया नेशनल हाइवे 22 पर पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी के पास में रफ्तार का कहर बरपा। अज्ञात हाइवा ट्रक के चपेट में 45 भेडों का झुंड आ गए। 17 भेड़ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि भेड़ ले जा रहे वाहक की भी मौत हो गई। मृतक का नाम मिथिलेश भगत चैनपुर भगवानगंज का है। इसके अलावा 17 भेड़ जख्मी हो गए जिससे गुस्साए स्थानीय लोगों ने जमकर सड़क पर बवाल काटा और सड़क जाम कर दिया जिससे यातायात बाधित हो गया। सूचना पाकर पुनपुन पुलिस एवं आसपास की पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह समझा-बुझा कर सड़क परिचालन को शुरू करवाया। मौके पर पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि भगवानगंज थाना क्षेत्र के मिथिलेश भगत अपने 45 भेड़ की झुंड को लेकर जहानाबाद की ओर जा रहे थे। इस दौरान पटना की ओर से अज्ञात ट्रक जो गया की ओर जा रहा था वह 45 भेड़ के झुंड में टक्कर मार दिया जहां मौके पर उसकी भी मौत हो गई। वहीं 17 भेड़ की मौत हो गई, दर्जनों घायल है। पशुपालन पदाधिकारी को इसमें खबर दी गई है कि तत्काल 20 हजारों की राशि मुआवजे के तौर पर दी गई है। भगवानगंज पंचायत के मुखिया पहुंचे एवं पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। यातायात व्यवस्था बहाल कर दी गई है।

# शिवाजी महाराज स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अन्तर्गत आयोजित निरंतर 30वां संभाषण शिविर 'छत्रपति शिवाजी महाराज स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर' का उद्घाटन समारोह अति भव्यता और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. मुकेश कुमार ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र और संस्कृति के रक्षक भी थे। उद्घाटनकर्ता डॉ. अनिल कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह सचिव एवं इस अभियान के प्रधान संरक्षक ने अपने वक्तव्य में कहा छत्रपति शिवाजी महाराज की नीतियां केवल उनके काल तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वे आज भी प्रशासन, युद्धनीति और राष्ट्रनिर्माण के लिए अनुकरणीय हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र पति त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन राष्ट्रभक्ति और शौर्य का अद्वितीय उदाहरण है। विशिष्ट अतिथि एवं संस्कृत गीतकार डॉ. अनिल कुमार चौबे, मुख्य वक्ता शैलेन्द्र सिन्हा, राष्ट्रीय संयोजिका, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के डॉ. रागिनी वर्मा, वैदिक मंगलाचरण कर्ता उग्र नारायण राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान ने भी अपने विचार प्रकट किए। मंच संचालन पिंटू कुमार, राष्ट्रीय संयोजक, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं दिल्ली विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के शोधार्थी ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया।

# इंदिरा आईवीएफ के होली मिलन में खेली गई फूलों की होली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**खगौल (पटना)।** इंदिरा आईवीएफ, पटना की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें बरसाने की लठ मार होली और फूलों की होली के साथ गजल, पुराने यादगार गीतों, मुखौटा डांस आदि के प्रस्तुतियों से दर्शक हुए आत्म विभोर। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत, इंदिरा आईवीएफ, बिहार और झारखंड के हेड डॉ दयानिधि, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ अनुजा मिश्रा, संगीतकार डॉ पवन अग्रवाल, यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, बिहार राज्य शाखा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर मधुकर, आर के लाल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रज्वल अग्रवाल ने किया। पटना नगर निगम की स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने अपने भोजपुरी होली गीतों से सबों को अपने साथ नाचने गाने और तालियों बजाने को मजबूर कर दी। कार्यक्रम का शुभारंभ पापड़ी घोष के गणेश वंदना से हुआ। गायक एवं संगीतकार डॉ पवन अग्रवाल (काकुल दा) ने अपने गजल से सबों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का समापन श्रेया गोस्वामी और रुध मजूमदार के मनमोहक वृन्दावन के रंगों के जगह, फूलों की होली से हुआ। वहीं सम्राट अध्या ने अपने मुखौटा नृत्य से दर्शकों को तालियों बजाते रहने पर किया मजबूर। जाने-माने गायक मुकेश के गीतों को गाने वाले आर के लाल और विश्व बंधु आदि ने भी अपने भी मधुर आवाज में गाए गीतों से सबों का मनमोह लिया। इस आयोजन में ज्यादा महिलाओं के साथ उनके छोटे-छोटे बच्चों ने भी जम कर धमाल मचाया। इंदिरा आईवीएफ बिहार और झारखंड के हेड डॉ दयानिधि ने भी परिवार के साथ जम कर होली गीतों पर डांस कर सब को अपने साथ झूमने-नाचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर इंदिरा आईवीएफ की ओर से कार्यक्रम में शामिल कलाकारों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# खाटूश्याम के महाभंडारे में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के संस्थापक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) की ओर से प्रत्येक एकादशी- द्वादशी बुधवार को शाम पांच बजे से देवी स्थान मंदिर जहाजी कोठी के समीप कदमकुआं में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें करीब 3000 से 3500 लोगों ने श्याम बाबा का प्रसाद पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, रायता, बुंदिया, भुजिया ग्रहण किए। एम पी जैन ने बताया कि भंडारे के आयोजन में आनन्द डालमिया, मुकेश हिसारिया, शेखर बागड़िया, जितेंद्र कुमार जीतू, संजय टेकरीवाल, सुनील कनोडिया, सचिन डालमिया, अनुज गुप्ता, शुभम सर्राफ, कमलेश सिंह, अनंत अग्रवाल, राजेश बजाज, सज्जन चौधरी, अजय शर्मा, केशव अग्रवाल, रिषभ अग्रवाल, अरविंद सर्राफ, आलोक अग्रवाल, राजेश बजाज और सतीश अग्रवाल ने सहयोग किया।

# महामारी की तरह फैल रही है किडनी की बीमारी, जागरूकता ही बचाव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** वर्ल्ड किडनी दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किडनी ट्रांसप्लांट और डायलिसिस के मरीजों के साथ-साथ किडनी डोनर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नेफ्रोलॉजी विभाग के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शशि कुमार ने बताया कि किडनी रोग महामारी की तरह फैल रहा है। उन्होंने कहा कि 10 से 17 प्रतिशत भारतीय किडनी से संबंधित बीमारियों से ग्रसित हैं। हाई रिस्क पॉपुलेशन जैसे - हाई बीपी, डायबिटीज के मरीज, 45-50 वर्ष से अधिक उम्र के लोग तथा जिनके परिवार में किडनी रोगी हैं, उनमें यह बीमारी 30 से 40 प्रतिशत तक पाई जाती है। ऐसे लोगों को समय-समय पर जांच करानी चाहिए ताकि शुरुआती दौर में बीमारी का पता चल सके और समय पर इलाज शुरू किया जा सके। इससे डायलिसिस या ट्रांसप्लांट की नौबत टल सकती है। वहीं नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. जमशेद अनवर ने बताया कि ब्लड प्रेशर, दर्द निवारक दवाओं का अधिक सेवन और संक्रमण किडनी रोगों के प्रमुख कारण हैं। यूरोलॉजिस्ट डॉ. विकास कुमार ने कहा कि आजकल कम उम्र के लोगों में भी यह बीमारी तेजी से फैल रही है।

## संपादकीय

# क्या चाहते हैं राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिस तरह की साफगोई दिखाई, उसे उनके किसी सामान्य बयान की तरह नहीं लिया जा सकता। सार्वजनिक तौर पर पार्टी नेताओं के एक हिस्से को विरोधी पार्टी से मिलीभगत का दोषी बताना किसी भी नेतृत्व के लिए जोखिम भरा काम है। कांग्रेस नेतृत्व ने यह जोखिम सोच-समझ कर ही उठाया होगा, लेकिन इसके पीछे वास्तव में उसकी कितनी तैयारी है, यह पार्टी के आगामी कदमों से स्पष्ट होगा। राहुल गांधी के बयान की कुछ बातें खास तौर से ध्यान देने लायक हैं। मसलन- उन्होंने पार्टी की विचारधारा को सर्वोच्च कसौटी बनाने की बात कहते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि इसे वे चुनावी हार-जीत से जोड़कर न देखें। जाहिर है, उनकी नजर इस बात पर है कि कांग्रेस सही अर्थों में बीजेपी का विकल्प बनी रहे। ध्यान देने की बात है कि राहुल गांधी अपने भाषणों में बीजेपी के मौजूदा नेतृत्व की या बीजेपी की ही आलोचना तक खुद को सीमित नहीं रखते। वह बहस को सावरकर बनाम गांधी और संघ बनाम कांग्रेस की ओर ले जाने की कोशिश लगातार करते रहे हैं। विपक्षी ब्लॉक ढ्ढ.हृ.ष्ठ.ढ्ढ.. के अन्य दल और नेता इस मामले में उतने आक्रामक नहीं दिखते। इस लिहाज से अहमदाबाद में कही गई राहुल गांधी की बातें उनके दीर्घकालिक नजरिए के अनुरूप ही हैं। अगर राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी को अपनी इस लाइन पर संगठित करते हुए कथित बीजेपी समर्थक मन-मिजाज वाले नेताओं से पार्टी को मुक्त कर लेते हैं तो वोटरों के लिहाज से यह इस मायने में अच्छा होगा कि उनके सामने दोनों विकल्प पूरी तरह स्पष्ट होंगे। वे चाहें तो भारतीयता को लेकर संघ की दृष्टि को चुनें या कांग्रेस के नजरिए से सहमति दिखाएं या बारी-बारी दोनों को आजमाते रहें। लेकिन ऐसा नहीं होगा कि एक के भ्रम में दूसरे को चुन लें और छला हुआ महसूस करें। बहरहाल, एक राजनीतिक दल के रूप में कांग्रेस को हर चुनाव का सामना करना है। ऐसे में उसका नेतृत्व चाहे या न चाहे उसके हर कदम, हर फैसले को चुनावी कसौटी से गुजरना ही होगा। राहुल गांधी के ताजा बयान की भी सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि दो साल बाद होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में वह पार्टी के लिए कितना फायदेमंद या नुकसानदेह साबित होता है।

# अमेरिका अब आसरा नहीं रहा

**5 मार्च को 'एड्रेस टु द नेशन' में ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको, कनाडा और चीन के बाद वह अब भारत, ब्राजील सहित कई देशों पर उतना ही सीमा शुल्क लागू करेंगे, जितना वे अमेरिका से वसूलते रहे हैं। उम्मीद के अनुरूप इन देशों ने तत्काल पलटवार किया और शेयर बाजारों में इसकी विपरीत प्रतिक्रिया हुई। विश्व भर के निवेशकों को अपने अरबों डॉलर डूबते नजर आने लगे। इससे मची चिल्ल-पों से सकते में आए डोनाल्ड ट्रंप ने तीन देशों पर थोपे गए कर-युद्ध को 2 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है, पर कयास कायम है, बकरे की मां भला कब तक खैर मनाएगी?**

(शशि शेखर)

'जब आप शैतान से कोई समझौता करते हैं, तो वह अपना बकाया वसूलने पलटकर जरूर आता है।' काश! तीन बरस पहले अमेरिका के भरोसे रूस को आंखें दिखाते वक्त वोलोदिमीर जेलेंस्की को यह सीख याद आई होती, तो आज उनकी और उनके देशवासियों की यह दुर्दशा न होती। यूक्रेन के लोग रूस और अमेरिका, दोनों के छल का शिकार हुए हैं, लेकिन आज की चर्चा अमेरिका के बदले रुख-रवैये पर। इसने समूची दुनिया को झिंझोड़कर रख दिया है।

5 मार्च को 'एड्रेस टु द नेशन' में ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको, कनाडा और चीन के बाद वह अब भारत, ब्राजील सहित कई देशों पर उतना ही सीमा शुल्क लागू करेंगे, जितना वे अमेरिका से वसूलते रहे हैं। उम्मीद के अनुरूप इन देशों ने तत्काल पलटवार किया और शेयर बाजारों में इसकी विपरीत प्रतिक्रिया हुई। विश्व भर के निवेशकों को अपने अरबों डॉलर डूबते नजर आने लगे। इससे मची चिल्ल-पों से सकते में आए डोनाल्ड ट्रंप ने तीन देशों पर थोपे गए कर-युद्ध को 2 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है, पर कयास कायम है, बकरे की मां भला कब तक खैर मनाएगी?

यही वजह है कि तमाम अर्थशास्त्री मुनादी कर रहे हैं कि ट्रंप साहब यदि 2 अप्रैल को अपनी जिद पूरी कर लेते हैं, तो दुनिया के बाजार मंदी की मार से बेहाल हो जाएंगे। मंदी आएगी या नहीं, आएगी तो कितनी और कब तक उसका कहर कायम रहेगा? इन सवालों के निश्चित जवाब भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन इतना तय है कि आने वाले महीने निम्न मध्यवर्ग और निचले तबकों पर भारी पड़ने वाले हैं। अप्रैल में अगर कर-युद्ध शुरू हो गया, तो महंगाई नई पींगें भर सकती है।

अब तक व्यापारिक संरक्षणवाद की मुखालफत करने वाले अमेरिका का यह रवैया क्या संरक्षणवाद को आगे बढ़ाने वाला नहीं है? ट्रंप को नजदीक से जानने वाले उन्हें हमेशा से संरक्षणवादी और साम्राज्यवादी मानते हैं। उन्होंने जिस तरह मेक्सिको खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने के लिए दबाव बनाया, क्या वह उनकी साम्राज्यवादी सोच को उजागर नहीं करता है? इससे पहले वह कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने और ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धौंस दे चुके हैं। जस्टिन ट्रूडो को यदा-कदा कनाडा का गवर्नर बताते हुए उनकी खिल्ली उड़ाना भी यही जाहिर करता है।

यहां सवाल उठना लाजिमी है कि क्या ट्रंप कनाडा और ग्रीनलैंड पर कोई सामरिक कार्रवाई करने का साहस करेंगे? अगर आंशिक तौर पर भी ऐसा होता है, तो फिर चीन को ताइवान और भारत को पाक अधिकृत कश्मीर संबंधी अपनी आकांक्षा पूरी करने से कौन रोक सकता है? आप चाहें, तो यहां भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस बयान पर नजर डाल सकते हैं। लंदन के चैथम हाउस में एक पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम जिस चीज का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी है, जो अवैध पाकिस्तानी कब्जे में है। जब यह वापसी हो जाएगी, तो मैं आपको आश्वासन देता हूं कि कश्मीर समस्या का समाधान हो जाएगा।' तय है, ये दिन मौजूदा विश्व व्यवस्था में बड़े उलटफेर के लिए याद किए जाएंगे।



हालांकि, दुनिया के निजाम में दरकन का आरंभ सन् 1991 में उसी वक्त हो गया था, जब इराक पर अमेरिका और उसके मित्र देशों ने हमला बोल दिया था। उस समय संयुक्त राष्ट्र संघ सहित दुनिया के तमाम संगठनों ने इन ताकतवर देशों के सामने घुटने टेक दिए थे। कुछ बरस बाद अफगानिस्तान में यही खूनी खेल दोहराया गया। दोनों ही देशों में स्थानीय जनता से लोकतंत्र, समता और बंधुत्व के तमाम वायदे किए गए, लेकिन अपना मतलब निकल जाने के बाद उन्हें अधर में छोड़कर अमेरिकी फौजें स्वदेश कूच कर गईं। अफगानिस्तान में तो तालिबान ने सात हजार से अधिक उन दुभाषियों को मार डाला, जो मित्र देशों की फौज को भाषायी सहायता मुहैया कराते थे। इनमें से बहुतों को अमेरिकी नागरिकता का प्रलोभन भी दिया गया था।

बाद में यूक्रेन पर रूस के हमले और इजरायल के गाजा नरसंहार से यह तय हो गया कि ये विश्व संस्थाएं, जो 1945 से अब तक अमेरिकी सरपरस्ती में स्वतंत्रता, संप्रभुता और मानवीय गरिमा के पक्ष में काम कर रही थीं, दम तोड़ रही हैं। वैसे भी, ट्रंप की अगुवाई वाला अमेरिका अब एक-एक करके ऐसी तमाम संस्थाओं से मुक्ति पाना चाहता है, जो उसकी अकूत सामरिक और आर्थिक इमदाद से चल रही हैं।

कोई आश्चर्य नहीं है कि जिन मित्र देशों ने अमेरिका का द्वितीय विश्व युद्ध से अब तक साथ दिया, वे आज ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पिछले दिनों अमेरिकी उप-राष्ट्रपति ने म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान जिस तरह यूरोपीय शीर्ष नेताओं को उनके मुंह पर खरी-खोटी सुनाई, वह विश्व कूटनीति के जानकारों के लिए अचंभा था। उम्मीद के अनुरूप इसकी कड़ी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद व्हाइट हाउस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ ट्रंप की नोकझोंक भी अभूतपूर्व थी। पिछले हफ्ते यूक्रेन के सदर वोलोदिमीर जेलेंस्की को जिस अंदाज में जलील कर 'ओवल ऑफिस' से बाहर निकाला गया, उसे इतिहास उन पन्नों में दर्ज करेगा, जहां मेमनों के प्रति भेड़ियों के निर्मम व्यवहार की गाथाएं लिखी हुई हैं।

कीव लौटकर मजबूर जेलेंस्की ने ट्रंप के समक्ष समर्पण कर दिया। अब यूक्रेन की खनिज संपदा पर अमेरिका का भी हक होगा। सवाल उठ रहे हैं कि क्या समझौते के बाद रूस कब्जा की हुई जमीन यूक्रेन को वापस लौटाएगा? यदि लौटाएगा, तो कितनी? अगर मॉस्को की हुकूमत यूक्रेन के 20 फीसदी हिस्से पर भी कायम रह बचती है, तो क्रीमिया को यूक्रेन से अलग करने के बाद यह रूसी साम्राज्यवाद की दूसरी विजय होगी। ऐसे में, सवाल उठना लाजिमी है कि तीन वर्ष की इस जानलेवा जंग का हासिल क्या रहा? क्यों 43,000 से ज्यादा यूक्रेनी सैनिकों ने जान गंवाई और लाखों लोगों को जलालत और जलावतनी का शिकार होना पड़ा?

यूक्रेन की इस जंग में अमेरिका के साथ यूरोप के देश भी आहुति दे रहे थे। इन घटनाओं ने इस महाद्वीप को झिंझोड़कर रख दिया है। यह एक खुला तथ्य है कि इराक और अफगानिस्तान के सैन्य अभियानों में नाटो की मदद से अमेरिका दुनिया में अपनी चौधराहट को कायम रख सका। अफगानिस्तान में उसके अगर 2,400 से अधिक फौजी शहीद हुए, तो ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस और इटली के 1,100 से अधिक जवानों ने अपनी बलि चढ़ाई। आज जब इनको धमकाया जा रहा है, तो सवाल उठता है कि भला इनकी इराक और अफगानिस्तान से क्या दुश्मनी थी? यूरोप को यह भी मलाल है कि उसने मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भले ही अपनी साख को कायम रखा, पर 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के मामले में उन्होंने अमेरिका के लिए खुला मैदान छोड़कर भारी भूल की। अब वे अपनी तमाम गफलतों से मुक्ति पाने के उपाय खोज रहे हैं।

## व्यंजनों का पठार

(अक्षय शुक्ला)

सुबह 8 बजते ही ब्रेकफास्ट की बड़ी सी टेबल पर उत्तर से लेकर दक्षिण भारतीय नाश्ते के ढेरों व्यंजन सज चुके थे। ब्रेड, बटर, आलू के पराठे, दही, उपमा, चीला, इडली, वड़ा सांभर, पोहा, पुरी व आलू की सब्ज़ी, दो-तीन तरह के फल, कॉर्न फ्लेक्स, चाय, कॉफी और जूस। इतनी अधिक वैरायटी कि तय करना मुश्किल हो जाए कि क्या चखा जाए और क्या छोड़ा जाए। होटल के नाश्ते वाले पैकेज में अमूमन यही सब परोसा जाने लगा है। चूंकि उत्तर वालों की सुबह पराठे या ब्रेड बटर से होती है तो दक्षिण वालों की इडली सांभर से। इसी बात का ख्याल रख इतने तरह के आइटम परोसे जाते हैं कि मेहमान अपनी पसंद के हिसाब से अपना नाश्ता चुन ले।

अपनी आदतानुसार मैंने तली हुई चीज़ों को अनदेखा कर सुबह की शुरुआत कॉर्न फ्लेक्स, थोड़े से पोहे और एक कप चाय के साथ की। लेकिन देखा कि कुछ लोग वहां देश के हर कोने के पकवानों का स्वाद चखने की ख्वाहिश रख रहे थे। एक-एक करके उन्होंने सारी डिश आज़माईं।

कुछ ऐसे थे, जिन्होंने दोबारा उठने से बचने के लिए अपनी थाली को तमाम तरह के व्यंजनों का पठार बना लिया था। ज़ाहिर है, सब कुछ खाना मुमकिन था नहीं, तो हर चीज़ चखकर उन्होंने बाकी छोड़ दिया। इसके बाद कुछ कटे फल आज़माकर जूस की तरफ रुख किया। अब बस एक कसर बाकी थी, वह उन्होंने अंत में कॉफी पीकर पूरी कर दी।

मैं हैरानी से देख रहा था कि इनके पेट का क्या हाल हो रहा होगा। वह बेचारा भी पसोपेश में होगा कि पता नहीं अब क्या आने वाला है अंदर। यह देख मुझे स्टैंडअप कमीडियन राजू श्रीवास्तव का वह कॉमिक एक्ट याद आ गया, जिसमें उन्होंने शादी की थाली का कुछ ऐसे ही वर्णन किया था कि कैसे लोग उसमें सलाद, अचार, सब्ज़ी, रोटी, चावल एक साथ भर लेते हैं। थोड़ी देर में सब मिक्स होने के बाद पता भी नहीं चलता कि मुंह में जा क्या रहा है।

होटलों के फूड पैकेज हों या विवाह समारोह के प्रीति भोज, हर जगह यही सीन देखने को मिलता है। दरअसल, फूड पैकेज के साथ रूम बुक कराने वाले अधिकांश लोगों को लगता है जब पैसा दिया है तो क्यों न पूरा वसूला जाए। यही हाल शादियों में हो जाता है। पर पेट तो उतना ही बड़ा है ना। उसमें तो उतना ही समा सकता है, जितनी उसकी क्षमता है। रकम वसूलने के चक्कर में उसकी बुरी गत क्यों बना रहे हैं।

हर पहर के खाने का एक वक्त और न्यूट्रिशनल वैल्यू होती है। सब कुछ एक साथ खा लेंगे तो न ठीक से हज़म होगा और न शरीर को लगेगा। जो भी खाएँ, उसे पचाना ज़रूरी है। खाना अभी पेट में ही पड़ा है, उसके पचने से पहले ही और ठूस लेना सेहत के लिए कतई ठीक नहीं। खानपान की ऐसी खराब आदत ही हमें कई तरह की बीमारियों का शिकार बना रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक प्रोग्राम में खाने की बर्बादी का ज़िक्र किया था। लखपति दीदी से बात करते हुए उन्होंने सेल्फ हेल्प ग्रुप की बहनों को खाना परोसने की ट्रेनिंग देने को कहा था। खड़े होकर खाना खाते हैं तो लोग थाली में सब कुछ भर लेते हैं और खाते नहीं बनता तो फेंक देते हैं।

विवाह समारोह में आज दिखावा हावी होने से व्यंजनों की बढ़ती संख्या बढ़ती ही जा रही है, जिस पर रोक लगाने की सख्त ज़रूरत है। भोजन की बर्बादी रोकने के लिए यह पहल किसी को तो करनी होगी। क्या आप ऐसा करने को तैयार हैं? ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# एआई और महिला सशक्तिकरण- डिजिटल युग में समानता की ओर



सावित्री ठाकुर

आज के इस तेज गति वाली 21वीं सदी में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नित नई संभावनाएँ उभर रही हैं, विशेष रूप से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकों के माध्यम से। एआई न केवल महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान कर सकता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी समान भागीदार बनाने में मदद कर सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्20 समिट से लेकर वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम तक, हर मंच पर 'वूमेन-लेड डेवलपमेंट' को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके तहत महिलाओं को केवल विकास का लाभार्थी ही नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता भी माना जा रहा है। एआई इस दृष्टि से कई प्रकार से देश की विकास यात्रा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ा सकता है। चाहे रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना हो या शिक्षा एवं कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाना, एआई हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा सकता है।

महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने में भी एआई महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। घरेलू हिंसा और उत्पीड़न की निगरानी के लिए एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जा सकते हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों को चिन्हित करने और उनके रोकथाम में मदद करेंगे। इसके अलावा, एआई-पावर्ड चैटबॉट्स कानूनी और सुरक्षा संबंधी सलाह देने में मददगार हो सकते हैं, जिससे महिलाएं किसी भी परिस्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इन चैटबॉट्स का इस्तेमाल विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के पोर्टल पर भी किया जा सकता हैं जिससे महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के बारे में आसानी से पता चल सकें।

डेटा एनालिटिक्स की मदद से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। एआई संचालित डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए फ़र्जी लाभार्थियों की पहचान कर जरूरतमन्द लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है।

एआई के उपयोग को लेकर 2018 में, भारत सरकार ने 'नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की शुरुआत की, जिसका मकसद कुछ खास क्षेत्रों में एआई के विकास को बढ़ावा देना था। वर्ष 2021 में, 'रिस्पॉन्सिबल एआई' पर एक ड्राफ्ट पेश किया गया, जिसमें नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दिया गया। इस नेशनल स्ट्रैटेजी को 'एआइ फॉर ऑल' की थीम पर तैयार किया गया है।

विगत वर्ष, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' और 'मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया' के विज़न पर चलते हुए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ राष्ट्रीय स्तर के इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। ये मिशन, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से एआई नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक वृहद इकोसिस्टम स्थापित करेगा। हाल ही में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और फ्रांस की सह-अध्यक्षता में आयोजित पेरिस एआई शिखर सम्मेलन 2025 में एआई को अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था, ताकि यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो सके। इसी संदर्भ में, एआई महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक हिंसा की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभा सकता है। एआई-आधारित निगरानी प्रणाली सार्वजनिक स्थलों पर लड़कियों के साथ होने वाले छेड़छाड़ की घटनाओं की पहचान कर अपराधी को चिन्हित करने में मदद कर सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई का उपयोग ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर बुलिंग जैसी समस्याओं से निपटने में किया जा सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित आपातकालीन अलर्ट सिस्टम महिलाओं को तुरंत सहायता प्रदान करने में मदद कर सकता हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और भी सुदृढ़ होगी।

स्वास्थ्य सेवाओं में एआई का उपयोग भी महिलाओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। हाल ही में स्वीडन में हुई एक क्लीनिकल स्टडी में पाया गया कि एआई आधारित मैमोग्राफी सिस्टम 29त्न अधिक स्तन कैंसर के मामलों की पहचान कर सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स डॉक्टरों को जटिल बीमारियों की पहचान करने और उनके उपचार में मदद कर सकता है। खासकर, यह तकनीक हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर सकती है और संभावित जटिलताओं को रोकने में सहायक हो सकती है।

'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत, भारत को एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। एआई न केवल महिलाओं के लिए नए अवसरों का सृजन कर सकता है, बल्कि उन्हें समाज में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए सक्षम भी बना सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एआई केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है। यह तकनीक एक समावेशी और प्रगतिशील समाज की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसका उपयोग केवल आर्थिक या तकनीकी उन्नति तक सीमित न रहें, बल्कि इसे महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी उपयोग किया जाए।

**(लेखिका केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री हैं)**

# भूकंप का घातक प्रहार झेलने के लिए हम कितने तैयार

**कुछ चिंताएं हैं, क्या भूकंप सुबह के समय ज्यादा आते हैं? क्या ठंड के दिनों में ज्यादा आते हैं? वैसे भूकंप का कोई तय समय या मौसम नहीं है, फिर भी यह ध्यान आता है कि भुज का भूकंप 26 जनवरी, 2001 को आया था, तो बिहार-नेपाल में 1934 का खतरनाक भूकंप 15 जनवरी को आया था। वैसे, सावधान रहना चाहिए कि भूकंप कभी भी आ सकता है। बड़ा सवाल यह है कि नुकसान कितना होगा? नुकसान से जुड़ा एक अध्ययन साल 2013 में ही बिहार में किया गया था। यह जानने की कोशिश की गई थी कि साल 1934 में बिहार-नेपाल में 8.4 मैग्नीट्यूड का भूकंप आया था, वैसा ही भूकंप अगर फिर आए, तो क्या होगा? अध्ययन में देखा गया था कि अगर रात के समय भूकंप आता है, तो कितना नुकसान होगा और दिन में आया भूकंप कितना घातक होगा? दस करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले बिहार में अगर रात के समय भूकंप आता है, तो दो लाख 22 हजार से ज्यादा मौत का अनुमान है। यही अगर दिन में आए, तो 72 हजार से ज्यादा मौतें हो सकती हैं।**

(अतींद्र कुमार शुक्ला, भूकंप विज्ञानी)

चीन में आए भूकंप की वजह से 60 से ज्यादा लोगों की मौत बहुत दुखद है और इससे भूकंप के मामलों में हमारी लाचारी का भी पता चलता है। यह भूकंप एक बार फिर संवेदनशील माने जाने वाले देशों के लिए चेतावनी है। भूकंप के जोखिम और उससे जुड़े तमाम इंतजामों को फिर परख लेना समय की मांग है।

यह बात हम ठीक से जानते हैं कि भारतीय भूभाग का 59 प्रतिशत हिस्सा भूकंप की दृष्टि से ज्यादा संवेदनशील है। भूगर्भीय प्लेट की वजह से ही भूकंप आते हैं और हिमालय खास तौर पर संवेदनशील है। साल 1975 से अब तक अगर देखें, तो छह मैग्नीट्यूड या उससे ऊपर के आठ भूकंप आ चुके हैं। इनमें से कच्छ का भूकंप 6.9 मैग्नीट्यूड का था। पांच दशक के समय में ही आठ बड़े भूकंपों ने लोगों की चिंता बढ़ा रखी है।

कुछ चिंताएं हैं, क्या भूकंप सुबह के समय ज्यादा आते हैं? क्या ठंड के दिनों में ज्यादा आते हैं? वैसे भूकंप का कोई तय समय या मौसम नहीं है, फिर भी यह ध्यान आता है कि भुज का भूकंप 26 जनवरी, 2001 को आया था, तो बिहार-नेपाल में 1934 का खतरनाक भूकंप 15 जनवरी को आया था। वैसे, सावधान रहना चाहिए कि भूकंप कभी भी आ सकता है। बड़ा सवाल यह है कि नुकसान कितना होगा? नुकसान से जुड़ा एक अध्ययन साल 2013 में ही बिहार में किया गया था। यह जानने की कोशिश की गई थी कि साल 1934 में बिहार-नेपाल में 8.4 मैग्नीट्यूड का भूकंप आया था, वैसा ही भूकंप अगर फिर आए, तो क्या होगा? अध्ययन में देखा गया था कि अगर रात के समय भूकंप आता है, तो कितना नुकसान होगा और दिन में आया भूकंप कितना घातक होगा? दस करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले बिहार में अगर रात के समय भूकंप आता है, तो दो लाख 22 हजार से ज्यादा मौत का अनुमान है। यही अगर दिन में आए, तो 72 हजार से ज्यादा मौतें हो सकती हैं।



अब सवाल है कि हम बचाव के लिए क्या करें? वास्तव में, आज अपने घरों और भवनों को भूकंप सहने लायक बनाने की जरूरत सबसे बड़ी है। पर्याप्त वैज्ञानिक अध्ययन हुए हैं, भूकंपरोधी निर्माण के मापदंड बने हैं, पर क्या उनकी पालना हो रही है? यह केवल सरकारों को ही नहीं, बल्कि आम लोगों को भी सोचना चाहिए। एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या हम समय पूर्व चेतावनी का कोई तंत्र बना सकते हैं? भूकंप से जो ऊर्जा पैदा होती है, वह विभिन्न लहरों या वेव के माध्यम से विभिन्न जगह पहुंचती है। मुख्य लहर को हम प्राथमिक या प्राइमरी लहर और द्वितीय या सेकेंडरी लहर के नाम से जानते हैं। इन लहरों के समय में अंतर होता है। इस अंतर को ध्यान में रखकर हम चेतावनी जारी कर सकते हैं।

जब कोई भूकंप होता है, तो प्राइमरी लहर बहुत जल्दी आती है, उसकी गति ज्यादा होती है, जबकि सेकेंडरी लहर कुछ देर से आती है, इसकी गति कुछ धीमी होती है। प्राइमरी लहर जब आती है, तब एक धक्का सा महसूस होता है। सेकेंडरी लहर से भूमि में कंपन होता है, वह ऊपर-नीचे होने लगती है। अगर घर या भवन मजबूती से न खड़े हों, तो सेकेंडरी लहर में गिर जाते हैं। अगर भूकंप की पहली लहर के आते ही अगर लोगों को सूचित कर दिया जाए, तो जान-माल के नुकसान से बचा जा सकता है। यहां यह महत्वपूर्ण है कि आप भूकंप के केंद्र से कितनी दूर हैं, उसी हिसाब से आप तक चेतावनी को पहुंचाया जा सकता है। आप भूकंप के केंद्र से दूर हैं, तो फिर प्राइमरी वेव के बाद आपके पास कुछ सेकंड या मिनट भर का समय रहता है, जब आप बचाव कर सकते हैं।

प्राइमरी वेव के बाद मेट्रो परिचालन को तत्काल रोका जा सकता है। अन्य जोखिम भरी सेवाओं को रोका जा सकता है। ऐसे चेतावनी तंत्र का इस्तेमाल मैक्सिको, कैलिफोर्निया इत्यादि में किया जाता है। चेतावनी मिलते ही लोग तत्काल घर-भवन से बाहर आ जाते हैं। भारत में भी ऐसा चेतावनी तंत्र बनाने का समय आ गया है। जैसे हिमालय में भूकंप आए, तो बिहार में कम से कम तीस-चालीस सेकंड का समय बचाव के लिए मिल सकता है।

मिसाल के लिए, चीन में अभी जो भूकंप आया है, उसे बिहार में ज्यादा महसूस किया गया। अगर चीन अपने यहां चेतावनी तंत्र को पुख्ता करे और तत्काल भारत को सचेत कर दे, तो हमें बचाव में मदद मिल सकती है।(ये लेखक के अपने विचार हैं)

**पलाश हर्बल गुलाल से सजेगी इस बार की होली**

## सखी मंडल की दीदियों ने उपायुक्त को हर्बल गुलाल भेंट कर दीं शुभकामनाएं



**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (JSLPS) के तहत संचालित सखी मंडल की दीदियों ने उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा को पलाश हर्बल गुलाल भेंट कर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपायुक्त ने ग्रामीण महिलाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए स्वदेशी, प्राकृतिक और हर्बल उत्पादों को अपनाने का संदेश दिया, साथ हीं जिला प्रशासन की ओर से सभी को होली की शुभकामनाएं दिया। उल्लेखनीय है कि खरछ्ढर, खूंटी पलाश मार्ट द्वारा 8 मार्च 2025 से 12 मार्च 2025 तक विशेष प्रदर्शनी सह बिक्री का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न रंगों के पलाश हर्बल गुलाल के साथ-साथ ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित अन्य जैविक और पारंपरिक उत्पादों की भी बिक्री की जाएगी।

**पलाश हर्बल गुलाल की विशेषताएँ**

**प्राकृतिक एवं हर्बल सामग्री:** यह गुलाल पालक, बीट, फूल, गाजर आदि प्राकृतिक तत्वों से निर्मित है, जो त्वचा व पर्यावरण के लिए पूर्णतः सुरक्षित है।

**रंगीन और आकर्षक:** यह गुलाल विभिन्न प्राकृतिक रंगों में उपलब्ध है, जिससे होली का त्योहार और भी रंगीन, सुरक्षित एवं आनंदमय बनता है।

**ग्रामीण महिलाओं के हाथों से बने अन्य उत्पाद भी उपलब्ध**

प्रदर्शनी में रागी से बने स्वादिष्ट नमकीन एवं मीठे व्यंजन, केक, ब्रेड, मिठाइयाँ और अन्य जैविक उत्पाद भी उपलब्ध होंगे। यह सभी उत्पाद स्थानीय महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित हैं, जिससे उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर भी मिल रहा है। JSLPS एवं सखी मंडल की दीदियाँ सभी नागरिकों से आग्रह करती हैं कि वे इस होली पर प्राकृतिक एवं हर्बल गुलाल अपनाकर एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं खुशहाल त्योहार मनाएँ।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में पशु क्रूरता निवारण कार्यशाला का सफल आयोजन

**पशु क्रूरता रोकने को लेकर विस्तार से की गई चर्चा**



**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा के निर्देश पर आज जिला स्तरीय एक दिवसीय 'पशु क्रूरता निवारण' कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय स्थित सभागार में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्री श्याम नारायण राम द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में पशुओं के प्रति क्रूरता रोकने, पशु कल्याण अधिनियम, जागरूकता अभियानों और संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पशु चिकित्सा विशेषज्ञ, पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। वहीं कार्यशाला में में विषेषज्ञों द्वारा क्रुएल्टी एक्ट 1960, एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया के तहत किए जाने वाले कार्य, राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड झारखंड के तहत किए जाने वाले कार्यों एवं उत्तरदायित्व से विस्तार से अवगत कराया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि पशु क्रूरता न केवल कानूनी अपराध है बल्कि यह सामाजिक नैतिकता का भी विषय है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की अपील की। बैठक के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों से उपायुक्त से मुलाकात किया। इस दौरान समाहरणालय परिसर में पक्षियों के लिए बर्ड्स होम एवं ड्रिंकर फीडर लगाने की जानकारी भी दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों एवं संगठनों को पशु क्रूरता निवारण को लेकर जिले में बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। जिससे पशु क्रूरता को जड़ से समाप्त किया जा सके। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, विभिन्न संगठनों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पशु कल्याण को बढ़ावा देने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया।

## परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरूष नसबंदी में सीवान जिला को मिला आवार्ड



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है.इसी कड़ी में क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, सारण द्वारा शहर के एक निजी होटल में परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय अपर स्वास्थ्य निदेशक सह सारण सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने दीप प्रज्जवलित कर किया. इस दौरान तीनों जिले के परिवार नियोजन कार्यक्रम की उपलब्धियों की चर्चा की गयी तथा आगे लक्ष्य को हासिल करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया.इस दौरान प्रमंडल स्तर पर परिवार कल्याण कार्यक्रम में बेहतर और उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वास्थ्यकर्मियों, स्वास्थ्य संस्थानों को पुरस्कृत किया गया.सारण जिले के तीनों जिला सारण, सीवान, गोपालगंज के स्वास्थ्यकर्मियों को पुरस्कृत किया गया. क्षेत्रीय अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, आशा, एएनएम, काउंसलर, सीएचओ को प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया. इस दौरान पुरूष नसबंदी में बेहतरीन उपलब्धि के लिए सीवान को बेस्ट जिला का आवार्ड दिया गया. सीवान जिले को भी पीपीआईयूसीडी और इंटरवल आईयूसीडी में बेस्ट आवार्ड प्रदान किया गया। इस मौके पर आरडीडी डॉ. अरूण कुमार चौधरी, सारण के सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा, सीवान सिविल सर्जन डॉ. श्रीनिवास प्रसाद, गोपालगंज सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र प्रसाद, आरपीएम प्रशांत कुमार, डीपीएम अरविन्द कुमार, डीपीसी रमेशचंद्र कुमार, समेत सारण सीवान और गोपालगंज के सभी डीसीएम, एसीएमओ समेत अन्य मौजूद थे. इस दौरान एफपीएलएमआईएस के बारे में जानकारी दी गयी. प्रशिक्षण में बताया गया कि किस प्रकार से परिवार कल्याण साधनों के स्टॉक के बारे में सॉफ्टवेयर पर जानकारी भेज कर स्टॉक को अपडेट किया जाता है व किस प्रकार परिवार कल्याण के साधनों की डिमांड की जाए. साथ ही इंडेंट व अपडेट कोड के माध्यम को प्रैक्टिकल रूप से विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में शादी की सही उम्र, पोषण, परिवार कल्याण में आशाओं की भूमिका, परिवार कल्याण के साधनों, उनके प्रकार, साधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी.उत्कृष्ट कार्य करने वाले ये चिकित्सक सीवान महाराजगंज पीएचसी के एमओआईसी डॉ. विपिन सिन्हा को सम्मानित किया गया.

## होली से पहले खरसावां के साप्ताहिक हाट में लगी आग, 30 दुकानें जलकर खाक



**खरसावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली से पहले सरायकेला-खरसावां जिले के खरसावां में साप्ताहिक हाट परिसर में आग लगने से 30 दुकानें जलकर राख हो गयीं. घटना बुधवार को दिन में हुई. दुकानों में आग लगने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया. खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार और बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रधान माझी तत्काल मौके पर पहुंचे. स्थानीय लोगों की मदद से आग को बुझना शुरू किया. इस दौरान हवा चलने के कारण आग की लपटों ने कई अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया. इससे झोपड़ीनुमान कुछ ही देर में जलकर खाक हो गयीं. इस दौरान सरायकेला से दमकल की 2 गाड़ियां मंगायी गयी. दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. जब तक सरायकेला से खरसावां तक दमकल की गाड़ियां आतीं, तब तब 30 दुकानें जल चुकीं थीं. खरसावां के बीडीओ ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान का जायजा लिया. खरसावां के साप्ताहिक हाट परिसर के झोपड़ीनुमा दुकानों में जिस वक्त आग लगी, वहां सामान नहीं थे. इन दुकानों को सिर्फ गुरुवार और शनिवार को ही खोला जाता है. इस कारण दुकानदारों के सामानों का नुकसान नहीं हुआ. दुकानों के झज्जे जलकर राख हो गये. दुकानों में आग लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है. वहीं से आग की लपटें उठीं और दुकानें जल गयं. पुलिस आग लगने के कारणों का पता कर रही है. दूसरी ओर, दुकानदारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है. दुकानदारों का कहना है कि इन्हें दुरुस्त करने में मोटी रकम खर्च होगी. होली से ठीक पहले गुरुवार को साप्ताहिक हाट में दुकानदारी भी प्रभावित होगी.

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विधायक ने किया सम्मानित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय झ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले जिले के दो खिलाड़ियों जिन्होंने राज्य व जिले का मान अंतर्राष्ट्रीय पटल पर बढ़ाया है को समाहरणालय में विधायक बेरमो सह जिला एथलेटिक्स संघ बोकारो के अध्यक्ष जय मंगल सिंह ने साल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस क्रम में उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने फुलों का गुलदस्ता देकर दोनों खिलाड़ियों क्रमशः गोल्डी मिश्रा एवं मो. साजिद को जीत की बधाई दी एवं आगे के लिए शुभकामनाएं दी। जानकारी हो कि, चंदनकियारी आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के गोल्डी मिश्रा ने तिरंदाजी में एशिया कप स्टेज- 1 बैंककाक, थाइलैंड 2025 में स्वर्ण पदक अर्जित किया है। वहीं, बिहार राज्य के पटना में 20 वी. राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रशिक्षण केंद्र के मो. साजिद ने 110मी हर्डल्स में रजत पदक अर्जित कर परचम लहराया है। इस मौके पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के कमांडेंट श्री मुकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन समेत अन्य उपस्थित थे।

## परिजनों ने बच्चे को डांटा तो ट्रेन से कटकर दे दी जान

**देवघर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बच्चों पर पढ़ाई के लिए दबाव बनाना भी माता-पिता के लिए मुसीबत बनता जा रहा है. पढ़ाई नहीं करने को लेकर डांटने पर मंगलवार की शाम देवघर-दुमका रेल लाइन पर घोरमारा स्टेशन के समीप बांका गांव के क्रॉसिंग के पास दुमका की ओर से आ रही पैसेंजर ट्रेन से कटकर 10 वर्षीय अंकेश कुमार मंडल ने जान दे दी. अंकेश देवघर के बांक गांव निवासी नरेंद्र कुमार का पुत्र था. घटना की जानकारी ग्रामीणों ने थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार को दी. सूचना मिलते ही थाना के एसआइ मनिन्द्र कुमार और आरपीएफ पुलिस सदल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे. शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि परिजनों ने बच्चे को घर पर पढ़ाई के लिए डांट फटकार लगाया. इस कारण अंकेश ने गुस्से में यह कदम उठा लिया. अंकेश पांचवीं कक्षा का छात्र था.

## होली एवं रमजान हेतु जिला शांति समिति की बैठक

**होली और रमजान के अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला वासियों को दी शुभकामनाएं**



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को समाहरणालय अवस्थित सभागार में जिलाधिकारी सिवान की अध्यक्षता में होली एवं रमजान के पर्व को शांतिपूर्वक,आपसी भाईचारे के साथ एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर जिला शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसी व्यक्ति को जबरदस्ती रंग या अबीर नहीं लगाने की अपील की। होली के मौके पर अश्लील गाना बजाने और डीजे को पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया है। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग को होली से पहले सभी टूटे हुए पथ को मोटरेबुल करने व कार्यपालक अभियंता विद्युत को ढीले एवं जर्जर तारों को बदलने का निर्देश दिया गया। 13 मार्च को होलिका दहन है,जिस स्थलों पर होलिका दहन होता है,वहाँ विशेष चौकसी बरतने के साथ होलिका दहन स्थल पर बिजली के लटके तार को हटवाने,कम ऊँचाई के तार को ऊँचाई पर ले जाने,विभिन्न स्थलों पर नशेडियों के जमावाड़ा के विरुद्ध कार्रवाई करने,अवैध शराब की बिक्री व नशीली पदार्थों के विरूद्ध छापेमारी,ट्रिपल मोटरसाईकिल सवारों के विरुद्ध कार्रवाई, डी.जे पर प्रतिबंध,शहर की साफ-सफाई व्यवस्था करवाने,होलिका दहन की रात गश्ती की व्यवस्था तेज करवाने,पुलिस सहायता हेतु आपातकालीन नम्बर-112 को सक्रिय तथा उसमें ब्रेथ एनेलाईजर रखने, संवेदनशील स्थलों के समीप दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर ने बताया कि होली पर्व के अवसर पर ट्रिपल सवारी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।ब्रेथ एनेलाईजर का प्रयोग किया जाएगा।डी.जे.की समस्या के संबंध में उन्होंने कहा कि डी.जे. पर रोक रहेगा। डीजे के प्रयोग पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि सभी थाना प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि अश्लील गाना बजाने वालों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करवाएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी जगह पूर्व से ही फायर ब्रिगेड गाड़ी एवं एंबुलेंस को सक्रिय रखने का निर्देश दिया। अपर समाहर्ता, सिवान ने जिला शांति समिति के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके बहुमूल्य सुझावों पर अमल किया जाएगा। बैठक में जिला शांति समिति के सम्मानित सदस्य गण उपस्थित रहें और अपना सुझाव दिया।

**संक्षिप्त समाचार**

### फूड सेफ्टी ऑफिसर ने मीट दुकानों का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. श्वेता लकड़ा ने शहर के विभिन्न मीट दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने होली पर्व को लेकर मीट की बढ़ी मांग को देखते हुए दुकानों की साफ - सफाई एवं हाइजेनिक तरीके से दुकानों का संचालन का निर्देश दिया।




फूड सेफ्टी ऑफिसर एवं उनकी टीम ने सेक्टर 12, सेक्टर 4, सेक्टर 9, दुंडीबाग बाजार, बारी-कोऑपरेटिव एवं ऋतुडीह क्षेत्र अंतर्गत संचालित दर्जनों मीट दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान संचालकों को विभाग द्वारा जारी दिशा निदेशों एवं सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी मार्ग- दर्शन का अनुपालन शत - प्रतिशत करने का निर्देश दिया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर बघौन पंचायत में किया गया सर्वेक्षण

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को सिसवन प्रखंड के बघौना पंचायत के वार्ड 9 में आवास सर्वेक्षण का कार्य किया गया। इस संबंध में आवास सहायक ने जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत के सभी वार्डों में आवास सर्वेक्षण का कार्य बारी-बारी से किया जाएगा। आवाज सर्वेक्षण का कार्य 31 मार्च तक चलेगा।प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रतीक्षा सूची से छूटे योग्य लाभुकों के लिए सर्वेक्षण 31 मार्च तक चलेगा। सर्वेक्षण ऐप के माध्यम से किया जा रहा है और यह पूरी तरह से निशुल्क है। निर्धारित मापदंडों के आधार पर योग्य परिवार अपना नाम आवास सूची में शामिल करवा सकते हैं।

### आपसी विवाद में मारपीट

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चैनपुर बाजार में आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक उमाशंकर साह का पुत्र सुमित कुमार गुप्ता है। घायल युवक का इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया। इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों ने बुधवार को जानकारी दी। वही थाना क्षेत्र के भागर गांव में बाइक की दुर्घटना में बुधवार को एक युवा घायल हो गया। घायल युवक विश्वनाथ यादव का पुत्र सुरेश यादव है। घायल का इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया।

## गुटखा-तंबाकू दुकानदारों से वसूले 2000 रुपये जुर्माना



**पाकुड़िया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में प्रतिबंधित गुटखा व तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रशासन ने सख्ती दिखायी है. बुधवार को सहायक अभियंता सह दंडाधिकारी रोहित गुप्ता और कनीय अभियंता लालू रविदास के नेतृत्व में पलियादाहा, डोमनगड़िया, खकसा समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में 26 दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया. इस दौरान कई दुकानदारों को गुटखा, तंबाकू और अन्य निषिद्ध पदार्थ बेचते हुए पाया. इसके बाद कार्रवाई करते हुए उक्त दुकानों से कुल 2000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया. अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में इन प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी.

### एक दूसरे को अबीर लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

**लिट्टीपाड़ा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड परिसर में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. पारंपरिक अंदाज में त्योहार की खुशियां साझा की. बीडीओ संजय कुमार ने सभी कर्मियों को होली की बधाई दी और इसे आपसी प्रेम और सौहार्द का त्योहार बताते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की. उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का ही त्योहार नहीं, बल्कि भाईचारे और एकता का पर्व भी है, जिसे मिलजुलकर मनाना चाहिए. समारोह में बीपीओ माणिक दास, कमल पहाड़िया, केसी दास, बंटी रजक, राजेंद्र भगत, अमित महतो मौजूद रहे.

## हमारी परंपरा-हमारी विरासत के बारे में दी गयी जानकारी




**पाकुड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सभागार भवन में बुधवार को प्रखंड समन्वयक आनंद प्रकाश ने सभी पेसा मोबिलाइजरों के साथ बैठक की. राज्य सरकार की ओर से 26 जनवरी से शुरू योजना हमारी परंपरा-हमारी विरासत के बारे में जानकारी दी. बताया कि इस योजना के तहत अनुसूचित जनजातियों के बहुस्तरीय पारंपरकि अनुसूचित स्वशासन व्यवस्था से संबंधित सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं, रूढ़ियों आदि के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए शपथ ली जानी है. इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में निवास करने वाले विभिन्न अनुसूचित जनजातीय समुदाय के बहुस्तरीय पारम्परिक स्वशासन व्यवस्था की विवरणी से संबंधित सांस्कृतिक धरोहर, लोकगीत, त्यौहार, पूजा पद्धति के संरक्षण, संवर्द्धन एवं अगले पीढ़ी तक पहुंचाना है.

## चोरी मामले का आरोपी गिरफ्तार, बोलेरो सहित 9000 हजार रुपये नकद जब्त



**हिरणपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वन विभाग कार्यालय के समीप स्थित आइडियल कंस्ट्रक्शन कार्यालय में बीते 17 जनवरी को हुई चोरी मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की वारदात में प्रयुक्त बोलेरो वाहन और नकद भी बरामद किया है. इससे पहले पुलिस ने इस मामले में सूरज दुबे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. उसकी निशानदेही पर अन्य पांच आरोपियों के नाम सामने आए थे. मंगलवार को गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह के निर्देश पर दो टीमों का गठन किया गया. इनमें एसआइ गौरी शंकर प्रसाद, गोपाल महतो, एएसआइ सुरेश उरांव, दिलीप कुमार और नईमूल अंसारी शामिल थे. गठित टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें पश्चिम बंगाल के ढोड़िया निवासी अमित नारासुंदर को साहिबगंज जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया. उसकी निशानदेही पर पाकुड़ में उसके रिश्तेदार के घर से चोरी में प्रयुक्त बोलेरो (जेएच16एच/3834) बरामद किया गया. इसके अलावा आरोपी के ढोड़िया स्थित आवास से 9000 रुपये भी मिले. पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसे चोरी में 50,000 रुपये का हिस्सा मिला था, जिसमें से 9000 रुपये बचे थे.

**ग्रिल काटकर लगभग चार लाख की हुई थी चोरी**

गौरतलब है कि 17 जनवरी की रात चोरों ने आइडियल कंस्ट्रक्शन कार्यालय का ग्रिल काटकर लगभग 4 लाख रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया था. मामले में हिरणपुर के छिटकापाड़ा निवासी सूरज दुबे की गिरफ्तारी के बाद उसने घटना में शामिल अन्य आरोपियों के नाम उजागर किया था. इनमें ढोड़िया निवासी मिहिर नारासुंदर (घटना का मास्टरमाइंड), अमित नारासुंदर, सिंटू नारासुंदर, गोपालपुर निवासी दर्शन मंडल और चंदन साहा का नाम शामिल था. चंदन साहा ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था, जबकि अमित नारासुंदर को बुधवार को जेल भेज दिया गया. बोले थाना प्रभारी, इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. उसके पास से चोरी में प्रयुक्त वाहन और नकद बरामद की गयी है. बचे आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जायेगी.

### छह माह पूर्व हुआ था सड़क का शिलान्यास, काम अब तक शुरू नहीं

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शंख नदी छठ घाट में छह माह पूर्व ही सड़क निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया था. किंतु अब तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है. बुधवार को शंख घाट छठ सेवा समिति के सदस्यों ने सड़क का निरीक्षण किया. इस दौरान पाया गया कि अब तक संवेदक द्वारा काम आरंभ नहीं किया गया है.समिति के सदस्य प्रदीप केसरी ने बताया कि संबंधित विभाग द्वारा कुछ दिन पहले बताया गया था कि काम शुरू कर दिया गया है. किंतु सच्चाई यह है कि अब तक काम शुरू नहीं हुआ है. वहीं कुछ माह पहले संगम घाट पर सुंदरीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया गया था. जिसके तहत डीप बोरिंग, शौचालय, जलमीनार, बेंच एवं रिवाल्विंग गेट आदि का निर्माण किया जाना था.

## जापानी वाहन निर्माता कंपनी निसान के सीईओ का इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जापानी कार निर्माता निसान मोटर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) माकोटो उचिदा ने अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। यह कदम कंपनी के खराब वित्तीय नतीजों के बाद उठाया गया है।



### कौन लेंगे उचिदा की जगह?

निसान ने मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि इवान एस्पिनोसा, जो फिलहाल कंपनी के चीफ प्लानिंग ऑफिसर हैं, अब उचिदा की जगह नए सीईओ का पद संभालेंगे।

**उचिदा कब तक कंपनी से जुड़े रहेंगे?-** हालांकि, उचिदा अभी कंपनी के निदेशक पद पर बने रहेंगे और यह स्थिति तब तक रहेगी जब तक निसान की जनरल शेयरहोल्डर्स मीटिंग नहीं हो जाती। उन्होंने हाल ही में यह संकेत भी दिया था कि वह नई लीडरशिप के लिए रास्ता तैयार करना चाहते हैं।

### पिता के गिफ्ट का कमाल

## अचानक बढ़ी अरबपति महिला की संपत्ति

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कॉर्पोरेट की दुनिया में इन दिनों रोशनी नादर मल्होत्रा खूब चर्चा बटौर रही हैं। रोशनी नादर मल्होत्रा एचसीएल के संस्थापक शिव नाडार (शिव नाडार) की बेटी है और अब उन्हें एचसीएल समूह एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। रोशनी नादर मल्होत्रा ने एचसीएल समूह में उत्तराधिकार के एक बड़े कदम के बाद भारत की तीसरी सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। फॉर्च्यून इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रोशनी अब एचसीएल के लिए स्ट्रैटेजिक



फैसले लेने की बागडोर संभालेंगी, जो कि 12 बिलियन डॉलर की ग्लोबल टेक कंपनी है। बता दें कि रोशनी को इसी 8 मार्च, महिला दिवस के दिन एचसीएल कॉर्पोरेशन और वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट्स (वामा दिल्ली) में अपने पिता शिव नादर की 47 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली, जिससे वे भारत की अरबपतियों की रैंकिंग में शामिल हो गईं।

### क्या है डिटेल

एचसीएल के संस्थापक अरबपति शिव नादर ने रणनीतिक उत्तराधिकार योजना के तहत एचसीएल कॉर्प और वामा दिल्ली में अपनी 47 प्रतिशत हिस्सेदारी अपनी बेटी रोशनी नादर मल्होत्रा को उपहार में दे दी है। एचसीएल टेक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि हस्तांतरण के बाद रोशनी नियंत्रण हासिल कर लेंगी और वामा दिल्ली और एचसीएल कॉर्प की बहुलांश शेयरधारक बन जाएंगी।

---

भारत-अमेरिका समझौते से व्यापार दोगुना करने की योजना

# अमेरिका ने भारत को रेसिप्रोकल टैरिफ से रखा है बाहर

### समझौता भारतीय उत्पादों को अमेरिकी बाजार में पहुंच देगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। इसका लक्ष्य दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाना है। यह बातचीत ऐसे समय हो रही है जब दुनिया में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी से हड़कंप मचा हुआ है। उन्होंने भारत पर भी जवाबी शुल्क यानी रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। लेकिन, जिस समझौते पर चर्चा जारी है वह पूरा खेल सेट कर देगा। यह भारत और अमेरिका के बीच कारोबार को दोगुना कर 2030 तक 500 अरब डॉलर पहुंचाने की नींव तैयार करेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि अमेरिका ने भारत को अब तक रेसिप्रोकल टैरिफ से बाहर रखा है। तमाम चेतावनियों के बीच यह दिखाता है कि अमेरिका भारत से किस हद तक उम्मीद कर रहा है।

भारत और अमेरिका के बीच इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बाजारों तक पहुंच बढ़ाना है। साथ ही, आयात शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करना भी है। इसके अलावा, सप्लाई चेन इंटीग्रेशन को बेहतर बनाने पर भी



फोकस किया जा रहा है। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में इस बारे में जानकारी दे चुके हैं। उन्होंने कहा, दोनों देश एक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक अमेरिका ने भारत पर कोई रेसिप्रोकल टैरिफ नहीं लगाया है। अमेरिका ने 13 फरवरी को रेसिप्रोकल ट्रेड और टैरिफ पर एक ज्ञापन (मेमोरैंडम) जारी किया था। इसमें वाणिज्य सचिव और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि को ट्रेड पार्टनर्स की ओर से अपनाई गई किसी भी गैर-पारस्परिक व्यापार व्यवस्था से अमेरिका को होने वाले नुकसान की जांच के लिए जरूरी ऐक्शन को कहा गया है। साथ ही, हरेक ट्रेड पार्टनर के लिए प्रस्तावित उपायों के साथ एक रिपोर्ट देने को भी कहा गया है।

### पछिले महीने पीएम मोदी गए थे अमेरकिा

पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से भी ज्यादा बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने की अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की थी। साथ ही, 2025 तक एक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत करने की भी घोषणा की थी।

प्रसाद के मुताबिक, भारत पारस्परिक रूप से लाभकारी और निष्पक्ष तरीके से द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने और व्यापक बनाने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा, यह एक सतत प्रक्रिया है और भारतीय निर्यातक व्यापार को विविधतापूर्ण बनाने और नए निर्यात स्थलों की तलाश में लगे हुए हैं। भारत के निर्यात में अमेरिका का कालीनों में 59.11 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स में 34.5 प्रतिशत और इंजीनियरिंग सामान में 16.12 प्रतिशत हिस्सा है।

---

# अडानी के हाथ लगा मुंबई में एक और प्रोजेक्ट, लागत 36000 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाउसिंग प्रोजेक्ट को लेकर गौतम अडानी को एक और खुशखबरी मिली है। अडानी ग्रुप को मुंबई में एक बड़ा हाउसिंग प्रोजेक्ट मिला है। अडानी ग्रुप का यह प्रोजेक्ट गोरेगांव के मोतीलाल नगर में है। अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज की रियल एस्टेट शाखा अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत मोतीलाल नगर का रीडेवलपमेंट करेगी। इस प्रोजेक्ट की लागत 36 हजार करोड़ रुपये है। यह मुंबई का सबसे बड़ा हाउसिंग प्रोजेक्ट है।

### कितने एरिया में है यह प्रोजेक्ट

मोतीलाल नगर प्रोजेक्ट गोरेगांव (पश्चिम) के उपनगर में 143 एकड़ में फैला है। इसमें तीन अलग-अलग हिस्सों- मोतीलाल नगर प्रथम, द्वितीय और तृतीय का रीडेवलपमेंट शामिल है। माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से गोरेगांव की तस्वीर बदल जाएगी।

**धारावी प्रोजेक्ट भी है अडानी के पास-** मुंबई में अडानी ग्रुप के लिए यह दूसरा बड़ा शहरी पुनर्विकास प्रोजेक्ट है। इससे पहले ग्रुप धारावी स्लम रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट में शामिल था। यह प्रोजेक्ट एशिया के सबसे बड़े स्लमों में से एक को विश्व स्तरीय शहरी केंद्र में बदलने का काम करेगा। इस प्रोजेक्ट पर एमएचएडीए का पूरा कंट्रोल रहेगा। जमीन की मालिक भी एमएचएडीए ही रहेगी। अडानी प्रॉपर्टीज को कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट एजेंसी चुना गया है। अडानी प्रॉपर्टीज डिजाइन, अप्रूवल, निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और लोगों को दूसरी जगह बसाने का काम देखेगी।

---

# राजनीति और कारोबार... बिजनस चलाने में आ रही है परेशानी, एलन मस्क ने कही दिल की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला के मालिक एलन मस्क कई कंपनियों को चलाते हैं। वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, स्पेसएक्स, टेस्ला, स्टारलिंक, न्यूरालिंक आदि कंपनियों के मालिक हैं। पिछले साल अमेरिका में हुए चुनाव में उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को जिताने के लिए काफी मदद की। इसका उन्हें इनाम भी मिला और सरकारी विभाग डीओजीई का प्रमुख बनाया गया। लेकिन अब मस्क को अपना कारोबार चलाने में काफी परेशानी आ रही है। फॉक्स बिजनेस को दिए एक इंटरव्यू में मस्क ने इस बात को स्वीकार किया उन्होंने अपने कई कारोबार चलाने में बहुत मुश्किल हो रही है। यह इंटरव्यू सोमवार को प्रसारित हुआ था। सोमवार को मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयर में 15 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई थी। इस गिरावट के कारण टेस्ला के शेयर की कीमतें 5 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई थीं।

**क्यों आ रही मस्क को परेशानी-** फॉक्स बिजनेस के लैरी कुडलो ने मस्क से पूछा कि वह डीओजीई और राजनीति में समय देते हुए अपने




बाकी बिजनेस कैसे मैनेज करते हैं। मस्क अमेरिकी सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी में एक अहम भूमिका निभाते हैं। इस पर मस्क ने जवाब दिया, बहुत मुश्किल से।

मस्क ने आगे कहा, मुझे यकीन नहीं हो रहा कि मैं यह सब कर रहा हूं। यह अजीब है। उन्होंने बताया कि वो सरकार को और कुशल बनाने, फिजूलखर्ची और धोखाधड़ी कम करने की कोशिश कर रहे हैं और अब तक अच्छी प्रगति हुई है।

---

# जब दूसरे पैसे लगाने से डर रहे हों तो आप लालची बन जाइए: आखिर वॉरेन

**मुंबई, एजेंसी।** इन दिनों भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त उठा-पटक चल रही है। जब शेयर बाजार में तेज गिरावट आती है, तो निवेशकों में घबराहट फैल जाती है और कई निवेशक तो जल्दबाजी में फैसले लेने लगते हैं। ऐसी स्थिति में घबराकर सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान में योगदान बंद करना या जितने साल का लक्ष्य है, उस समय से पहले अपने निवेश को भुनाना निवेशकों को एक सुरक्षित कदम की तरह लग सकता है। लेकिन वास्तव में यह आपके फाइनेंशियल हेल्थ के लिए नुकसानदायक है।

### एसआईपी क्यों नहीं बंद करें

बड़ौदा बीएनपी पारिबा एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ सुरेश सोनी का कहना है कि एसआईपी के पीछे मूल सिद्धांत रूपी कास्ट एवरेजिंग है और इसे बाजार की अस्थिरता के दौरान निवेशकों के हित में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। वास्तव में, जब आप लोअर मार्केट लेवल पर एसआईपी जारी




रखते हैं, तो आप अपने समान मंथली निवेश की राशि से अधिक यूनिट खरीद सकते हैं, क्योंकि नेट एसेट वैल्यू कम होती है। यह रणनीति सुनिश्चित करती है कि जब बाजार में रिकवरी आती है, तो इन बढ़ी हुई यूनिट पर आपको ज्यादा लाभ होता है।

**निवेश बनाए रखना क्यों जरूरी है-** एक स्टडी से पता चलता है कि पिछले 2 दशक में, ऐसे 13 मौके आए, जब एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स ने 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की। इनमें से 11 मौकों पर, इंडेक्स ने एक साल बाद पॉजिटिव रिटर्न दिया। इसके अलावा, इनमें से 9 मौकों पर रिटर्न दोहरे अंकों में था, जबकि औसत रिटर्न 21 फीसदी रहा। अगर आप 10 फीसदी की गिरावट के बाद भी निवेश के लिए 3 साल तक समय-सीमा बढ़ाते हैं, तो निगेटिव रिटर्न का एक भी उदाहरण नहीं था।

### वॉरेन बफे का क्या है कहना

यह डेटा दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे के प्रसिद्ध कोट की याद दिलाता है, जिसमें वह कहते हैं- जब दूसरे डरे हुए हों तो लालची बनो और जब दूसरे लालची हों तो डरो। घबराहट में बेचने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है, जबकि निवेश बनाए रहने से टाइम और कंपाउंडिंग निवेशक के पक्ष में काम करते हैं। जब बाजार में घबराहट होती है तो हम अपनी दौलत नहीं गंवाते हैं, बल्कि जब हम घबराते हैं तो हम अपने पैसों का नुकसान कर लेते हैं। एसआईपी बंद करने से, निवेशक लोअर प्राइस पर यूनिट जमा करने का अवसर खो देता है। इसके अलावा, अक्सर निचले स्तरों पर जल्दबाजी में बाहर निकलने से सिर्फ घाटा ही बढ़ता है। नतीजा यह होता है कि निवेशक बाजार में अगले मूवमेंट से होने वाले संभावित लाभ से चूक जाता है।

---

# एलन मस्क की कंपनी के साथ डील के बाद रॉकेट बना भारती एयरटेल का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल के शेयर आज बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में शुरुआती कारोबार में ही 3 प्रतिशत चढ़कर 1717.25 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी डील है। दरअसल, बीते दिन मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ डील की जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि उसने भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की हाई स्पीड वाली इंटरनेट सेवाएं देने के लिए अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की उपग्रह कंपनी स्पेसएक्स के साथ साझेदारी की है।

### क्या है डिटेल

एयरटेल ने बयान में कहा कि यह समझौता स्पेसएक्स को भारत में स्टारलिंक की उपग्रह संचार-आधारित सेवाओं को बेचने के लिए मंजूरी हासिल करने के अधीन है।

बयान के मुताबिक, यह समझौता एयरटेल और स्पेसएक्स को यह पता लगाने में सक्षम बनाएगा कि स्टारलिंक एयरटेल की पेशकश को किस तरह पूरक बनाने के साथ विस्तारित कर सकती है। इससे भारतीय बाजार में एयरटेल की विशेषज्ञता उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए स्पेसएक्स की सीधी पेशकशों को पूरक बनाने की भी परख होगी।

---

# सोना मजबूत होकर 88790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

### चांदी 350 रुपये नरम पड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने का भाव तीन दिन की गिरावट के बाद मजबूत होकर 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने सोने के भाव की पुष्टि की है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 40 रुपए बढ़कर 88,790 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जो पिछले बंद भाव 88,750 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 99.5 प्रतिशत वाला सोना भी 40 रुपए बढ़कर 88,390 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया।

**चांदी 350 रुपये फिसलकर 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई-** हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपये की गिरावट के साथ 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। सोमवार को चांदी की कीमत 99,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजारों में अप्रैल डिलीवरी के लिए कॉमेक्स सोने का वायदा भाव 19.30 डॉलर या 0.67 प्रतिशत बढ़कर 2,918.70 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना 0.82 प्रतिशत बढ़कर 2,912.43 डॉलर प्रति औंस हो गया।




**वैश्विक बाजार में अनिश्चितता बढ़ने से सोने की कीमतों में तेजी-** एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट- कमोडिटी व करेंसी, जतीन त्रिवेदी ने कहा, डॉलर इंडेक्स में कमजोरी और अमेरिका में टैरिफ संबंधी बढ़ती चिंताओं के कारण आर्थिक अनिश्चितता का संकेत मिलने से सोने की कीमतों में तेजी आई। सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी मजबूत रही और ईटीएफ प्रवाह ने तेजी की धारणा को समर्थन दिया।

---

# एयरटेल और स्पेसएक्स की हुई साझेदारी, भारत में जल्द लॉन्च होगा सैटेलाइट इंटरनेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट को भारत में लाने की योजना है, हालांकि यह डील तभी लागू होगी जब स्टारलिंक को भारतीय सरकार से स्टारलिंक सेवाएं बेचने की अनुमति मिलेगी।

**एयरटेल और स्टारलिंक की साझेदारी के मुख्य बिंदु-** स्टारलिंक उपकरण की बिक्री- एयरटेल, अपने स्टोर्स में स्टारलिंक उपकरण बेच सकता है और इसे बिजनेस ग्राहकों को ऑफर कर सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट- यह साझेदारी ग्रामीण स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट सेवा पहुंचाने का काम करेगी। एयरटेल नेटवर्क का विस्तार- स्टारलिंक, एयरटेल के नेटवर्क को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है, और स्टारलिंक, भारत में एयरटेल के बुनियादी ढांचे का उपयोग कर सकता है। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष गोपाल विट्टल ने कहा कि स्टारलिंक के साथ मिलकर भारत में एयरटेल ग्राहकों के लिए स्टारलिंक सेवाएं प्रदान करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एयरटेल की अगली पीढ़ी की सैटेलाइट कनेक्टिविटी के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।




---

# 37 फीसदी भारतीय धोखाधड़ी के लिए बैंक को मानते हैं जिम्मेदार, 66 प्रतिशत ग्राहक चाहते हैं ठगी होने पर पैसा लौटे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में हर तीन में से दो (66 फीसदी) ग्राहकों का मानना है कि बैंकों को धोखाधड़ी के शिकार लोगों का पैसा लौटाना चाहिए। वहीं, आधे से अधिक ग्राहक चाहते हैं कि बैंकों को धोखाधड़ी का पता लगाने और इस संबंध में चेतावनी जारी करने के लिए बेहतर सुरक्षा प्रणाली लागू करनी चाहिए। अमेरिका स्थित वैश्विक एनालिटिक्स सॉफ्टवेयर कंपनी एफआईसीओ की सर्वे रिपोर्ट में पाया गया है कि एक-तिहाई से अधिक (37 फीसदी) ग्राहक धोखाधड़ी का शिकार होने पर बैंकों को जिम्मेदार मानते हैं। यह सर्वे भारत सहित दुनिया के 14 देशों के 11,000 बैंक ग्राहकों से बातचीत पर आधारित है। इसमें ग्राहकों से भुगतान उपयोग, धोखाधड़ी और उनके बैंकों की घोटाला प्रबंधन क्षमताओं के बारे में पूछा गया था।

### बैंक बदलने के पक्ष में ग्राहक

सर्वे में कहा गया है कि धोखाधड़ी के मामले में आधे से ज्यादा (56 फीसदी) भारतीय ग्राहक बैंक में शिकायत दर्ज कराएंगे। 30 फीसदी इस मामले को नियामकों तक पहुंचाने के पक्ष में हैं। अन्य तीन




फीसदी ग्राहकों का कहना है कि धोखाधड़ी की स्थिति में वे बैंक ही बदल देंगे।

**धोखेबाजों के खिलाफ लड़ाई में आगे आएं बैंक-** एफआईसीओ के एशिया में प्रबंध निदेशक दत्तू कोम्पेला ने कहा, धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों को देखते हुएभारतीय ग्राहक उम्मीद करते हैं कि उनके बैंक ठगों के खिलाफ लड़ाई में आगे आएं। अपने ग्राहकों की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा के लिएबैंक अपने सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाएं।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 12-03-2025 22:21 Page 1



# होली मिलन समारोह सह इफ्तार पार्टी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुण्डी।** सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश प्रभारी सह सीआईडी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद जाहिद हुसैन के द्वारा बुधवार को टुण्डी प्रखंड के सुन्दरपहाडीं गांव स्थित महतो होटल परिसर में होली सह रमजान तथा इफ्तार पार्टी का भव्य आयोजन किया। जिसमें सभी देशवासियों को होली और रमजान पर्व को भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का अपील किया सर्वप्रथम मोहम्मद जाहिद हुसैन के द्वारा सभी अतिथियों को होली के मद्देनजर अबीर गुलाल लगाकर साथ ही मिठाई भेंटकर भाईचारे का संदेश देते हुए रमजान के पूर्व संध्या पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमें टुण्डी प्रखंड के अलावा कई और प्रखंडों से आएं लोग इफ्तार पार्टी में शामिल हुए आगे मोहम्मद जाहिद हुसैन ने दोनों पर्वो पर सभी देशवासियों के लिए अमन-चैन की दुआएं अर्ज करने के बाद बधाई दिया। मौके पर मोहम्मद जाहिद हुसैन उनके निजी सचिव मोहम्मद सफी साहब,जे के एल एम की महिला मोर्चा जिलाध्यक्षा डिंपल चौबे, शिक्षक नेता सुशील पाण्डेय, कमारडीह मुखिया जयनारायण मंडल, लछुरायडीह मुखिया प्रतिनिधि सुभाष प्रसाद साव, रामपुर मुखिया लक्ष्मी रजक, भाजपा नेता निमाई चन्द्र सिंह, कांग्रेस नेता अब्दुल मजीद अंसारी, अशोक महतो,निलांबर रजवार, अहमद अंसारी, सुखदेव महतो, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जगुआर की टीम ने बम को किया डिफ्यूज, गैंगस्टर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



## मंगलवार को मुठभेड़ में मारा गया था गैंगस्टर अमन साहू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर मामले में बरामद जिंदा बम को झारखंड जगुआर के बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट कर नष्ट कर दिया। पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा के इलाके में कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का एटीएस ने एनकाउंटर किया था ।एटीएस के टीम छत्तीसगढ़ के रायपुर से अमन साव को लेकर रांची कोर्ट जा रही थी। इसी क्रम में पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में एटीएस के काफिले पर बम से हमला हुआ था।

इस हमले में अपराधियों ने अमन साहू को पुलिस से छुड़ाने की कोशिश की थी। इसी दौरान एनकाउंटर में अमन साहू मारा गया। पुलिस ने मौके से दो जिंदा बम बरामद किया था।

जगुआर की टीम घटनास्थल पर पहुंची व दोनों बम को विस्फोट कर नष्ट कर दिया।

### जांच के बाद अमन के शव को भेजा गया पोस्टमार्टम के लिए

**मेदिनीनगर** । पलामू में सुबह लगभग 9.30 बजे गैंगस्टर अमन साहू का एनकाउंटर हुआ। एनकाउंटर में अमन साहू मौके पर ही मारा गया। एनकाउंटर के बाद दंडाधिकारी व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। दंडाधिकारी ने शव का पंचनामा किया। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से बम व गोली के सैंपल लिए। शाम लगभग 5.30 बजे अमन साहू के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया।

### हमला करने वालों की हो रही पहचान : एसपी

मेदिनीनगर । पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि एटीएस की टीम पर हमला करने वाले अपराधियों की पहचान की जा रही है। मामले में आगे अनुसंधान किया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा कि अमन साव को कितनी गोली है। जख्मी जवान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जवान की हालत खतरे से बाहर है। एटीएस के टीम रायपुर से अमन साव को लेकर रांची जा रही थी। इसी क्रम में चैनपुर के इलाके में बम से हमला किया गया था। पुलिस पूरे मामले में अभियान चला रही है। जांच आगे बढ़ी है।

# झारखण्ड में भी हुई थी ट्रेन हाईजैक

- 90 मिनट रही थी नक्सलियों के कब्जे में ट्रेन
- बंधकों के लिए सत्तू की थी व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाकपा माओवादी संगठन ने 22 अप्रैल 2009 को झारखंड-बिहार बंद का एलान किया था। इस दौरान माओवादियों ने लातेहार जिले के हेहेगड़ा स्टेशन पर बीडीएम सवारी ट्रेन को हाईजैक कर लिया था। ट्रेन में 500 से अधिक सवारी यात्री थे।

उस समय माओवादियों ने रेल प्रबंधन से पत्रकारों के माध्यम से बातचीत की थी। बाद में पलामू जिला से मुख्यालय से पहुंचे पत्रकारों के एक दल के समझाने के बाद ट्रेन को मुक्त किया गया था।

पूरी ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक नक्सलियों के कब्जे में रही थी। यात्रियों के होश उड़ गए थे। नक्सलियों ने बंधक बनाए ट्रेन यात्रियों के लिए सत्तू की भी व्यवस्था की थी।

बता दें कि पलामू लोकसभा सीट के लिए पहले चरण में 16 अप्रैल को मतदान हुआ था। 23 अप्रैल 2009 को दूसरे चरण का मतदान होना था। झारखंड में ट्रेन हाईजैक की यह पहली घटना थी। ट्रेन बरकाकाना से मुगलसराय जा रही थी। सुबह 7:30 बजे हाइजैक की गई थी। डेढ़ घंटा के बाद इसे मुक्त कर दिया गया था। गौरतलब है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच लिबरेशन आर्मी ने जाफर एक्सप्रेस को मंगलवार के दिन हाईजैक कर लिया। ट्रेन को जब हाईजैक किया गया तो उसमें 425 लोग सवार थे। जाफर एक्सप्रेस बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर शहर जा रही थी।

# दुर्घटना में भाजपा नेता के बेटे सहित तीन की मौत

- तेज रफ्तार बनी काल, पुलिस कर रही जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रांची के कोकर इलाके में मंगलवार तड़के तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने से तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रामलखन सिंह यादव कालेज के पास हुआ, जहां टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो पूरी तरह चकनाचूर हो गई ।हादसे में सरायकेला-खरसावां के भाजपा नेता बास्को बेसरा के पुत्र अग्नि बेसरा (22), खरसावां के बुरुडीह निवासी पृथ्वी सहदेव (19) और चाईबासा निवासी सुरजीत सिंकू (20) की मौत हो गई।

मृतक और घायल युवक गम्हरिया के रहने वाले थे। अग्नि बेसरा रविवार रात अपने पिता बास्को बेसरा का हालचाल जान कर गम्हरिया से रांची जा रहे थे। बास्को बेसरा का हाल ही में पैर टूट गया था। उन्हे देखकर सोमवार देर रात, अग्नि बेसरा अपने दोस्तों पृथ्वी सहदेव और सुरजीत सिंकू के साथ स्कार्पियो से गम्हरिया से रांची लौट रहे थे।

हादसा रांची के कोकर इलाके में हुआ, जहां सड़क किनारे खड़े ट्रक से उनकी गाड़ी टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कार्पियो में सवार सभी युवक उसमें फंस गए। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद पृथ्वी सहदेव और सुरजीत सिंकू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अग्नि बेसरा गंभीर रूप से घायल था। उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे में बचे अन्य तीन युवक गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्नि बेसरा सरायकेला-खरसावां के भाजपा नेता बास्को बेसरा के पुत्र थे और रांची के जेवियर इंस्टीट्यूट आफ सोशल सर्विस (एक्सआइएसएस) में एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। इस हादसे ने बेसरा परिवार के जख्मों को और गहरा कर दिया है, क्योंकि चार अगस्त 2023 को उनके छोटे बेटे अनमोल बेसरा की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। महज सात महीनों में दूसरी बार अपने बेटे को खोने से परिवार पूरी तरह टूट चुका है ।हादसे में तीन अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

जिनका इलाज रिम्स में जारी है। डाक्टरों के मुताबिक, उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। जैसे ही इस हादसे की खबर जमशेदपुर और गम्हरिया पहुंची, मृतकों और घायलों के परिजन रांची रवाना हो गए।

# प्रशासन को मुस्तैदी के साथ तैनात रहने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर बेहतर विधि-व्यवस्था बनाए रखने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन शरारती तत्वों और अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखे। वे बुधवार को झारखंड मंत्रालय में राज्य में विधि-व्यवस्था संधारण की उच्चस्तरीय समीक्षा कर रहे थे। मौके पर मुख्यमंत्री ने वरीय पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अभियान एवी होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि होली, सरहुल, ईद, रामनवमी इत्यादि त्योहारों के मद्देनजर राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हर हाल में सुनिश्चित करें। पर्व-त्योहारों का उत्सव अपराधमुक्त वातावरण में आपसी प्रेम-सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में किसी भी प्रकार से कोई छोटी-मोटी अप्रिय घटना, सांप्रदायिक तनाव अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो, इस निमित्त पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ अलर्ट मोड पर रहे। जिन क्षेत्रों में सांप्रदायिक तनाव अथवा विवाद की संभावनाएं रहती है, उन क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाए। चिह्नित संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समिति के साथ निरंतर बैठक कर समन्वय स्थापित करें। भीड़भाड़ वाले जगहों, धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करें तथा शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# अमन साहू गैंग की कमान की खबर से सोशल मीडिया पर मची सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पलामू में मंगलवार की सुबह मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साव उर्फ अमन साहू के मारे जाने के बाद गैंग की कमान अब अमन के शूटर मयंक सिंह व राहुल सिंह ने संभाल ली है। इंटरनेट मीडिया फेसबुक पर मयंक सिंह के नाम से जारी एक प्रेस रिलीज पोस्ट ने फिर सनसनी फैला दी है। जारी पोस्ट में कथित मयंक सिंह ने लिखा है कि उसके बास अमन साहू को फर्जी मुठभेड़ में मारा गया है। अब गैंग का संचालन वह स्वयं व उसके साथी राहुल सिंह करेंगे।

उसने गैंग से जुड़े सभी लोगों व अमन साहू से व्यक्तिगत रूप से जुड़े सभी लोगों को बताया है कि वे किसी तरह की चिंता नहीं करें। बास (अमन साव) अब उनके बीच भले ही नहीं हैं, लेकिन उनका साथ गैंग के साथ बना रहेगा। वह अब और गंभीर व शक्तिशाली बन गया है, क्योंकि जब अमन साव जेल में थे तो वह कमजोर था। यह गैंग अमन साव के पदचिह्नों पर चलेगा।

मयंक सिंह ने आगे लिखा है कि उसे गर्व है कि उसके बास अमन साहू ने जीते जी पूरे तंत्र को हिलाकर रख दिया था। यही वजह है कि एक साजिश रचकर पुलिस ने उसे मारा। वह हिम्मत व साहस का प्रतीक था। वह शेर था और शेर रहेगा। झारखंड पुलिस के दावे पर नजर दौड़ाएं तो मयंक सिंह की गिरफ्तारी हो चुकी है। सीबीआई की रेड कॉर्नर नोटिस के बाद वह अजर बैजान में नवंबर 2024 में हिरासत में लिया गया था। तब से ही वह वहीं पर है। अगर अजर बैजान में पकड़ा गया शख्स मयंक सिंह है तो फेसबुक पोस्ट कर लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाला मयंक सिंह कौन है, यह सवाल अब भी बना हुआ है।

झारखंड पुलिस के अनुसार मयंक सिंह का दूसरा नाम सुनील कुमार मीणा है, जो राजस्थान के अनूपगढ़ जिले के मंडी थाना क्षेत्र के घड़साना का रहने वाला है। हालांकि, अजर बैजान में हिरासत में लिए जाने संबंधित खबर प्रकाशित होने के दूसरे ही दिन मयंक सिंह ने फेसबुक पोस्ट पर उक्त खबर का खंडन किया था।

उसने इंटरनेट मीडिया पर एक बयान जारी कर बताया था कि अजर बैजान में पकड़ा गया सुनील मीणा उसका दोस्त है। 28 अक्टूबर 2024 की सुबह वीजा अवधि समाप्त होने के दो घंटा देर से नवीकरण होने के बाद वीजा जांच अधिकारी ने सुनील मीणा को हिरासत में लिया था। उसके बाद से वह अजर बैजान के डिटेंशन सेंटर में है। उसने यह भी बताया है कि मीणा को ही मयंक समझा व बोला जा रहा है, जो गलत है।

झारखंए एटीएस ने डेटा विश्लेषण के आधार पर दावा किया था कि मयंक सिंह राजस्थान के अनूपगढ़ जिले के मंडी थाना क्षेत्र के घड़साना का रहने वाला सुनील कुमार मीणा है। वह मलेशिया में रहकर झारखंड के कारोबारियों को डरा-धमकाकर रंगदारी वसूलता है।

# होली त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं : अमरदीप मल्होत्रा

- सदर प्रखंड में पुलिस की रहेगी चाक -चौबंद व्यवस्था : उत्तम राय
- सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। होली का रंग बेरंग न हो इसका ख्याल रखें। उक्त बातें सदर अंचलाधिकारी अमरदीप बल्होत्रा ने कही। वे बुधवार को सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में शांति व्यवस्था कायम रहे इस पर दोनों समुदायों को ध्यान देने की जरूरत है। आश्वस्त किया कि प्रखंड प्रशासन आमलोगों के साथ खड़ा है। मौके पर थाना प्रभारी उत्तम राय ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले व समाज में विध्न डालने वालों के विरूद्ध पुलिस सख्ती के साथ कानूनी कार्रवाई करने को तैयार है। सदर प्रखंड के सभी पंचायत व गांवों में होली मनाए जाने को लेकर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। साथ ही किसी भी आग जनित घटना से निपटने के लिए अग्निशमन वाहन की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने लोगो से होली को सौहार्द के साथ मनाने का आह्वान किया। बैठक में एएसआई आनंद सिंह, एएसआई अजीत दूबे, नबी रसूल अंसारी, भरत भूषण सामड़, अरबिंद गुप्ता, सुलेमान अंसारी, अजय तिवारी, उपाध्याय सिंह, मुकेश तिवारी, डा सुरेंद्र तिवारी, राजमणि देवी, कई पंचायत के मुखिया, प्रमुख, वार्ड सदस्य के अलावा दोनों समुदाय के गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया।

# छात्रों के साथ होली के रंग में रंगे कुलपति

## अबीर-गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रंगों का पर्व होली उत्साह और खुशियों का प्रतीक है। झारखंड की राजधानी रांची में होली को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न संस्थानों और संगठनों द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (रांची कॉलेज) में आजसू छात्र संघ और झारखंड छात्र दल द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उमंग और उल्लास के साथ शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

होली मिलन समारोह में छात्रों का उत्साह बढ़ाने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार सांडिल्य और रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों कुलपतियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और छात्रों को शुभकामनाएँ दीं।

इस मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा, ₹मैं भी इसी संस्थान से पढ़ा हूँ। जब यह रांची कॉलेज हुआ करता था, तब की कई यादें इससे जुड़ी हुई हैं। यह देखकर खुशी होती है कि आज भी यहां के विद्यार्थियों में वही जोश और उमंग बनी हुई है। सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ। मेरी कामना है कि आप जीवन में सफलता हासिल करें।

वहीं, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार सांडिल्य ने कहा, ₹होली रंगों का त्योहार है और यह प्रेम, सौहार्द और तरक्की का संदेश देता है। आशा करता हूँ कि आप अपने जीवन को भी तरक्की के रंगों से सजाएँगे।₹ उन्होंने सफल आयोजन के लिए आजसू छात्र संघ और झारखंड छात्र दल के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

मिलन समारोह में छात्रों का जोश देखते ही बन रहा था। सभी ने मिलकर होली की खुशियाँ साझा कीं। आयोजन को सफल बनाने में कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, अध्यक्ष ओम वर्मा, ऋषभ, रौशन और अन्य विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। मौके पर आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता देव शरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, पूर्व विधायक लंबोदर महतो समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एक जैसी है यूपी के गैंगस्टर विकास दुबे और झारखण्ड के अमन साहू के एनकाउंटर की स्क्रीप्ट

## एनकाउंटर पर नहीं आई प्रतिक्रिया, सड़क पर पड़ा रहा शव

**नवबिहार टाइम्स टीम**

**रांची/पटना।** अमन साहू के एनकाउंटर की घटना ने यूपी के कानपुर निवासी गैंगस्टर विकास दुबे को एसटीएफ द्वारा मार गिराए जाने की घटना की याद दिला दी है। दोनों की मौत की स्क्रिप्ट लगभग एक जैसी है।

इंटरनेट मीडिया पर भी दिनभर यह चर्चा होती रही कि कानपुर वाले विकास दुबे की तर्ज पर ही झारखंड पुलिस ने भी अमन साहू का एनकाउंटर कर दिया। एनकाउंटर को लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं, लेकिन लोग झारखंड पुलिस की पीठ भी थपथपा रहे हैं। बता दें कि पुलिस ने कानपुर के बिकरू वाले विकास दुबे को 10 जुलाई साल 2020 को इसी तरह मुठभेड़ में मार गिराया था। विकास दुबे को उज्जैन से यूपी लाने के दौरान गाड़ी पलट गई थी।

पुलिस ने बताया था कि जिस वक्त एक्सीडेंट हुआ, उस समय गाड़ी की पिछली सीट पर बैठे विकास दुबे ने भागने की कोशिश की और एक पुलिसकर्मी की नाइन एमएम की पिस्टल लेकर भागते समय एसटीएफ के जवानों पर पलटकर गोली चलाई। इसके बाद एसटीएफ की जवाबी फायरिंग में तीन गोलियां उसके सीने में, जबकि एक बांह पर लगी। इसमें मौके पर ही उसकी मौत हो गई ।अमन साहू के मामले में भी पुलिस ने बताया है कि वह एक जवान की इंसास रायफल छीनकर भागने और फायरिंग करने के बाद जवाबी फायरिंग में मारा गया। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) की केरेडारी कोयला परियोजना के डीजीएम (डिस्पैच) कुमार गौरव की हत्या में गैंगस्टर अमन साहू गिरोह का हाथ है या नहीं, यह पुलिस जांच पूरी होने पर ही पता चलेगा, लेकिन कुमार गौरव की हत्या अमन के लिए काल बन गया। हत्या के बाद पुलिस की किरकिरी हो रही थी और वह भारी दबाव में थी।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को बेशर्म कहा था। अमन को मुठभेड़ में मार गिराने के बाद एक झटके में पुलिस दबाव से बाहर आ गई है। पुलिस की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। साथी ही अमन के आतंक से भी लोगों को मुक्ति मिल गई है। अब उसके जैसे बेखौफ और बेलगाम दूसरे गैंगस्टर सकते में हैं।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है- अब विकास तिवारी, श्रीवास्तव गिरोह और धनबाद के प्रिंस खान पर विशेष नजर है। जानकारों का कहना है कि अगर 8 मार्च को डीजीएम कुमार गौरव की हत्या न हुई होती तो 11 मार्च को अमन का भी अंत न होता। डीजीएम की हत्या से एक दिन पहले रांची के बरियातू में कोयला ट्रांसपोर्टर बिपिन मिश्रा पर जानलेवा हमला हुआ।

केरेडारी कोयला परियोजना में ही बिपिन मिश्रा का ट्रांसपोर्टिंग का काम चल रहा था। कहा जाता है कि बिपिन का राज्य सरकार में अच्छी पैठ है। इस हमले में शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का पुलिस पर दबाव पड़ा। इस घटना के अगले दिन डीजीएम की हत्या ने पुलिस को अदालत से परे न्याय करने के लिए मजबूर कर दिया। आनन-फानन में छत्तीसगढ़ के रायपुर जेल से रांची कोर्ट में अमन की पेशी का प्लान बना और रायपुर से रांची लाने के दौरान यूपी के योगी राज की तरह पलामू के चैनपुर में मुठभेड़ हो गई।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी अनुसंधान फाउंडेशन नई दिल्ली के शोधकर्ता विनय सिंह कहते हैं- गैंगस्टर अमन साहू का खात्मा बेलगाम अपराधिओं के मनोबल को तोड़ेगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता को अनंत शुभ कामनाएं और यह आग्रह भी है की यह क्रम रुकने न पाए।

आमतौर पर जब भी अपराधी हिरासत से पुलिस का हथियार छिनकर भागते हैं और मुठभेड़ होती है तो उसके बाद दिखावे के लिए ही सही, अपराधी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता है। जहां डॉक्टर जांच के बाद मृत घोषित करते हैं। अमन के मामले में ऐसा नहीं हुआ। सुबह साढ़े नौ बजे मुठभेड़ होती है और जानवर की तरह करीब पांच बजे शाम तक सड़क पर शव पड़ा रहा।

इस दौरान एफएसएल की टीम जांच करती रही। शाम को शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा गया। एक तरह से यह पुलिस का गैंगस्टरों के लिए भी संदेश है। औरों का भी ऐसा ही हश्र होगा।

हर घटना के बाद अमन साहू गैंग की तरफ से इंटरनेट मीडिया में प्रेस विज्ञप्ति जारी की जाती थी। यह विज्ञप्ति-मयंक सिंह, अमन साहू के साथ है, एकाउंट से जारी की जाती थी। मंगलवार को मुठभेड़ में अमन के मारे जाने के बाद रात 12 बजे तक कोई विज्ञप्ति जारी नहीं हुई। अंतिम विज्ञप्ति 9 मार्च को डीजीएम कुमार गौरव के बाबत थी। हत्या में अमन गैंग ने अपना हाथ होने से इनकार किया था।

# अविनाश वर्मा ने दी होली की बधाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पांकी विधायक सह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने अपने आवास पर होली मिलन का आयोजन किया। वहां अविनाश वर्मा समेत स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, आनंद कुमार, सतीश अग्रवाल, आलोक श्रीवास्तव, बच्चन ठाकुर समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए।


उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि विधायक शशि भूषण मेहता लगातार हर एक पर्व व त्योहारों में क्षेत्र के निवासियों के साथ अपने लोगों को याद करने की, उन्हें सम्मानित करने की जो परंपरा शुरू की है।

यह अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणा है। वे विधायक समेत उनसे जुड़े सभी लोगों को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की ओर से होली की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई देते हैं। मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विधायक को अबीर- गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

# स्वितोलिना, एंड्रीवा, स्वीयाटेक इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूक्रेन की 23वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बारिश का सामना करते हुए 5-7, 6-1, 6-2 से नंबर 4 वरीयता प्राप्त अमेरिकी जेसिका पेगुला को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।पूर्व इंडियन वेल्स सेमीफाइनलिस्ट ने अपनी शुरुआती असफलताओं को भुलाकर मैच को अपने पक्ष में मोड़ दिया और अंतिम 15 गेम में से 12 गेम जीतकर अपने 21वें डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जो 2021 के बाद से उनका पहला मैच था। कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में धुंध भरे दिन पर, स्वितोलिना और पेगुला को तीसरे सेट के पहले गेम के बाद बारिश के कारण लंबे समय तक खेल में देरी का सामना करना पड़ा। यह स्वितोलिना ही थी जो बीच में अपनी आंखों में आग लेकर वापस आई। उसने पेगुला को पीछे धकेल दिया और जीत के साथ आगे निकल गई। पेगुला ने इस महीने की शुरुआत में ऑस्टिन खिताब जीतने के बाद इंडियन वेल्स में प्रवेश किया, लेकिन स्वितोलिना शीर्ष पर रही, जिसने अपने करियर की आठ भिड़ंत में पेगुला पर अपनी तीसरी जीत हासिल की। स्वितोलिना, जो 2019 के बाद पहली बार टेनिस पैराडाइज में क्वार्टर फाइनल में है, का सामना मीरा एंड्रीवा से होगा, जिसने तीन सप्ताह में दूसरी बार एलेना रिबाकिना को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

17 वर्षीय रूसी एंड्रीवा का रेगिस्तान में यह सफर दुबई चैंपियनशिप में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के तुरंत बाद शुरू हुआ, जिसने उन्हें 2007 के बाद से शीर्ष 10 में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बना दिया। इससे पहले, इगा स्वीयाटेक ने 15वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिन मुचोवा को 6-1, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पोल ने तीन राउंड में केवल छह गेम गंवाए हैं, जो मोनिका सेलेस के इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के दौरान सबसे कम गेम गंवाने के रिकॉर्ड की बराबरी करता है, जिसमें कम से कम तीन मैच खेले गए हैं। इस प्रक्रिया में, स्वीयाटेक तीन इंडियन वेल्स ओपन खिताब जीतने वाली पहली महिला बनने की अपनी दावेदारी को और मजबूत कर रही हैं, और 1991 में मार्टिना नवरातिलोवा के बाद से यहां खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली महिला बनेंगी। 1989 में इस आयोजन के उद्घाटन के बाद से, मोनिका सेलेस ने इंडियन वेल्स में महिला एकल खिताब के लिए सबसे कम गेम गंवाए हैं, 1992 में (पांच मैचों में) केवल 12 गेम गंवाए थे। अगर किसी खिलाड़ी के पास इस अविश्वसनीय उपलब्धि की बराबरी करने का मौका है, तो वह स्वीयाटेक ही होंगी।



## गौतम गंभीर ने तैयार किया रोडमैप

# आईपीएल2025 के दौरान करेंगे यह बड़ा काम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी दुबई में तिरंगा लहरा कर आई है. उसने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीता है. अब अगले करीब 2 महीने तक टीम इंडिया को कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेलना है, क्योंकि 22 मार्च-25 मई तक पूरा भारतवर्ष आईपीएल2025 के रोमांच का आनंद ले रहा होगा. इस बीच खबर सामने आई है कि टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर इंडिया ए टीम के साथ इंग्लैंड रवाना होने वाले हैं. बता दें कि जून-जुलाई के महीने में भारत को इंग्लैंड के साथ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है.

20 जून को भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले गौतम गंभीर इंडिया ए टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा करके आएंगे. यह गौर करने वाली बात है कि इंडिया ए टीम के पास कोई कोच नहीं है, ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि गौतम गंभीर केवल एक समीक्षक के रूप में इंडिया ए टीम के साथ जाएंगे या फिर वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच होने का पदभार संभालेंगे. बताते चलें कि लक्ष्मण अभी नेशनल क्रिकेट अकादमी में हेड ऑफ क्रिकेट के पद पर कार्यरत हैं. गंभीर यदि इंग्लैंड जाते हैं तो यह किसी विदेशी दौरे पर पहली बार होगा जब इंडिया ए के साथ सीनियर टीम का कोच मौजूदा रहेगा. सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया दौरे से वापस आने के बाद गौतम गंभीर लगातार बीसीसीआई अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे हैं. गंभीर ने खुद इंडिया ए टीम के साथ इंग्लैंड जाने की इच्छा जाहिर की है, जिससे उन्हें रिजर्व खिलाड़ियों का भी एक आइडिया मिल सके. इसके अलावा गंभीर ने अभी से अगले 2 साल का रोडमैप तैयार करना शुरू कर दिया है. बता दें कि अगले 2 साल के भीतर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, 2026 टी20 वर्ल्ड कप और 2027 ओडीआई वर्ल्ड कप भी खेला जाना है.

# मैं हरभजन सिंह के साथ काम नहीं करना चाहता: जतिन सप्रू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए जतिन सपरू कोई अनजाना नाम नहीं है। वह सालों से क्रिकेट बॉडकास्टर्स से जुड़े हुए हैं और लगभग हर बड़े मैच के दौरान वह टीवी स्क्रीन पर नजर आते रहे हैं। उन्होंने सुनील गावस्कर से लेकर हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ियो के साथ कमेंट्री की है। हालांकि मंगलवार को उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के साथ यह अपील की कि वह हरभजन सिंह के साथ काम नहीं करना चाहते। पहले जतिन सप्रू ने अपने इंस्टाग्राम के जरिए एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, सम्मान के साथ, संबंधित प्राधिकारी से मेरा अनुरोध है कि आगे से मुझे भज्जी सर के साथ पार्टनर ना करें। उन्होंने मुझे बोलने का मौका ही नहीं दिया। मुझे नहीं लगता कि यह ठीक है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मुझे यकीन नहीं हो रहा कि मैं अपने पार्टनर के खिलाफ यह लिख रहा हूं लेकिन हरभजन सिंह ने मेरे पास कोई और विकल्प नहीं छोड़ा है।' हरभजन सिंह भी इस आरोप पर शांत नहीं रहा। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, जतिन का ये आरोप कि मैंने उसे कुछ बोलने नहीं दिया बिल्कुल झूठ है। भज्जी ने आगे लिखा, मैं हमारी फुटेज पब्लिक करने की अपील करता हूं, ताकि सच लोगों तक पहुंच सके। यह पूरा मामला क्या है इसे लेकर यूजर्स भी अलग-अलग अंदाजे लगा हैं। कई लोग इसे मार्केटिंग स्ट्रेटिजी कह रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि दोनों के बीच कोई समस्या चल रही है।

---------------

# आईपीएल 2025 से पहले कोलकाता पहुंचे नाइट राइडर्स

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले अपने अंतिम प्री-सीजन कैंप की शुरुआत करने के लिए सिटी ऑफ जॉय पहुंचे। 12 मार्च से प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में होने वाला यह कैंप सीजन ओपनर से पहले टीम की तैयारी का आखिरी चरण होगा। प्री-सीजन कैंप में नए कप्तान और मजबूत कोचिंग स्टाफ के नेतृत्व में रणनीति को बेहतर बनाने और टीम के तालमेल को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। हेड कोच चंद्रकांत पंडित के नेतृत्व में, सहायक कोच के रूप में ओटिस गिब्सन और टीम के मेंटर के रूप में डीजे ब्रावो के शामिल होने से कोलकाता नाइट राइडर्स के आईपीएल 2025 अभियान में नई ऊर्जा आएगी।



गत चैंपियन 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेंगे। केकेआर ने आईपीएल फाइनल में चार बार भाग लिया है, जिसमें से तीन बार (2012, 2014, 2024) चैंपियनशिप जीती है। वे 2021 सीजन में उपविजेता रहे, जिसने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बेहतरीन वापसी की। नाइट राइडर्स द्वारा फ्रैंचाइज़ी संभालने के बाद से टीकेआर पुरुष टीम ने 10 वर्षों में चार बार सीपीएल चैंपियनशिप जीती है। वह कैरिबियन की सबसे सफल टीम है और पूरे टूर्नामेंट में एक भी गेम हारे बिना 2020 में ट्रॉफी जीतने का बेहतरीन रिकॉर्ड उनके नाम है। नाइट राइडर्स की पहली महिला टीम टीकेआर 2022 में उद्घाटन डब्ल्यूसीपीएल की चैंपियन थी। वहीं, हाल ही में टीम इंडिया ने पाकिस्तान की मेजबानी में खेले गए चैंपियंस ट्राफी को अपने नाम किया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में खुद पांच मुकाबले खेले और सभी में जीत दर्ज की। भारत ने फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया।

# संन्यास लेने से पहले रोहित की नजर वनडे विश्व कप खिताब पर होगी: रिकी पोंटिंग

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा अब भी दमदार खिलाड़ी हैं तथा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रख सकते हैं। रोहित की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप को छोड़कर आईसीसी के बाकी टूर्नामेंट जीते हैं। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम 2023 में घरेलू धरती पर खेले गए वनडे विश्व कप को जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि रोहित अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, 'जब आप अपने करियर के इस पड़ाव के करीब पहुंचते हैं तो हर कोई आपके संन्यास लेने का इंतजार कर रहा होता है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। वह भी तब जबकि आप अच्छा खेल रहे हो जैसा कि उन्होंने (चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में) अच्छी पारी खेली थी। पोंटिंग ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अब भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है। पोंटिंग ने कहा, 'मेरे लिए इसका मतलब यह है कि उनके मन में 2027 में होने वाले अगले वनडे विश्व कप में खेलना लक्ष्य होना चाहिए।

रोहित ने 2021 में 34 वर्ष की उम्र में भारतीय टीम की कमान संभाली थी। उनके नेतृत्व में भारत ने रविवार को यहां खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इससे पहले भारत ने पिछले साल रोहित की कप्तानी में ही वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित की 83 गेंद पर खेली गई 76 रन की पारी की मदद से आसन जीत हासिल की।



## शेन बॉन्ड की जसप्रीत बुमराह को चेतावनी

# यह करियर खत्म करने वाला हो सकता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज और मुंबई इंडियंस (एमआई) के पूर्व गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सर्जरी जिस जगह हुई थी, उसी जगह पर एक और चोट लगने से उनका करियर खत्म हो सकता है और उन्होंने कहा कि भविष्य में वह उन्हें एक बार में दो से ज़्यादा टेस्ट मैच खेलते हुए नहीं देखना चाहेंगे।



बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट से जूझ रहे हैं, जिसकी वजह से वह रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के लिए मशहूर अभियान से बाहर हो गए। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली द्वारा राष्ट्रीय खजाना कहे जाने वाले इस गेंदबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान भारत के लिए अकेले संघर्ष किया, जिसमें उन्होंने पांच मैचों में 32 विकेट लिए, इससे पहले इस साल जनवरी में सिडनी में अंतिम टेस्ट मैच में वह तनाव से संबंधित चोट से पीड़ित हो गए थे। उन्होंने तब से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है और भारत के विजयी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान को भी मिस किया है। बुमराह बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैब पूरा कर रहे हैं और 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान मुंबई इंडियंस के लिए उनकी उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है। बुमराह को पहली बार पीठ में चोट नहीं लगी है, क्योंकि मार्च 2023 में उनकी इसके लिए सर्जरी हुई थी।

# आईपीएल 2025 छक्के पर छक्का... आते ही कर दी धुलाई शुरू, कोई गेल कहता है, कोई पोलार्ड समझता है

आईपीएल 2025 का खेल भले ही अभी शुरू ना हुआ हो, मगर उस खिलाड़ी का खेल दिखने लगा है. उसने गेंदबाजों की धुलाई शुरू कर दी है. बल्ले से छक्के पर छक्का बरसा रहा है और उसे ऐसा करते हुए देख फैंस झूम रहे हैं. हम बात कर रहे 22 साल के रॉबिन मिन्ज की, जिन्हें मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 15.25 करोड़ के खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर चुना है. वैसे, आईपीएल के लिए रॉबिन मिन्ज का नाम नया नहीं है. गुजरात टाइटंस ने 3.20 करोड़ रुपये में इन्हें आईपीएल 2024 के लिए खरीदा था. मगर तब वो सीजन शुरू होने से ठीक पहले बाइक एक्सीडेंट का शिकार हुए और एक भी मुकाबला नहीं खेल सके थे.



### 15.25 करोड़ के खिलाड़ी का विकल्प हैं मिन्ज!

बाइक एक्सीडेंट का रॉबिन मिन्ज को नुकसान हुआ. एक तो आईपीएल में डेब्यू करने का इंतजार बढ़ गया और दूसरा आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में उन्हें अपनी पिछली रकम से पूरे 2 करोड़ 55 लाख रुपये कम मिले. मुंबई इंडियंस ने उन्हें सिर्फ 65 लाख रुपये में खुद से जोड़ा है. मुंबई इंडियंस रॉबिन को इशान किशन के विकल्प के तौर पर देख रही है, जो इस सीजन में उसका हिस्सा नहीं है. इशान किशन को मुंबई इंडियंस 15,25 करोड़ रुपये देती थी. लेकिन, अब वही काम 65 काम के मिन्ज करते दिख सकते हैं. इशान की तरह मिन्ज भी बाएं हाथ से खेलते हैं और विकेटकीपर बल्लेबाज हैं.

### कोई गेल कहता है, कोई पोलार्ड समझता है

रॉबिन मिन्ज झारखंड से आते हैं. वो आईपीएल खेलने वाले पहले आदिवासी क्रिकेटर हैं. बाएं हाथ के मिन्ज के खेलने के अंदाज और छक्के लगाने की काबिलियत को लेकर झारखंड में कोई उन्हें गेल कहता है तो कोई पोलार्ड समझता है. मगर ये बात तो अब तभी साबित होगी जब आईपीएल की पिच पर मिन्ज गर्दा उड़ाते दिखेंगे. वैसे, मुंबई इंडियंस के नेट्स से उनका जो वीडियो सामने आया है, उससे उनके दमदख और मिजाज का अच्छा पता चलता है. दिखता है कि वो कितने आक्रामक हैं और उनके शॉट्स में कितनी पावर है. नेट्स पर रॉबिन मिन्ज हर गेंद पर बड़ा शॉट्स लगाने की प्रैक्टिस करते दिख रहे हैं.उन्हें इसमें कामयाबी भी मिल रही है. उम्मीद है कि जैसा नेट्स पर दिख रहा है, मौका मिलने पर मैच में भी ऐसे ही ताबड़तोड़ छक्के उनके बल्ले से बरसते दिखे.

रॉबिन मिन्ज विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज तो हैं ही, इसके अलावा वो लेफ्ट आर्म स्पिन भी कराते हैं. मतलब, मुंबई इंडियंस के सामने ऑप्शन खुले होंगे उन्हें मैच में उन्हें यूज करने के . देखना दिलचस्प रहेगा कि जब मौका मिलता है तो आईपीएल के पहले आदिवासी क्रिकेटर के तौर खेलने उतर रहे मिन्ज क्या करते हैं

# जसप्रीत बुमराह- हार्दिक पंड्या के फैन्स को झटका, नहीं खेलेंगे आईपीएल के शुरुआती मैच...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 की शुरुआत में अब चंद दिन बचे हैं. चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद अब दर्शकों पर आईपीएल का खुमार छाएगा. आईपीएल की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है, जिसका ओपनिंग मैच मौजूदा चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होगा. यह उद्घाटन मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होगा. लेकिन शुरुआती मुकाबलों को लेकर कुछ अपडेट हैं. जसप्रीत बुमराह, पंड्या के बाद अब ताजा नाम लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव का शामिल हुआ है. यह वह खिलाड़ी है, जो शुरुआती मुकाबले या शुरुआती हाफ में नहीं खेलेगा. वहीं, पंड्या क्यों बाहर रहेंगे, इसकी वजह आईपीएल 2024 से जुड़ी हुई है. मयंक यादव आईपीएल 2025 के पहले हाफ में नहीं खेल पाएंगे. क्रिकइंफो के अनुसार, मयंक यादव कमर की चोट से उबर रहे हैं. मयंक ने हाल ही में बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी शुरू की है. वह पिछले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत के लिए डेब्यू के बाद इंजर्ड हो गए थे. मयंक के कमबैक के लिए बीसीसीआई ने अभी तक कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है, लेकिन अगर वह अपने बॉलिंग वर्कलोड के साथ फिटनेस मापदंडों को पूरा करते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं.







टूर्नामेंट के पहले हाफ में मयंक की अनुपलब्धता लखनऊ के लिए झटका है, जिसने उन्हें मेगा नीलामी से पहले 11 करोड़ रुपये (लगभग 1.31 मिलियन डॉलर) में रिटेन किया था. जबकि 2024 सीजन से पहले उन्हें एक अनकैप्ड गेंदबाज के रूप में 20 लाख रुपये में खरीदा गया था. मयंक को इतनी ज्यादा कीमत उनकी गेंदबाजी के कारण मिली, उन्होंने आईपलएल 2024 में लगातार 150 किमी प्रति घंटे की स्पीड से गेंदें फेंकी थीं. इसी वजह से उनको आईपीएल में अपने पहले दो मैचों में दो बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला था. उनकी प्रतिभा को देखकर नेशनल सेलेक्टर्स ने मयंक को फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में शामिल किया था. मयंक का आईपीएल 2024 में सफर केवल 4 मैचों तक था, रिहैब के दौरान, मयंक को एक अलग चोट लग गई, जिससे उनकी वापसी में देरी हुई, लेकिन उन्होंने अंततः बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मुकाबला खेला और डेब्यू किया.

# दिल्ली फिर दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली लगातार छठे साल दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। स्विट्जरलैंड की वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आईक्यू एयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024 के अनुसार, दिल्ली प्रदूषण के मामले में इस साल भी पहले स्थान पर है। शहरों की श्रेणी में एनसीआर के लोनी, नोएडा और ग्रेटर नोएडा भी सबसे प्रदूषित हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत साल 2024 में दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश बना। 2023 में यह तीसरे स्थान पर था। 2024 में पीएम 2.5 के स्तर में सात गिरावट देखी गई है। दुनिया के टॉप-20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में हैं। असम का बर्नीहाट इस सूची में सबसे ऊपर है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के चार और चीन का एक शहर शीर्ष-20 प्रदूषित शहरों में शामिल हैं।

दुनिया के शीर्ष-20 सबसे प्रदूषित शहरों में असम का शहर बर्नीहाट, दिल्ली, पंजाब का मुल्लांपुर, हरियाणा का फरीदाबाद, गुरुग्राम, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में लोनी, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मुजफ्फरनगर, राजस्थान में गंगानगर, भिवाड़ी और हनुमानगढ़ शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, असम और मेघालय की सीमा पर स्थित शहर बर्नीहाट में प्रदूषण का उच्च स्तर स्थानीय कारखानों से निकलने वाले उत्सर्जन के कारण है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 35 भारतीय शहरों में वार्षिक पीएम 2.5 का स्तर



विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमा पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से 10 गुना अधिक है।


दिल्ली साल भर हाई वायु प्रदूषण से जूझती है और सर्दियों में यह समस्या और भी बदतर हो जाती है, जब प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियां, वाहनों से निकलने वाला धुआं, धान की पराली जलाने, पटाखे फोड़ने से निकला धुआं और अन्य स्थानीय प्रदूषण स्रोत मिलकर हवा की गुणवत्ता को खतरनाक बना देते हैं। वायु प्रदूषण के स्रोतों में वाहनों से निकलने वाला धुआं, फैक्ट्रियों और कारखानों से निकलने वाला धुआं और लकड़ी या पराली को जलाना शामिल है। भारत में वायु प्रदूषण एक गंभीर स्वास्थ्य जोखिम बना हुआ है, जिसकी वजह से लोगों की उम्र अनुमानित 5.2 वर्ष कम हो रही है। पिछले साल प्रकाशित 'लांसेट प्लैनेटरी हेल्थ' स्टडी के अनुसार, 2009 से 2019 तक भारत में हर साल लगभग 15 लाख लोगों की मौत संभावित रूप से लंबे वक्त तक पीएम 2.5 प्रदूषण के संपर्क में रहने के कारण हुई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक और स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार सौम्या स्वामीनाथन ने कहा, हमारे पास डेटा है, अब हमें कार्रवाई की आवश्यकता है। कुछ समाधान आसान हैं जैसे जीवाश्म ईंधन को एलपीजी से बदलना।

## प्रदूषण फैलाने में फरीदाबाद और गुरुग्राम टॉप-10 में

**फरीदाबाद, गुरुग्राम।** एनसीआर में आने वाले हरियाणा के दो शहर फरीदाबाद और गुरुग्राम सबसे प्रदूषित शहरों में टॉप-10 में हैं। हवा की क्वॉलिटी मापने वाली स्विस कंपनी ढ्ढह्नड्ड ने आज जो आंकड़े जारी किए हैं, वो फरीदाबाद और गुरुग्राम के लिए किसी लिहाज से अच्छे नहीं हैं। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 के अनुसार, फरीदाबाद वैश्विक स्तर पर पांचवें स्थान पर है, जहाँ पीएम2.5 की औसत सांद्रता 101.2 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है, जबकि गुरुग्राम 87.5 के वार्षिक औसत पीएम2.5 स्तर के साथ 10वें स्थान पर है। इस नई रैंकिंग में भारत के 13 शहर शामिल हैं। राहत की बात सिर्फ इतनी है कि 2023 की तुलना में 2024 में भारत के कुल पीएम2.5 स्तर में 7 की गिरावट आई है,फिर भी भारत सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में से एक है,दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से छह भारत में स्थित हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि असम में बायर्नीहाट अब दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है, जिसने दिल्ली के पिछले रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है,जो अभी भी दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। फरीदाबाद लगातार भारत के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक रहा है और नई रिपोर्ट इसकी बिगड़ती वायु गुणवत्ता को बयां कर रही है। उच्च पीएम2.5 स्तर का कारण औद्योगिक उत्सर्जन,निर्माण धूल और वाहनों से होने वाला प्रदूषण जैसे कई कारक हैं। औद्योगिक उत्सर्जन पर अंकुश और हरियाली बढ़ाने के प्रयासों सहित वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से कई पहलों के बावजूद,इनका प्रभाव अपर्याप्त रहा है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी (दक्षिण गुरुग्राम) विजय चौधरी ने माना कि उत्सर्जन को नियंत्रित करना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि हमने औद्योगिक उत्सर्जन पर प्रतिबंध और बेहतर कचरा प्रबंधन सहित कई उपाय लागू किए हैं। हालांकि,शहर की भौगोलिक स्थिति और मौसम की परिस्थितियां सर्दियों के दौरान प्रदूषण के स्तर को बढ़ा देती हैं,जिससे बार-बार धुंध की समस्या होती है। निवासियों ने भी बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर अपनी चिंता व्यक्त की है। निवासी वकालत समूह मेकिंग मॉडल गुरुग्राम की संस्थापक गौरी सरीन ने कहा कि हम वर्षों से यह मुद्दा उठा रहे हैं,लेकिन प्रतिक्रिया धीमी और अपर्याप्त रही है। लोग खासकर बच्चे और बुजुर्ग,जहरीली हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण सांस की बीमारियों से पीड़ित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा सेक्टर-62 से ममूरा तक खत्म होगा जाम, अथॉरिटी ने शुरू किया काम; जल्द जारी होंगे टेंडर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा प्राधिकरण ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लगे सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर से मामूरा तक यातायात व्यवस्था बेहतर करने की तैयारी तेज कर दी है। प्राधिकरण ने काम शुरू कराने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। इस काम पर सात करोड़ 72 लाख 12 हजार रुपये का खर्च आएगा। अधिकारियों ने बताया कि मॉडल टाउन गोलचक्कर से मामूरा तक करीब 2.9 किलोमीटर लंबी सड़क बनी हुई है। इस सड़क पर आने-जाने वाले दोनों रास्तों पर सुबह-शाम लंबे जाम में फंसना पड़ता है। रोड नंबर-6 पर सेक्टर-62-71 के बीच ट्रैफिक जाम बड़ी समस्या है। ट्रैफिक फंसने की शुरुआत सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोल चक्कर से होती है। यहां पर लगने वाले जाम में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे की तरफ से आने वाले वाहन भी फंसते हैं। इसके बाद मामूरा में ट्रैफिक की रफ्तार रुक जाती है। दूसरी तरफ सेक्टर-59 के सामने से ही मॉडल टाउन गोलचक्कर की तरफ आने वाला ट्रैफिक फंसने लगता है। इन जगह जाम लगने की वजह सड़क की चौड़ाई कम होना और अतिक्रमण मुख्य वजह हैं। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने कई निरीक्षण और सर्वे के बाद मॉडल मोबिलिटी कॉरीडोर बनाने की योजना तैयार करवाई है। कॉरिडोर की योजना के तहत जाम में कमी लाने, सड़क सुरक्षा और सौंदर्यीकरण से जुड़े काम किए जाएंगे। टेंडर में एजेंसी का चयन होने के बाद उसे छह महीने में काम पूरा करना होगा।

### 12 हजार गाड़ियों का फर्जी बीमा करने वाले गैंग का खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देशभर में 12 हजार से अधिक गाड़ियों की फर्जी इंश्योरेंस पॉलिसी जारी करने वाले गैंग का खुलासा हुआ है। गाजियाबाद की साइबर थाना पुलिस ने गैंग से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इनमें इंश्योरेंस कंपनी का एक एजेंट भी शामिल है। अधिकारियों का कहना है कि कंपनी के एक अन्य एजेंट समेत दो आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। नोएडा सेक्टर-22 के बी-49 निवासी संजय ठाकुर दिल्ली के मर्केंटाइल हाउस स्थित आईसीआईसीआई लोंबार्ड जीआईसी कंपनी में डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट हैं। उन्होंने साइबर थाने में कंपनी के एजेंट हापुड़ निवासी रोहित कुमार और गाजियाबाद के रिछपालपुरी निवासी विकास कश्यप के खिलाफ केस दर्ज कराया था। अधिकारियों को धोखा देने के लिए पॉलिसी दस्तावेज में कॉमर्शियल वाहनों, निजी कारों, माल वाहक वाहनों को दोपहिया वाहनों के रूप में गलत तरीके से दर्शाया गया।

## हरियाणा के नूंह में किसानों का प्रदर्शन, 100 से ज्यादा अन्नदाताओं पर एफआईआर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
हरियाणा के नूंह में किसानों के एक समूह ने मंगलवार को परियोजना के लिए 2010 में अधिग्रहित अपनी जमीन के मुआवजे को लेकर यहां प्रदर्शन करते हुए एक औद्योगिक मॉडल टाउनशिप का निर्माण कार्य रोक दिया। पुलिस ने इसके बाद महिलाओं सहित 100 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि रोजका मेव थाने में 53 महिलाओं समेत 107 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

किसानों ने कहा कि आईएमटी रोजका मेव के लिए, नौ गांवों - खेड़ली कांकर, महरोला, बड़ेलकी, कंवरसिका, रोजका मेव, धीरुडुका, रूपाहेडी, खोड (बहादरी) और रेवासन - में फैली 1,600 एकड़ जमीन 2010 में अधिग्रहित की गई थी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें उनकी जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि उचित मुआवजे की मांग कर रहे किसान 28 फरवरी से धीरुडुका गांव में धरने पर बैठे हैं।

प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को धीरुडुका गांव में आईएमटी रोजका मेव का काम रुकवा दिया। इसके बाद हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) के कर्मचारी मशीनें लेकर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और अपना काम शुरू किया।इसी दौरान सैकड़ों किसान जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, कार्य स्थल पर पहुंच गए। पुलिसकर्मियों और किसानों के बीच कहासुनी हो गई और किसानों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक वे काम नहीं होने देंगे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने किसानों से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन किसान अधिक जमीन मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान एक बुजुर्ग महिला बेहोश भी हो गई, जिसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि इसके तुरंत बाद सैकड़ों किसानों ने मशीनों को चारों तरफ से घेर लिया और कहा कि वे संघर्ष के लिए तैयार हैं, चाहे इसके लिए उन्हें जेल क्यों न जाना पड़े। पुलिस ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने कई किसानों को हिरासत में लिया और बसों में भरकर थाने ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि शाम को एचएसआईआईडीसी के एक अधिकारी की शिकायत पर 107 लोगों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई।

## दिल्ली में मिलती रहेगी 200 यूनिट फ्री बिजली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बिजली सब्सिडी की योजना जारी रहेगी। आगामी बजट में सरकार इस योजना के लिए बजट प्रावधान के साथ जल्द कैबिनेट बैठक में अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे सकती है। सूत्रों की मानें तो बिजली सब्सिडी योजना को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ऊर्जा मंत्री आशीष सूद के साथ बैठक में चर्चा हुई है। बताते चलें कि दिल्ली में 200 यूनिट तक खर्च पर बिजली का बिल शून्य आता है। यह योजना 31 मार्च, 2025 तक लागू है।

दिल्ली में 75 फीसदी से अधिक घरेलू बिजली उपभोक्ता इस योजना का लाभ लेते हैं। पिछली सरकार ने बीते साल सात मार्च 2024 को कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी दी थी। वर्ष 2024-25 में बिजली सब्सिडी योजना के लिए 3250 करोड़ रुपये का प्रस्तावित बजट रखा गया था, जिसमें बीते दिसंबर में संशोधित बजट के दौरान 350 करोड़ की वृद्धि की गई है। दिल्ली में फिलहाल 68.51 लाख के करीब बिजली उपभोक्ता हैं।

## दिल्ली की महिलाएं फिर इंतजार कर रहीं; 2500 के बाद होली वाले वादे पर भाजपा को घेर रही आप

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने महिलाओं को 2500 रुपए देने के साथ-साथ हर साल होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर देने का वादा भी किया था। आज से तीन दिन बाद होली है। ऐसे में अब आम आदमी पार्टी ने भाजपा को मुफ्त सिलेंडर का वादा याद दिलाते हुए घेरने की कोशिश की है। पार्टी ने महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को जुमला बताते हुए कहा है कि कहीं होली पर मुफ्त सिलेंडर का वादा भी जुमला तो नहीं निकलेगा।

आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दिल्ली की महिलाएं उनके पार्टी ऑफिस आ रही हैं कि होली में तीन दिन बाकी है। ऐसे में मुफ्त सिलेंडर कब मिलेगा। आतिशी ने कहा, पीएम मोदी और बीजेपी ने 8 मार्च तक महिलाओं को 2500 रुपए देने की गारंटी दी थी लेकिन इसका




रजिस्ट्रेशन तक शुरू नहीं हुआ। इसके साथ ही क्चछ्वक्क ने होली-दिवाली पर एक गैस सिलेंडर मुफ्त देने का वादा किया था। तीन दिन बाद होली है और अब महिलाएं उसका भी इंतजार कर रही हैं।

इससे पहले आतिशी ने ढाई हजार वाली योजना पर बीजेपी को घेरते हुए कहा था, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली की लाखों महिलाएं अपने फोन में 2500 रुपए आने के मैसेज का इंतजार करती रह गईं लेकिन भाजपा की विपदा सरकार ने पैसे नहीं दिए।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया कि आठ मार्च दिल्ली की हर महिला के खाते में ढाई हजार रुपए की राशि आएगी। उन्होंने दिल्ली की महिलाओं को सलाह दी कि आप अपने बैंक के खाते को अपने फोन से लिंक करा लीजिए, क्योंकि 08 मार्च को आपके पास मैसेज आएगा कि आपके खाते में ढाई हजार रुपए पहुंच गए। आज 08 मार्च है, दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही थीं कि कब उनके खाते में 2500 रुपए डलेंगे और कब उनके फोन में मैसेज आएगा।

आतिशी ने कहा कि आज भाजपा की दिल्ली सरकार ने यह साबित कर दिया कि वह मोदी की गारंटी नहीं थी, सिर्फ एक जुमला था।

## बांग्लादेश में फिर हो रही तख्तापलट की साजिश मीडिया रिपोर्टों पर भड़की सेना


**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश सेना ने उन रिपोर्टों पर गहरी चिंता व्यक्त की है, जिनमें सेना के भीतर 'असंतोष' और 'तख्तापलट की आशंका' जताई गई थी। इस पर बांग्लादेश सेना की ओर से मंगलवार रात इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस डायरेक्टोरेट ने आधिकारिक बयान जारी किया। बयान में कहा गया, बांग्लादेश सेना ने हाल ही में भारतीय मीडिया के कुछ संगठनों द्वारा प्रकाशित आधारहीन और झूठी रिपोर्टों को गंभीरता से लिया है। इन रिपोर्टों में बांग्लादेश सेना में कथित असंतोष और कमांड चेन टूटने की बातें कही गई हैं, जो पूरी तरह से निराधार हैं। यह बांग्लादेश और इसकी सेना की स्थिरता को नुकसान पहुंचाने के लिए एक सुनियोजित दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा प्रतीत होता है। बांग्लादेश सेना पूरी तरह संगठित और अनुशासित है तथा संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए संकल्पबद्ध है। बयान में आगे कहा गया, सेना के कमांड चेन में कोई समस्या नहीं है, और सभी अधिकारी, जिनमें वरिष्ठ जनरल भी शामिल हैं, पूरी तरह से संविधान, सेना की कमांड संरचना और बांग्लादेश की जनता के प्रति वफादार हैं। सेना में किसी तरह के असंतोष या बगावत की खबरें पूरी तरह से झूठी और दुर्भावनापूर्ण हैं। बता दें कि बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना देश छोड़कर भारत आ गईं थी और पिछले साल पांच अगस्त से वह यहां हैं। इन व्यापक प्रदर्शन के बाद उनकी अवामी लीग की 16 साल पुरानी सरकार गिर गई थी। इसके बाद मोहम्मद यूनुस ने आठ अगस्त, 2024 को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का कार्यभार संभाला था। इसके बाद से बांग्लादेश में उथल-पुथल का माहौल जारी है। इस बीच बांग्लादेश की पाकिस्तान के साथ करीबी ने इस आशंका को जन्म दिया है कि वहां सेना और अंतरिम सरकार के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है।

## हम चाहते हैं जंग खत्म हो, यूक्रेन सहमत हो गया, अब हमें रूस जाना है: डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब के जेद्दा में शांति वार्ता के बाद यूक्रेन द्वारा युद्ध विराम पर सहमति जताने का स्वागत किया है, साथ ही उम्मीद जताई है कि रूस भी इस पर सहमत होगा। ट्रंप ने मंगलवार (स्थानीय समय) को मीडिया से कहा, यूक्रेन, युद्ध विराम, पर अभी कुछ समय पहले ही सहमति बनी है। अब हमें रूस जाना है और उम्मीद है कि राष्ट्रपति पुतिन भी इस पर सहमत होंगे और हम इस शो को आगे बढ़ा सकते हैं। हम इस भयानक युद्ध को जीत सकते हैं...मुझे रिपोर्ट मिली है और वे अमेरिकी सैनिक नहीं हैं। वे यूक्रेनी हैं और वे रूसी हैं। लेकिन, लोग इसके बाहर मारे जा रहे हैं। शहरों में लोग मारे जा रहे हैं क्योंकि शहरों में विस्फोट हो रहे हैं और हम इस युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। ट्रंप का यह बयान यूक्रेन द्वारा तत्काल, अंतरिम 30-दिवसीय युद्धविराम लागू करने के अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार करने की इच्छा व्यक्त करने के बाद आया है, जिसे पक्षों की आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस भयानक युद्ध में रूस और यूक्रेन दोनों के सैनिक मारे जा रहे हैं, ट्रंप ने कहा कि युद्ध विराम पर पहुंचना बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ट्रंप ने समाचार एजेंसी एएनआई के हवाले से कहा, तो, मुझे लगता है कि यह बहुत बड़ी बात है। मुझे लगता है कि यह ओवल ऑफिस में पिछली यात्रा और पूर्ण युद्ध विराम के बीच एक बड़ा अंतर है।

## 10 साल के बेटे पर बैठी 154 किलो पर मां, दम घुटने से हो गई मौत; पुलिस ने सुनाई सख्त सजा

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका से एक बेहद हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक सौतेली मां अपने 10 साल के बच्चे के ऊपर बैठ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। 10 साल के बच्चे का नाम डकोटा लेवी स्टीवंस और उसकी मां का नाम जेनिफर विल्सन बताया जा रहा है। जेनिफर विल्सन का वजन 154 किलो बताया जा रहा है, जेनिफर ली विल्सन कई मिनट तक उनके ऊपर बैठी रहीं, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि बच्चा दिखावा कर रहा है अपनी परेशानी को बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा है। 25 अप्रैल, 2023 को पुलिस को इस घटना के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने देखा, लड़का बेहोश हो गया था और उसकी नब्ज नहीं चल रही थी। अधिकारियों ने उसे होश में लाने की कोशिश की तो उन्होंने डकोटा की गर्दन और छाती पर चोट के निशान देखे। बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई। विल्सन ने पुलिस को बताया कि उसका इरादा बच्चे को मारने का नहीं था, उसने बताया कि बच्चा डकोटा बार-बार घर के बाहर या पड़ोसी के घर



जा रहा था। उसने सजा देने के लिए ये सब किया। महिला ने कबूल किया कि वह लगभग पांच मिनट तक छोटे लड़के पर बैठी रही। जब डकोटा ने हिलना बंद कर दिया, तो उसे लगा कि वह दिखावा कर रहा है। हालांकि, उसकी पलकों की जांच करने और उन्हें पीला होते देखने के बाद, उसने सीपीआर शुरू किया और 911 पर कॉल किया। अदालत में दायर एक याचिका में विल्सन ने दावा किया कि उसने उसे पकड़ लिया होगा या वह जमीन पर गिर गया होगा, लेकिन उसका इरादा केवल उसे भागने से रोकना था। शव परीक्षण रिपोर्ट से पता चला कि डकोटा की मौत मेकेनिकल एस्पेक्सिया से हुई थी और मौत के तरीके को हत्या माना गया। उसे लीवर और फेफड़ों से रक्तस्राव सहित गंभीर आंतरिक चोटें आईं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, डकोटा का वजन केवल 91 पाउंड और लंबाई 410 बताई गई, जबकि विल्सन की लंबाई 411 और वजन 340 पाउंड था।

## बांग्लादेश में रमजान के दौरान कट्टरपंथी ताकतों का प्रभाव बढ़ा

**ढाका, एजेंसी।**
बांग्लादेश में रमजान के दौरान कट्टरपंथी ताकतों की गतिविधियों में तेजी आई है। खासकर, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद डॉ. मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार पर निष्क्रियता के आरोप लग रहे हैं। कट्टरपंथी संगठन अपने प्रभाव को बढ़ा रहे हैं और कई जगहों पर व्यापारियों को धमकी दी जा रही है कि अगर उन्होंने रमजान में रोजे के समय अपनी दुकानों को बंद नहीं किया, तो उन्हें जबरन बंद कर दिया जाएगा।

रमजान के पहले दिन ही जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख डॉ. शफीकुर्रहमान ने सरकार से मांग की कि दिन में होटलों और रेस्टोरेंट्स को बंद किया जाए। 2 मार्च को चांदपुर जिले के बाजार समिति ने खाद्य दुकानों और होटलों को बंद करने का आदेश दिया था। इसके अलावा मदारीपुर में भी होटलों को बंद करने की धमकी दी गई।

बांग्लादेश में महिलाओं की मॉरल पुलिसिंग तेज हो गई है। सादी वर्दी में तैनात सुरक्षाकर्मी और कट्टरपंथी संगठन महिलाओं पर हिजाब पहनने और सही कपड़े पहनने का दबाव बना रहे हैं। ढाका के श्यामोली क्षेत्र में एक युवक द्वारा सेक्स वर्करों पर हमला करने का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक महिला युवक के पैर पकड़कर माफी मांग रही थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई



नहीं की। कट्टरपंथी संगठनों का कहना है कि बांग्लादेश में महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

ढाका यूनिवर्सिटी के एक कर्मचारी मुस्तफा आसिफ अर्नब ने एक छात्रा से अभद्र टिप्पणी की और उसे हिजाब ठीक से पहनने को कहा। जब छात्रा ने पुलिस में शिकायत की, तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, बाद में कट्टरपंथी समूह तौहीदी जनता ने शाहबाग पुलिस स्टेशन को घेर लिया और आरोपी को रिहा करवा लिया। इसके बाद आरोपी का फूलों से स्वागत भी किया गया। शिकायतकर्ता छात्रा को सोशल मीडिया पर धमकियां मिल रही हैं, और उसका फोन नंबर सार्वजनिक कर दिया गया।

बांग्लादेश में 13 सैन्य अधिकारियों को तख्तापलट की साजिश में शामिल होने के आरोप में निगरानी में रखा गया है। इनमें पाकिस्तान के करीबी लेफ्टिनेंट जनरल फैजुर रहमान भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, रहमान ने पाकिस्तानी राजनयिकों और जमात-ए-इस्लामी के नेताओं के साथ कई बैठकें की थीं, जिनका उद्देश्य सेना प्रमुख वकर-उज-जमान के खिलाफ समर्थन जुटाना था। हालांकि, उन्हें पर्याप्त समर्थन नहीं मिल पाया। मार्च के पहले सप्ताह में रहमान ने प्रमुख डिवीजनल कमांडरों की बैठक बुलाई।

## अमेरिका के उपराष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार भारत आ रहे वेंस, पत्नी उषा भी होंगी साथ

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस इस महीने के अंत में भारत की यात्रा पर आएंगे, उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस भी होंगी।उपराष्ट्रपति के रूप में यह वेंस की दूसरी अंतर्राष्ट्रीय यात्रा होगी, इससे पहले उन्होंने हाल ही में फ्रांस और जर्मनी की यात्रा की थी।

उषा वेंस, जिनके माता-पिता भारत से संयुक्त राज्य अमेरिका चले गए थे, द्वितीय महिला के रूप में पहली बार अपने पैतृक देश का दौरा करेंगी। पिछले महीने फ्रांस और जर्मनी में विश्व मंच पर पदार्पण करने के बाद यह वेंस की उपराष्ट्रपति के रूप में दूसरी विदेश यात्रा है। बताया जा रहा दोनों मार्च के आखिरी हफ्ते तक भारत आ सकते हैं।

हालांकि इस यात्रा के बारे में अभी ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है, लेकिन उनकी ये यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब रूस-यूक्रेन युद्ध विराम के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। इस मुद्दे पर भी दोनों के बीच बातचीत हो सकती है।

भारतीय मूल की है जेडी वेंस की पत्नी उषा

वेंस की भारत यात्रा कूटनीतिक और व्यक्तिगत महत्व रखती है। हाल के सालों में अमेरिका-भारत साझेदारी मजबूत हुई है, खासकर व्यापार और रक्षा के क्षेत्र में।

जैसे-जैसे वैश्विक चुनौतियां सामने आ रही हैं, दोनों देश सुरक्षा से लेकर तकनीक तक के अहम मुद्दों पर एक-दूसरे के साथ मिल रहे हैं।

उषा वेंस की भारतीय विरासत को देखते हुए वेंस की यात्रा कूटनीतिक और व्यक्तिगत दोनों महत्व रखती है।

ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान, उन्होंने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजबूत संबंध बनाए रखे, लेकिन ट्रंप के फिर से चुनाव प्रचार के दौरान तनाव तब पैदा हुआ जब उन्होंने भारत की व्यापार नीतियों की आलोचना की।

# एसडीओ ने मेडिकल स्टोर में की छापेमारी

## बिना पर्ची के कफ सिरप बेचे जाने का मिला सुबूत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न श्रोतों से प्राप्त हो रही शिकायतों को लेकर उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा के नेतृत्व में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, औषधि निरीक्षक (ड्रग इंस्पेक्टर) आदि ने चास शहर के कोठारी मार्केट स्थित न्यू आरके मेडिकल का औचक निरीक्षक किया।

इस दौरान दुकान परिसर के समीप कोडिन युक्त कफ सिरप की खाली बोतल फेंकी पाई गई। अनुमंडल पदाधिकारी चास ने बताया कि उक्त सभी कफ सिरप प्रेसक्रिप्सन (पर्ची) ड्रग्स हैं। इन दवाओं को खरीदने के लिए चिकित्सक का पर्ची होना आवश्यक है। प्रतिष्ठान को उक्त दवा का क्रय - विक्रय अभिलेख का संधारण करना जरूरी होता है। लेकिन, संबंधित मेडिकल दुकान द्वारा इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मामले में औषधि निरीक्षक (ड्रग इंस्पेक्टर) को नियम के तहत कार्रवाई के लिए जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। कहा कि इन दवाओं का खासकर युवा वर्ग/बच्चों द्वारा नशा के लिए सेवन कर दुरूपयोग किया जाता है। किसी मेडिकल दुकान के समीप भारी मात्रा में इन दवाओं का खाली बोतल फेंका जाना। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतित होता है कि उक्त दवा को नशे के रूप में दुरुपयोग कर यहां खाली बोतल को फेंका गया है। टीम ने मौके से 70 से ज्यादा ऐसी दवा की बोतल आस - पास से एकत्र किया। अनुमंडल पदाधिकारी चास ने औषधि निरीक्षक (ड्रग इंस्पेक्टर) को संबंधित कम्पनी एवं आस-पास के दवा दुकानों की भी जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने निरीक्षण से संबंधित एक प्रतिवेदन उपायुक्त को समर्पित करने की बात कहीं।




## अस्मिता खेलों का आयोजन चंदनकियारी स्टेडियम में 24 मार्च को

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया स्कीम के तहत फिट रहने का संदेश के साथ अस्मिता खेलों का आयोजन अगामी 24 मार्च को चंदनकियारी स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें बोकारो जिला अंतर्गत महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए खेलो इंडिया स्कीम द्वारा एथलेटिक्स की क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता होगा। इसमें कोई भी महिला खिलाड़ी किसी भी आयु वर्ग सीमा में भाग ले सकेंगी। झारखंड के कई जिलों में इस प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड खेल प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। इसका आयोजन जिला खेल विभाग द्वारा किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन ने दी।

# होली शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में होगी सम्पन्न : उपायुक्त

## जिला नियंत्रण कक्ष रखेगा असामाजिक तत्वों पर नजर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) पीयूष सिन्हा ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धमार्बांध, कालूबथान, कुमारधुबी,



तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी थाना क्षेत्र में पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। होली के अवसर पर 13 मार्च को दोपहर 2:00 बजे से 16 मार्च की सुबह 6 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जबकि डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार पुलिस पदाधिकारी के वरीय प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311217, 0326 - 2311807 एवं 112 है। होली के अवसर पर मादक पदार्थ एवं शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए सभी उत्पाद निरीक्षक तथा अवर उत्पाद निरीक्षक कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कंट्रोल रूम से दंडाधिकारी एवं पुलिस के साथ संबंधित स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई करेंगे।

**सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी**

धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं धनबाद थाना, बैंक मोड़, सरायढेला, झरिया, निरसा, गोविंदपुर, टुंडी, बाघमारा, कतरास सहित 45 थाना क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी।

**लगातार भ्रमणशील रहेगा पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता**

होली के अवसर पर पुलिस का मोटरसाइकिल दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर डीएसपी, साइबर थाना प्रभारी व्हाट्सएप ग्रुप सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर बनाए रखेंगे। होली के अवसर पर सेंट्रल हॉस्पिटल तथा शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सुपरिंटेंडेंट को इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सकों की टीम प्रतिनियुक्ति करने का आदेश है। जबकि सिविल सर्जन को जिला नियंत्रण कक्ष में पालीवार मेडिकल टीम, सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ, प्रतिनियुक्त करने तथा जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे चिकित्सक, एएनएम सहित स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आदेश है। संयुक्त आदेश में पेयजल आपूर्ति, साफ सफाई, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सीय सुविधा सहित अन्य विषयों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

# संस्कार भारती के होली मिलन में उड़े रंग गुलाल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय साहित्य व ललित कलाओं को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई द्वारा मंगलवार की शाम होली मिलन का आयोजन सेक्टर 4 डी स्थित शिव-हनुमान मंदिर परिसर में किया गया। संस्कार भारती के बोकारो जिला इकाई के महामंत्री स्वरूप शेखर पाण्डेय ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अबीर लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।



इस अवसर पर कलाकारों ने होली गीत, भजन व नृत्य प्रस्तुत कर सबको आनंदित किया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्कार भारती के ध्येय गीत के समवेत गायन से हुई। तत्पश्चात कवि, गायक व संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के साहित्य प्रमुख अरुण पाठक ने होली कनक भवन में खेलत सिया रघुवीर व बिरज में होली खेलत नंदलाल की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभा मोहनन, रजनी पाढ़ी, रुपक पांडेय आदि ने भी होली गीतों व भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को आनंदित कर दिया। हारमोनियम पर शुभम, तबले पर रेवंत जे पाढ़ी व बासुरी पर मुकेश दास ने अच्छी संगति की। उसके बाद नृत्य प्रमुख रजनी पाढ़ी के निर्देशन में श्रुति, आदित्य, नाहिद, जयश्री, प्रियांशु, ऋषभ, सान्वी, अन्वी, प्रणवी, पिहु व अन्य बच्चों ने होली पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर सबकी तालियां बटोरी।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए स्वरूप शेखर पांडेय ने आयोजन में सहयोग के लिए मंदिर के प्रमुख पंडित के के एन तिवारी सहित सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर मुख्य रूप से संस्कार भारती झारखंड इकाई के सह चित्रकला प्रमुख, सरोज कुमार मिश्रा, बोकारो चित्रकला प्रमुख नागेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में इन हाउस ट्रेनिंग संपन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 डी , बोकारो में सी.बी.एस.ई की योजना के तहत इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत जोयफुल लर्निंग विषय पर एक दिन (5 घंटा) का इन हाउस ट्रेनिंग संपन्न किया गया। प्रशिक्षण में सी.बी.एस.ई. के रिसोर्स पर्सन के रूप में विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत के मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने बतलाया कि आज के परिवेश में बालकों के मनोविज्ञान को समझते हुए शिक्षण अधिगम सामग्री एवं अन्य गतिविधियों के द्वारा ,विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से हम कक्षा को कैसे रोचक बना सकते हैं ताकि छात्र पढ़ाई का आनंद ले सकें। सी.बी.एस.ई. के द्वारा इस प्रकार कम से कम 25 घंटे का ऑफलाइन प्रशिक्षण सभी अध्यापकों के लिए आवश्यक किया गया है। जिससे सभी शिक्षक अपने विषय में दक्ष तो बनें ही साथ ही उनकी कक्षाएं और भी रोचक बने ताकि छात्रों का आकर्षण और रुझान पढ़ाई की तरफ बढ़े। इस प्रकार का प्रशिक्षण बालकों के सर्वांगीण विकास करने में हमारी मदद करता है और छात्र कम समय में पाठ की बातों को समझ पाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्यों ने जोयफुल लर्निंग के तहत अपने - अपने विषय का प्रतिपादन करते हुए यह बताया कि किस प्रकार से खेल-खेल में हर विषय को सरल और सुगम बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण के बाद विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी ऊजार्वान दिखे। सभी नेकहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से हमारे अंदर नई ऊर्जा का संचार होता है और हम नई-नई तकनीकों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित होते हैं । सी.बी.एस.ई. द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण हम सभी के लिए लाभप्रद हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित रहे ।



## धनबाद प्रेस क्लब ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गांधी सेवा सदन स्थित धनबाद प्रेस क्लब में बुधवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया इस उल्लास पूर्ण अवसर पर पत्रकारों ने गीत संगीत और रंगों की मस्ती में सभी मिलकर होली का स्वागत किया। पारंपरिक गीतों पर उपस्थित सभी लोग झूम उठे पूरे आयोजन के दौरान अबीर गुलाल उड़ाए गए पत्रकारों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा और महासचिव अजय प्रसाद ने पत्रकारों को बताया होली का पर्व उल्लास पूर्ण का अवसर होता है इसे खूब शांति और सद्भावना के साथ मनाए और एक दूसरे से आपसी बैर भाव भूल कर होली के रंग में रंग जाए बताते चले कि इस अवसर पर लजीज व्यंजन की भी व्यवस्था की गई थी।

# रोटरी क्लब चास ने बेसहारा बच्चों के साथ मनाई होली

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और हंसी लाना सबसे नेक कार्य है। रोटरी क्लब के सदस्यों ने सहयोग विलेज में बच्चों के साथ होली मनाई। रोटरी क्लब के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा सहयोग विलेज के बच्चों के साथ होली मनाना एक बहुत ही नेक और खुशी देने वाला कार्य है। इससे न सिर्फ बच्चों को खुशी मिलती है बल्कि आपके अंदर भी संतोष और आनंद का एहसास होता है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि गुलाल से बच्चों के साथ रोटरी सदस्यों ने होली खेली तथा बच्चों ने आपस में एक दूसरे को अभी लगाकर उत्साह का प्रदर्शन किया। दीवा बैद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए स्वादिष्ट खाने एवं मिठाई के पैकेट के साथ कॉपी, पेन, चॉकलेट और बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललिता चोपड़ा, पूजा बैद, डिंपल कौर, ज्योति अग्रवाल, भाग्यश्री बैद, श्रुति बैद, मनोज सिंह, विजय अग्रवाल, प्रेम शंकर सिंह, अर्चना सिंह, नरेंद्र सिंह, डॉ श्रवण, किरण कुमार, पूर्वी केजरीवाल, रितु अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा।




## संक्षिप्त समाचार

### किड्डेन प्ले ग्रुप में होली मिलन का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर स्थित किड्डेन प्ले ग्रुप में बुधवार को होली मिलन का आयोजन किया गया। राधा कृष्ण की होली थीम पर आधारित इस होली मिलन कार्यक्रम में बच्चों ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। राधा कृष्ण के रूप में सभी बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सबकी तालियां बटोरी। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और जमकर मस्ती भी की। संस्थापिका मधुलिका ने बच्चों और उनके अभिभावकों को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।




### महिला टोली ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के सेक्टर दो बी स्थित एफ रोड़ मुहल्ले में महिला टोली द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने एक दुसरे को गुलाल लगा कर होली की बधाईया दी। वहीं गीत संगीत का भी आयोजन हुअ। जिसमें होली के गीतों पर समारोह में शामिल महिलाए जमके झुमे। होली के गीतों पर शेरो शायरी का दौर देर रात तक चलता रहा। महिलाओं ने स्वदीष्ट वैंजन का लुत्प उठाए। समारोह में रेखा, मधुलिका, अंजु, सुनीता, रम्भा, पूनम, कंचन, गुड़िया, सुजाता,मोना, पिंकी सहित काफी संख्या में महिलाए शामिल थी।



### नगरपालिका चुनाव की तैयारी जोरों पर

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में नगरपालिका चुनाव की तैयारी तेज कर दी गयी है।मतदाता सूची को वार्डवार विखंडित कर मतदान केंद्रवार तैयार कर प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गयी है।इसी क्रम में दिनांक 10 मार्च 2025 को मेदिनीनगर नगर निगम,विश्रामपुर नगर परिषद(वर्ग-ख),छत्तरपुर नगर पंचायत,हुसैनाबाद नगर पंचायत एवं हरिहरगंज नगर पंचायत निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत सभी विनिर्दिष्ट स्थलों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है जिसे एनआईसी पलामू के वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है।उक्त प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावा/आपत्ति दिनांक 20 मार्च 2025 को संबंधित अंचल अधिकारी के कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान प्राप्त किये जायेंगे जिसके पश्चात दिनांक 22 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

# होली को देखते हुए बाजार टांड में दुकानों का औचक निरीक्षण, दो दुकानदारों पर लगा जुर्माना

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खूंटी जिला प्रशासन द्वारा होली पर्व के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी और कार्यपालक दंडाधिकारी, खूंटी की संयुक्त टीम द्वारा जिला मुख्यालय के बाजार टांड स्थित मिठाई दुकानों, भोजनालयों एवं किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी दुकानदारों को खाद्य सामग्री के उचित रख-रखाव, सफाई और नियमित पेस्ट कंट्रोल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन न करने पर कंचन होटल को चेतावनी देते हुए ₹1000 का जुमार्ना लगाया गया और जांच के लिए बूंदिया का नमूना लिया गया। बिरसा भोजनालय को किचन के बर्तन धोने वाले स्थान की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का नोटिस जारी किया गया। वहीं, चाय-नाश्ता दुकान के संचालक प्रमोद कुमार को व्यक्तिगत स्वच्छता और हाइजीन में कमी पाए जाने पर ₹500 का जुमार्ना लगाया गया। जिला प्रशासन ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें, ताकि आमजन को स्वच्छ और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।



# किसानों से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं प्रगतिः उपायुक्त

## उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा की

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग एवं अन्य संबद्ध विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत हुए और संबंधित पदाधिकारियों को किसान एवं पशुपालकों से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए योग्य लाभुकों को योजना से अच्छादित करने का निदेश दिया। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में गति लाने का निदेश दिया। साथ ही कृषि ऋण माफी योजना से किसानों को लाभान्वित करने का निदेश दिया। इसके अलावा फसलों के अच्छादन की जानकारी ली। वहीं समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के तहत पलामू जिले में विकसित किये जा रहे कृषि फॉर्म के कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को निमार्णाधीन कृषि फॉर्म का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया। मत्स्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने मत्स्य पालन की दिशा में बेहतर कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने आदिम जनजाति परिवारों को मत्स्य पालन के लिए जागरूक करते हुए मत्स्य पालन की दिशा में प्रोत्साहित करने का निदेश दिया। साथ ही बायोफ्लॉक तकनीक के माध्यम से मछली पालन की दिशा में कार्य करने का निदेश दिया, ताकि पलामू में मछली उत्पादन एवं मछली के बीज उत्पादन को बढ़ावा मिल सके और पलामू को मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने पलामू में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए नर्सरी को विकसित करने का निदेश दिया। वहीं गव्य विकास की ओर से संचालित योजनाओं में प्रगति लाने एवं वर्मी कम्पोष्ट की स्थिति में सुधार लाने का निदेश दिया। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग, सहकारिता एवं भूमि संरक्षण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र प्रबंधक दिलीप कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, मत्स्य पदाधिकारी मो. कमरू जमां, गव्य विकास पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।



# कैंप के आयोजन से आवास योजना का लाभ देने में आएगी गतिः उप विकास आयुक्त

## जिले की हर पंचायतों में लगा आवास कैम्प, आवास संबंधी सभी समस्याओं का हुआ निराकरण

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत लाभुकों को विभिन्न किस्तों के भुगतान किए जाने एवं आवास संबंधी सभी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आज जिले के विभिन्न पंचायतों में कैंप का आयोजन किया गया। पंचायतों के पंचायत भवनों में आयोजित विशेष कैंप में आवास से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। कैंप में स्थानीय लाभुकों की भीड़ लगी रही। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि कैंप के आयोजन से लाभुकों को आवास योजना का लाभ देने के कार्य में प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि इसके सफल आयोजन में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कॉ-ऑर्डिनेटर्स सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी-कर्मियों का काफी सहयोग रहा। आमजनों ने भी सहयोग करते हुए आवास से संबंधित समस्याओं को रखा, जिसका निदान किया गया। साथ ही लाभुकों को जल्द आवास पूर्ण करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के लिए प्रत्येक बुधवार को जिले के हरेक पंचायतों में आवास कैंप लगाया जाएगा। कैंप के माध्यम से आवास संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने पंचायत/गांव स्तर पर प्रधानमंत्री/अबुआ आवास योजना के लाभुकों को आवास निर्माण में सहायता प्रदान करने के लिए जेएसएलपीएस के द्वारा गठित एवं संचालित ग्राम संगठन से सहायता लेने का निदेश दिया है। साथ ही स्वीकृत लाभुकों को सहयोग राशि की किस्तों के भुगतान में एकरूपता, अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाये रखे जाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा दिए गए निदेश का अनुपालन करने का निदेश दिया है। उन्होंने स्वीकृत लाभुकों को लंबित किस्तों का भुगतान माह के किसी एक सप्ताह के निर्धारित बुधवार को ही करने का निदेश दिया। साथ ही चार समूहों में से प्रत्येक समूह को माह के चार में से किसी एक सप्ताह के बुधवार को ही राशि भुगतान किया जाए। उन्होंने निर्धारित बुधवार को संबंधित पंचायत सचिव, संबंधित पंचायत के ग्राम संगठन, प्रखंड समन्वयक तथा लाभुक निर्धारित स्थल (पंचायत भवन) पर एकत्र होकर आवास निर्माण संबंधी समस्याओं की चर्चा करने तथा अगली किस्त की अहर्ता पूर्ण करने वाले लाभुकों को संबंधित किस्तों का भुगतान करने का निदेश दिया है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK